वर्ष 73 ⏩ अंक 256 ⏩ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 14 जून, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2083
नगर ⏩ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

# दैनिक जागरण रविवारीय


> मुझे पता है कि मैं बुद्धिमान हूं, क्योंकि मुझे पता है कि मैं कुछ नहीं जानता।
> -सुकरात






## असम के जोरहाट में वायुसेना के हवाई अड्डे पर परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त

# 2 अफसरों और सार्जेंट समेत 5 की मौत

**जोरहाट, जेएनएन।** असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। दानिश बिहार के तो खेमाराम राजस्थान के रहने वाले थे। सार्जेंट जितेंद्र उत्तर प्रदेश से थे। तीनों की शादी की बात चल रही थी। इस हादसे में एक को-पायलट घायल हो गया है। हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है।

इंडियन एयरफोर्स ने बताया कि विमान रूटीन उड़ान पर था। साथ ही अपील की कि शुरुआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है।






स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह | फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम | सार्जेंट जितेंद्र शर्मा | अग्निवीरवायु खेमाराम | अग्निवीरवायु दानिश

### पुराने विमानों को बदलने की तैयारी

भारतीय वायुसेना अपने पुराने एएन-32 और आईएल-76 मालवाहक विमानों को बदलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए नए मीडियम परिवहन एयरक्राफ्ट (एमटीए यानी मध्यम परिवहन विमान) खरीदे जाएंगे, ताकि भविष्य में सैनिकों, हथियारों की ढुलाई की जा सकें।



### 40 साल पुराने मालवाहक विमान की खास बातें

- भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का एएन-32 परिवहन विमान वास्तव में करीब 40 वर्ष पुराना था।
- सोवियत संघ के साथ हुए सौदे के तहत इसे आधिकारिक तौर पर 1984 में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था।
- विमान की अनुमानित लागत लगभग 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 142.81 करोड़ रुपये) है।
- यह भारतीय वायु सेना के लिए 'वर्कहॉर्स' (रीढ़ की हड्डी) के रूप में कार्य करता है।
- इसे सोवियत संघ के एंटोनोव डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा विशेष रूप से ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों और गर्म मौसम में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है।
- यह 50 सैनिकों या 7.5 टन तक का वजन ले जाने में सक्षम था।

## धीरज सेठ होंगे नए सेना प्रमुख

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ भारतीय थल सेना के अगले प्रमुख होंगे। वह 30 जून, 2026 की दोपहर को जनरल का पदभार संभालेंगे।



वर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी 30 जून, 2026 को अपनी सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिसके बाद वर्तमान में थल सेना के उप-प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ सेना की कमान अपने हाथों में लेंगे। लगभग चार दशकों के अपने शानदार सैन्य करियर में उन्होंने सेना के आधुनिकीकरण और युद्ध में अभूतपूर्व योगदान दिया है।






# 'बिल में घुसे संपोलों को बाहर निकालने में पुलिस सक्षम'

### आईजी-एडीजी कॉन्फ्रेंस में सीएम ने अफसरों को दिया टारगेट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार को पीएचक्यू में आईजी, एडीजी और डीजी कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इस दौरान ढाई साल के कार्यकाल की समीक्षा करते हुए भविष्य की तैयारी को लेकर अफसरों को निर्देश दिए। शनिवार सुबह 11.30 बजे शुरू हुई बैठक में सीएम डॉ मोहन यादव ने सबसे पहले देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार संदिग्ध फिरोज और उसके साथी नईम अब्दुल्ला की गिरफ्तारी के लिए एटीएस एवं भोजशाला के फैसले के बाद प्रदेश में लॉ इंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को बधाई दी।

उन्होंने कहा एमपी शांति का अटल टापू है और पाकिस्तान के संपर्क में रहकर भारत के लिए खतरा बनने वालों को जड़ से उखाड़ फेंका जाए। उन्हेंने आंतरिक सुरक्षा के नजरिए से इंटेलिजेंस नेटवर्क का दायरा बढ़ाने और साजिश रचने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। समीक्षा के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिल में घुसे देश विरोधी संपोलों को पुलिस बाहर निकालने में सक्षम है।

सीएम ने अफसरों को टारगेट देते हुए कहा कि नक्सलवाद की तरह प्रदेश की पुलिस ऐसे अपराधियों को टाइम लिमिट से पहले जड़ से उखाड़ फेंकें। मादक पदार्थों की तस्करी के खात्मे के लिए केंद्र सरकार ने पांच साल की टाइम लिमिट तय की है। नशामुक्ति को लेकर चलाए गए इस कैंपेन को विश्व रिकॉर्ड में शामिल किया गया था। इसके अलावा प्रदेश में साइबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं पर भी सीएम ने कहा कि इससे निपटने के लिए एक्शन और जागरूकता दोनों जरूरी है।



### कांग्रेस पर भी कसा तंज, दी नसीहत

समीक्षा बैठक के बाद प्रेस से चर्चा के दौरान सीएम ने एक बार फिर विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधा। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज होने और भाजपा के तीनों सासंदों के निर्विरोध निर्वाचन पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अब अपनी हार पचा ही नहीं पा रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट से भी हर जगह शिकस्त मिली। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस, भाजपा पर आरोप लगाने के बजाय अपने अंदर झांककर देखे। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने मिलकर नक्सलवाद को टाइम लिमिट से तीन माह पहले ही खत्म करा प्रदेश के प्रभावित जिलों में विकास की नई राह तैयार की है, जबकि कांग्रेसराज में एक मंत्री की ही हत्या नक्सलियों ने कर दी थी।

## मोदी फ्रांस-स्लोवाकिया की 6 दिन की यात्रा पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह फ्रांस और स्लोवाकिया की 6 दिनों की यात्रा पर रवाना हो गए। उनकी यह यात्रा 13 से 18 जून तक चलेगी। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। वे 13-14 जून को फ्रांस के नीस शहर में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।



साथ ही 'इंडिया इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। पीएम 14 जून को स्लोवाकिया रवाना हो जाएंगे। यहां 15 जून तक रुकेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री रोबर्ट फिको और राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रीनी से मुलाकात करेंगे। 1993 में स्लोवाकिया के आजाद देश बनने के बाद किसी भारतीय पीएम का यह पहला दौरा है। मोदी 16 जून को वापस फ्रांस लौटेंगे। फिर 17 जून को एवियन शहर में जी7 समिट (शिखर सम्मेलन) में हिस्सा लेंगे। समिट में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नई साझेदारियों और एआई के मुद्दे पर चर्चा होगी। पीएम जी7 समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सहित कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। जी7 यानी 'ग्रुप ऑफ सेवन', दुनिया के उन 7 देशों का समूह है, जिन्हें 'मॉडर्न इकोनॉमी' वाला देश कहा जाता है। इनमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी शामिल हैं।






**ग्रीन एनर्जी** | वाशिंगटन में शुरू हुआ देश का पहला कमर्शियल प्लांट

# पानी व कार्बन डाइऑक्साइड से बनेगा ईंधन

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के वाशिंगटन में अमेरिका का पहला ऐसा कमर्शियल प्लांट शुरू हुआ है, जहां हवा में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड गैस और ग्रीन बिजली का इस्तेमाल करके हवाई जहाज का ईंधन बनाया जाएगा। बता दें कि ग्रीन बिजली प्रकृति के उन साधनों से बनाई जाती है, जो कभी खत्म नहीं होते जैसे सौर ऊर्जा। यह अपने तरह का पहला बड़ा और कमर्शियल प्लांट है। यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जो भविष्य में हवाई जहाज का ईंधन बनाने के तरीके को पूरी तरह से बदल सकती है।

कैलिफोर्निया की इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (औद्योगिक तकनीक) कंपनी ट्वेल्व ने वाशिंगटन के मोसेस लेक में एयरप्लांट वन (एयरप्लांट वन) का उद्घाटन किया है। इस फैक्ट्री में ई-जेट ईंधन बनाया जाता है। यह इंसानों द्वारा प्रयोगशाला या फैक्ट्री में तैयार किया गया एक ऐसा आर्टिफिशियल (कृत्रिम) ईंधन है, जो पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे बनाने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड, पानी और ग्रीन बिजली (जैसे सोलर या विंड एनर्जी यानी सौर या पवन ऊर्जा) को एक खास तरीके से आपस में मिलाया जाता है।



### कच्चे तेल की जरूरत नहीं

बिजली-से-ईंधन बनाने की यह तकनीक अब सिर्फ प्रयोगशालाओं या टेस्टिंग तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल शुरू हो गया है। यह तकनीक देश के भीतर ही ईंधन बनाने का एक ऐसा नया तरीका है, जिसके लिए जमीन से कच्चा तेल निकालने की जरूरत नहीं है। हवाई जहाज के ईंधन के अलावा, यह फैक्ट्री 'ई-नैफ्था' भी बनाती है। यह एक ऐसा केमिकल है, जिससे रोजमर्रा के काम में इस्तेमाल होने वाली हजारों चीजें बनाई जाती हैं।

### मौजूदा तकनीक से काफी अलग

यह तकनीक अभी डेवलप हो रहे कई सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (सैफ यानी संधारणीय विमानन ईंधन) तरीकों से अलग है। सैफ बनाने के ज्यादातर तरीकों में बायोलॉजिकल फीडस्टॉक (जैविक कच्चे माल) का इस्तेमाल होता है, जैसे इस्तेमाल किया हुआ कुकिंग ऑयल (खाना पकाने का तेल), खेती का कचरा और दूसरे ऑर्गेनिक मटीरियल । इन संसाधनों के साथ जमीन की उपलब्धता और सप्लाई से जुड़ी कई सीमाएं हैं। इसके बजाय, पावर-टू-लिक्विड के प्रोडक्शन (उत्पादन) में कैप्चर (सोखी गई) की गई कार्बन डाइऑक्साइड और नवीकरणीय बिजली का इस्तेमाल होता है।

# एकेएस ने राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन निर्माण सामग्री परिषद के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर




**जागरण, सतना।** उद्योग एवं शिक्षाजगत के मध्य सहयोग को सुदृढ़ बनाने तथा सीमेंट एवं निर्माण क्षेत्र में अनुसंधान नवाचार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एकेएस विश्वविद्यालय सतना ने राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन निर्माण सामग्री परिषद बल्लभगढ़ हरियाणा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एनसीबी भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत एक शीर्ष अनुसंधान संस्थान है जो सीमेंट कंक्रीट एवं भवन निर्माण सामग्री उद्योगों के लिए अनुसंधान प्रौद्योगिकी विकास प्रशिक्षण परामर्श तथा औद्योगिक सेवाओं के क्षेत्र में कार्यरत है। समझौता ज्ञापन पर 9 जून 2026 को एकेएस के प्रो.चांसलर एवं चेयरमैन अनंत कुमार सोनी तथा एनसीबी बल्लभगढ़ के महानिदेशक डॉ एल पी सिंह ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य सीमेंट टेक्नोलॉजी सिविल इंजीनियरिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग रसायन विज्ञान तथा अन्य संबद्ध विषयों में शैक्षणिक उत्कृष्टता अनुसंधान सहयोग एवं क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित करना है। विद्यार्थियों को इंटर्नशिप औद्योगिक प्रशिक्षण तथा एनसीबी की उन्नत अनुसंधान सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। इस सहयोग की एक विशेष उपलब्धि सीमेंट टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक एनसीबी सीमेंट सिम्युलेटर पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान करना है जिससे उन्हें आधुनिक सीमेंट निर्माण प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय सुविधाओं के साझा उपयोग वैज्ञानिक ज्ञान एवं विशेषज्ञता के आदान.प्रदान तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठियों कार्यशालाओं प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सम्मेलनों के संयुक्त आयोजन का भी मार्ग प्रशस्त करेगा। समझौते का एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि एनसीबी को एकेएस विश्वविद्यालय के बाह्य अनुसंधान केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत एनसीबी के वैज्ञानिक एवं अभियंता यूजीसी दिशा.निर्देशों के अनुरूप दोनों संस्थानों के संयुक्त मार्गदर्शन में एकेएस विश्वविद्यालय से पीएचडी कार्यक्रम में पंजीकरण करा सकेंगे। इस अवसर पर एकेएस विश्वविद्यालय सतना के प्रो जी सी मिश्रा प्रो.वाइस चांसलर तथा एनसीबी बल्लभगढ़ के डॉ कपिल कुकरेजा एचओसी.सीएमई उपस्थित रहे। यह समझौता प्रारंभिक रूप से पाँच वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।

## जनसुनवाई में उठाया गया अमदरा बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय पर अवैध कब्जे का मामला

**अमदरा।** शनिवार को ग्राम पंचायत नौगवां में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अमदरा बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक यात्री प्रतीक्षालय पर कथित अवैध कब्जा एवं किराये पर व्यवसाय संचालन का मामला प्रमुखता से उठाया गया। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की। जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदन के अनुसारए अमदरा बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए निर्मित शासकीय यात्री प्रतीक्षालय पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर निजी व्यवसाय संचालित किया जा रहा है। आरोप है कि सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए गए प्रतीक्षालय का उपयोग निजी आर्थिक लाभ के लिए किया जा रहा हैए जिससे यात्रियों एवं आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर मैहर सहित संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यदि शिकायत सही पाई जाती है तो तत्काल अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक संपत्ति को मुक्त कराया जाए। साथ ही सार्वजनिक संपत्ति से निजी लाभ अर्जित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए। जनसुनवाई में अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अब स्थानीय लोगों की निगाहें प्रशासनिक जांच और उसके परिणाम पर टिकी हुई हैं।

## विपक्ष पर साधा निशाना, मोदी कार्यकाल को बताया सुशासन और विकास की सरकार



**जागरण, सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवाए सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को नागौद विधानसभा क्षेत्र के भरहुत मंडल के गोवराव खुर्द में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सतना सांसद गणेश सिंह ने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर जनसंवाद किया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से हुई। इस दौरान उन्होंने भरहुत मंडल अंतर्गत गोवराव खुर्द के भरहुत मोड में एक पेड़ मां के नाम से पौधों को रोपा। इस अवसर पर पर्यावरण सरंक्षणए जल संवर्धनए एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संदेश दिया। चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि देश की जनता को यह तय करना है कि उसे भ्रष्टाचार और देश को लूटने वाली सरकार चाहिए या सुशासन और विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार। उन्होंने कहा कि पूर्व में केवल गरीबी हटाने के नारे दिए गएए जबकि सुशासन और विकास का वास्तविक मॉडल देश ने देखा है। सांसद ने कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनी थीए तब देश और दुनिया ने उसे सुशासन एवं विकास का मॉडल बताया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने भारी समर्थन देकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया और तब से देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

## मार्कण्डेय तपोस्थली में निषादराज की प्रतिमा स्थापना की मांग

**जागरण,रामनगर।** पावन तपोस्थली महर्षि मार्कण्डेय धाम में भगवान श्रीराम के सखा और निषाद समाज के आराध्य महाराज निषादराज की भव्य प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग को लेकर निषादवंशी मांझी मछुआ केवट सिंगरहा सामाजिक संगठन जिला इकाई मैहर सतना के पदाधिकारियों ने सांसद गणेश सिंह को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष शिवप्रताप सिंगरहा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि महर्षि मार्कण्डेय तपोस्थली धार्मिक आस्था के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखने वाला स्थल है। यहां महाराज निषादराज की प्रतिमा स्थापित होने से क्षेत्र की धार्मिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी और समाज की भावनाओं का सम्मान होगा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि महाराज निषादराज त्याग, सेवा, मित्रता और समर्पण के प्रतीक रहे हैं। भगवान श्रीराम के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी प्रतिमा स्थापित होने से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और महापुरुषों के आदर्शों को समझने का अवसर मिलेगा। संगठन के पदाधिकारियों ने सांसद से आग्रह किया कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तपोस्थली में महाराज निषादराज की प्रतिमा स्थापना के लिए आवश्यक पहल की जाए। उन्होंने कहा कि यह मांग लंबे समय से समाज की आस्था और भावनाओं से जुड़ी हुई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक प्रकाश चंद्र केवट, जिला कोषाध्यक्ष वंशगोपाल केवट, वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रभान केवट, मोतीलाल सिंगरहा, विमल केवट, रामस्वरूप सिंगरहा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव : निर्वाचन समिति की बैठक संपन्न

## कई अहम मुद्दों पर हुआ निर्णय



**जागरण, सतना।** जिला अधिवक्ता संघ सतना के निर्वाचन कार्यालय मे शनिवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश मिश्रा शासकीय अभिभाषक लोक अभियोजक की अध्यक्षता मे निर्वाचन समिति के सलाहकार सदस्यों एवं सहा निर्वाचन अधिकारियों पर्यवेक्षकों की एक अति.महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक मे सलाहकार समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र सिंह बघेल रामरुप पटेल जितेंद्र सिंह परिहार सहायक निर्वाचन अधिकारी एजीपी उमेश शर्मा गिरजेश पाण्डे रावेन्द्र सिंह राघवेंद्र सिंह सुनील निगम अखिलेश अवधिया राजेश मिश्रा कमलेश द्विवेदी पर्यवेक्षक विपिन सिंह टिंकू मानसमणि मिश्रा रजनीश सिंह मिडिया सहयोगी दिलीप क्षिरसागर पुष्पेंद्र मिश्रा गोरेलाल उपस्थित रहें । बैठक में संघ के आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कई संवेदनशील और अनिवार्य विषयों पर गहन विचार.विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से निर्णय लिए गएए विभिन्न अधिवक्ताओं से प्राप्त हुए आवेदन पत्रों और शिकायती पत्रों पर समिति द्वारा बिंदुवार समीक्षा की गई सभी पक्षों और नियमों को ध्यान में रखते हुए इन शिकायतों का त्वरित व वैधानिक निराकरण किया गया तथा शिकायती आवेदन पर मत अपेक्षित है एक अधिवक्ता के संबंध में राज्य अधिवक्ता परिषद से प्राप्त हुए दिशा.निर्देशों पर गंभीरता से विचार किया गया समिति ने सर्वसम्मति से परिषद के आदेशों और निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्णय लियाएचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए अन्य आवश्यक संगठनात्मक और प्रशासनिक विषयों पर भी आवश्यक समितियां बनाई गईं। अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी श्रवण पाठक ने जानकारी दी की एक अधिवक्ता एक ही पद के लिए नामांकन आवेदन अधिकतम दो की संख्या मे प्रस्तुत कर सकेंगे तथा निर्वाचन मे भाग लेने वाले अधिवक्ताओं का नामांकन शुल्क वापस नहीं होगा । श्री पाठक ने बताया 15 जून से नामांकन आवेदन आमंत्रित है तथा 1775 अधिवक्ता निर्वाचन एवं मतदान मे भाग लें सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश मिश्रा ने सभी उपस्थित सलाहकार सदस्यों एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों पर्यवेक्षकों का उनके अमूल्य सुझावों और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## मानव जीवन का उद्देश्य प्रभु भक्ति एवं सेवा : स्वामी ईश्वरदास



**जागरण, सतना।** संतों की पावन वाणी सदैव मानव जीवन को नई दिशा प्रदान करती है। इसी क्रम में परम पूज्य श्रद्धेय स्वामी ईश्वरदास उदासीन जी महाराज ने अपने आशीष वचनों में कहा कि मानव जीवन परमात्मा का अनुपम उपहार है। इस दुर्लभ जीवन का वास्तविक उद्देश्य प्रभु स्मरणए सत्संग सेवा और परोपकार के मार्ग पर चलकर आत्मकल्याण करना है। स्वामी ने फरमाया कि संसार की भौतिक वस्तुएँ क्षणभंगुर हैं जबकि ईश्वर भक्ति और सत्कर्म ही मनुष्य के साथ अंत तक रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस हृदय में प्रेम दया करुणा और सेवा का भाव जागृत होता हैए वहाँ स्वयं प्रभु का वास होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सदाचार संयम और मानवता के मूल्यों को अपनाना चाहिए। स्वामी ईश्वरदास उदासीन महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि प्रभु नाम का स्मरण सेवा और सद्कर्म ही जीवन की सच्ची पूंजी है। इन दिव्य आशीष वचनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव.विभोर हो गए तथा उन्होंने अपने जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

## सिलपरी में श्री राम जन्मोत्सव पर गूंजा जय श्री राम का उद्घोष



**सतना।** ग्राम सिलपरी स्थित सिद्धपीठ बुढ़ऊ बाबा हनुमान धाम एवं साधना स्थली स्वामी ललियादास बाबा के प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा के अंतर्गत भगवान श्रीराम का पावन जन्मोत्सव परम् श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें भगवान श्रीराम जी का प्राकट्य होते ही शंखनाद घंटानाद तथा पुष्पवर्षा के साथ ही सम्पूर्ण भक्तिमय वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा एवं समस्त श्रद्धालुजन अत्यन्त भावुक हो उठे उपरोक्त चल रही भव्य एवं दिव्य श्री राम कथा को लेकर कथा स्थल ही नहीं अपितु स्थानीय व क्षेत्रीय ग्रामवासियों श्रद्धालुओं में भारी कौतूहल एवं उत्साह देखा जा रहा है। कथा व्यास जगद्गुरु रामानंदाचार्य वल्लभाचार्य महाराज जी द्वारा भगवान श्रीराम के दिव्य प्राकट्य प्रसंग का अत्यन्त भावपूर्ण वर्णन किया गया। आयोजन समिति द्वारा कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है जिसमें रामलला के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष आरती भजन.कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया स आयोजन समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त परम् स्नेही श्रद्धालुओं से इस पुनीत अवसर पर नित्य ही परिवार सहित उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन में पधारकर व सहभागिता करने का पुरजोर आग्रह करते हुए इस ईश्वर रूपी पुण्य सलिला में डुबकी लगाकर अपना अमूल्य जीवन धन्य व कृतार्थ करें सिद्धपीठ बुढ़ऊ बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा का आयोजन 19 जून तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से 7 बजे तक किया जा रहा है।

## सूने मकान में चोरी की वारदात



**सतना ।** रामपुर बाघेलान नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 तहसील के पास राजेंद्र यादव पिता रामलाल यादव के मकान में अज्ञात चोरों ने सूना घर देख धावा बोल दिया सीसीटीवी कैमरा लगा होने के बावजूद चोरों ने निडरता दिखाते हुए दो पहिया वाहन से आकर कैमरा तोड़कर घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जिनकी कुछ फुटेज भी सामने आई हैं। जिसमें उन्होंने अलमारी में रखा तकरीबन 10 से 12000 के जेवरात पार कर दिए और घर में रखा सारा सामान तोड़फोड़ कर तितर बितर कर दिया।

# दो दिनों में 2209 आवेदनों का निराकरण, भरहुत नगर में 389 प्रकरणों का मौके पर समाधान

## पेंशन पीएम स्वनिधि सहित विभिन्न योजनाओं के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे हितग्राही




**जागरण, सतना।** नगर पालिक निगम सतना द्वारा आयोजित जनकल्याण शिविर 2026 के दूसरे चरण में आज दिनांक 13 जून 2026 को सामुदायिक भवनए भरहुत नगर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 450 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से 389 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान की गई जबकि शेष प्रकरणों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त आवेदनों में पेंशन एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से संबंधित प्रकरणों की संख्या सर्वाधिक रही। मंगल भवन धवारी में आयोजित प्रथम चरण में 2022 आवेदनों में से 1820 प्रकरणों के निराकरण के बाद दूसरे दिन भी शिविर को नागरिकों का उत्साहजनक प्रतिसाद मिला। इसके साथ ही जनकल्याण शिविर के पहले दो दिनों में कुल 2209 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर दिनभर नागरिकों की आवाजाही बनी रही तथा बड़ी संख्या में लोगों ने मौके पर ही अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। डॉ शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना के निर्देशन एवं उपायुक्त सत्यम मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई की। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए आवेदन एवं पंजीयन की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई। शिविर में नगर पालिक निगम सतना के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने शिविर का निरीक्षण कर विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े सभी मामलों का समयबद्ध पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएए ताकि नागरिकों को शासन की सेवाओं का लाभ सरलता और सहजता से प्राप्त हो सके। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ,आदित्य यादव समाजसेवी शारदा तिवारी अजय यादव एवं समर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन में कार्यपालन यंत्री केपी गुप्ता सहायक यंत्री आकाश बट्टी सहायक यंत्री रविराज सिंह तथा नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।मंच संचालन का कार्य दीपक शर्मा योजना प्रभारी द्वारा किया गया।

## भगदेवरा के कोल गढ़ी में मनाया गया बिरसा मुंडा का शहादत दिवस



**जागरण, सतना।** सर्व आदिवासी समाज संगठन के तत्वावधान में आदिवासी जननायक अमर शहीद धरती आवा बिरसा मुंडा जी का 126 वां शहादत दिवस एवं कोल आदिवासी महासम्मेलन का भव्य कार्यक्रम रामपुर बघेलान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय भगदेवरा में सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामलाल रौतेल अध्यक्ष म प्र राज्य स्तरीय अनुसूचित जनजाति आयोग म प्र शासन भोपाल अध्यक्षता शिवशंकर प्रसाद गौंटिया प्रदेश उपाध्यक्ष म प्र कोल आदिवासी समाज सेवा संघ ने की विशिष्ट अतिथि गणेश सिंह सांसद सतना रामखेलावन कोल अध्यक्ष जिला पंचायत सतना रावेन्द्र सिंह छोटू आर बी कोल प्रदेश सचिव कोल जनजाति विकास संस्थान रामसजीवन कोल कैलाश कोल श्रीमती मालवा कोल जिला अध्यक्ष सतना लक्ष्मण रावत जिला अध्यक्ष सतना अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ अनिल साकेत जनपद सदस्य प्रेमलाल कोल सिंगरौली नन्द गोपाल कोल सिंगरौली रोहित रावत सीधी मुन्नीलाल कोल सरपंच जीतनगर नंदकिशोर सिंह नन्दू श्रीमती गायत्री कोल जिला अध्यक्ष श्रीमती गीता रावत श्रीमती सोमवती कोल कार्यक्रम का सफल संचालन रमेश प्रसाद कोल अध्यक्ष विंध्य क्षेत्र म प्र कोल आदिवासी समाज सेवा संघ के द्वारा किया गया आयोजक कमेटी से धर्मेंद्र कोल उपाध्यक्ष विंध्य क्षेत्र अभयराज रावत सुरेन्द्र रावत राकेश रावत सुदर्शन कोल हरदास कोल श्यामलाल कोल नन्थू कोल सुखलाल कोल बद्री कोल कार्यक्रम में काफ़ी संख्या में ग्रामीणजनो सागा समाज की उपस्थिति रही।

# भाजपा का विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आज

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला रहेंगे मौजूद प्रबुद्धजन एवं व्यापारियों से करेंगे संगोष्ठी



**जागरण, सतना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमो के अन्तर्गत आज 14 जून को व्यंकटेश लोक परिसर मे सायं 06 बजे विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मुख्यआतिथ्य एवं प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी सांसद गणेश सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय विधायक नागेन्द्र सिंह सुरेन्द्र सिंह गहरवार विक्रम सिंह चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी के विशिष्ट आतिथ्य मे होने वाले इस सम्मेलन मे जिले के प्रबुद्धजन व्यापारी बंधु डाक्टर इंजीनियर स्वयं सेवी संस्थाओ वकील चार्टेड एकाएटेंट शिक्षाविद समाजिक संगठनो से संगोष्ठी एवं संवाद किया जायेगा। विकसित भारत सम्मेलन के संयोजक ऋषभ सिंह एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन के संयोजक विजय तिवारी ने जिले के सभी प्रबुद्धजनो व्यापारी बंधु डाक्टर इंजीनियर स्वयं सेवी संस्थाओ वकील चार्टेड एकाएटेंट शिक्षाविद समाजिक संगठनो से उक्त कार्यक्रमो मे शामिल होने की अपील की है।

# कांग्रेस को झटका, वरिष्ठ नेता ओपी गौतम ने थामा भाजपा का दामन




**जागरण,मैहर।** विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में शनिवार को बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया। ग्राम पंचायत करैया बिजुरिया के दो बार सरपंच रह चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओपी गौतम ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की मौजूदगी में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली।

बताया गया कि क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ओपी गौतम ने भाजपा सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। सदस्यता ग्रहण करने के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा में शामिल होने के बाद ओपी गौतम ने कहा कि यदि मन में समाज और क्षेत्र के लिए कुछ करने का संकल्प हो तो भाजपा जैसा मंच जनसेवा के लिए बेहतर अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अब वह पार्टी के साथ जुड़कर क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा की नीतियों और सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग संगठन से जुड़ रहे हैं। नए कार्यकर्ताओं के आने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलती है और जनसेवा का अभियान आगे बढ़ता है। ओपी गौतम के भाजपा में शामिल होने को मैहर क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े रहे गौतम के भाजपा में आने से क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी चर्चा शुरू हो गई है।

# भाजपा कार्यक्रम में मंच पर विवाद, मंडल महामंत्री ने पूर्व मंत्री के भाई पर लगाया मारपीट का आरोप

**अमरपाटन, ताला।** मैहर जिले की अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र के ताला मंडल में शुक्रवार देर शाम भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में उस समय हंगामा हो गया, जब मंच पर ही विवाद की स्थिति बन गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा ताला मंडल महामंत्री मनीष चतुर्वेदी और पूर्व राज्यमंत्री के भाई विजय पटेल के बीच कहासुनी होने के बाद मामला मारपीट के आरोप तक पहुंच गया। घटना के बाद राजनीतिक क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। भाजपा ताला मंडल महामंत्री मनीष चतुर्वेदी ने ताला थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान वह मंच का संचालन कर रहे थे। इसी बीच विजय पटेल ने उनके हाथ से माइक ले लिया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। बताया गया कि जिस समय यह विवाद हुआ, उस समय मंच पर सांसद गणेश सिंह और पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद थे। मंच पर हुए इस घटनाक्रम के बाद कार्यक्रम स्थल पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी की स्थिति बन गई। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर रात मनीष चतुर्वेदी भाजपा के कुछ पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ ताला थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने विजय पटेल के खिलाफ मारपीट और धमकी देने संबंधी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर तथ्यों की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। भाजपा के कार्यक्रम में मंच पर हुए इस विवाद को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि पूरे मामले में पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



वर्ष 73 ▸ अंक 256 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 14 जून, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

# दैनिक जागरण
रविवारीय

"जिस चीज से आपको प्यार है, उसकी सुंदरता को ही अपना काम बना लें।
-रूमी

**देवास:** वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों का हमला, बरसाए पत्थर

# छह वनकर्मी घायल, तीन के सिर फूटे, आठ वाहनों में तोड़फोड़ भी





पत्थरबाजी में घायल महिला वनकर्मी, कई कर्मचारियों ने खेतों में भागकर बचाई जान। हमले में घायल कर्मचारी उपचार कराते हुए।

**जागरण, देवास।** प्रदेश के देवास जिले में कमलापुर इलाके में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जमकर बवाल हुआ। शनिवार सुबह कार्रवाई के लिए पहुंची वन-विभाग और पुलिस की टीम को करीब 100 ग्रामीणों ने घेरकर हमला बोल दिया। उपद्रवियों ने आधे घंटे तक पत्थर और गोफन बरसाए। इस दौरान 8 वाहनों में तोड़फोड़ की गई। एक जेसीबी मशीन भी क्षतिग्रस्त हुई है। घटना में छह वनकर्मी घायल हुए हैं। इनमें तीन कर्मियों के सिर फूटे हैं, जिन्हें गंभीर चोट आई है। पूरी घटना का ड्रोन वीडियो सामने आया है, जिसमें वनकर्मी अपनी जान बचाने के लिए खेतों की ओर दौड़ लगाते दिखाई दे रहे हैं। हमले के बाद विभाग को कार्रवाई रोकनी पड़ी।

हमले की सूचना मिलते ही एसडीओपी संजय सिंह बैस, बागली टीआई मनोज सिंह, कमलापुर टीआई सर्जन सिंह मीणा, बिजवाड़ चौकी प्रभारी विनय सिंह बघेल दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने वन परिक्षेत्र अधिकारी रामेश्वर उइके की रिपोर्ट पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। देर रात मामले में शिवम डाबर, विशाल बुंदेला, मंसाराम और धन्नालाल बामनिया को गिरफ्तार किया है। कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह ने बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

### ग्रामीणों ने टीम को चारों तरफ से घेरा

दरअसल सुबह करीब साढ़े 11 बजे जिनवाणी वन परिक्षेत्र के कमलापुर बीट के कक्ष क्रमांक -94 में वन विभाग की टीम सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। कार्रवाई के लिए सात रेंज से करीब 70 वनकर्मी और कमलापुर थाने का पुलिस बल तैनात था। इसी दौरान भीलआमला गांव के करीब 100 ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। अमला कुछ समझ पाता, इससे पहले ही ग्रामीणों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गोफन से भी पत्थर बरसाए। हमले में मोहन पंचोनिया, ज्योति जाट, कमल राणा, देवकरण मालवीय, सूरज और केके परमार छह वनकर्मी घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।



### खेती के लिए किया गया था अतिक्रमण

वन विभाग के एसडीओ विकास माहोरे ने बताया कि भीलआमला गांव के पास सरकारी वन भूमि पर अवैध खेती की जा रही थी। इसी अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। मामले में कमलापुर थाने में 13 लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया है।

### तारों की बाउंड्री में फंसे वनकर्मी

घायल वनरक्षक ज्योति जाट ने बताया कि कार्रवाई के दौरान धीरे-धीरे बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। इनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी शामिल थे। कुछ ही देर में चारों तरफ से पथराव शुरू हो गया। कई ग्रामीण दूर से गोफन चलाकर पत्थर बरसा रहे थे। ज्योति ने बताया कि वनकर्मियों ने वहां से निकलने की कोशिश की, लेकिन आसपास तारों की बाउंड्री होने के कारण कई कर्मचारी फंस गए।

# डिफेंस सिस्टम और रुद्रम-2 मिसाइल का सफल परीक्षण

## डीआरडीओ ने 24 घंटे में हासिल की 3 सफलता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने 24 घंटे के भीतर बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली) और एंटी-शिप (जहाज रोधी) मिसाइलों का सफल परीक्षण कर इतिहास रच दिया है। अब 5,000 किलोमीटर तक की रेंज वाली दुश्मन की मिसाइलें हवा में ही नष्ट हो जाएंगी।

**भारत अब दुनिया के उन चुनिंदा देशों के 'एलीट क्लब' में शामिल**

भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने रक्षा क्षेत्र में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। भारत अब दुनिया के उन चुनिंदा देशों के 'एलीट क्लब' (प्रतिष्ठित समूह) में शामिल हो गया है, जिनके पास लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से बचाव करने की अचूक क्षमता है। भारत ने 10 और 11 जून को लगातार तीन मिसाइलों के सफल उड़ान परीक्षण किए, जिनमें बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) के साथ-साथ एंटी-शिप मिसाइल टेक्नोलॉजी भी शामिल है।

डीआरडीओ के अनुसार, इन परीक्षणों ने लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल खतरों से निपटने के लिए भारत के बहुस्तरीय यानी मल्टी-लेयर्ड डिफेंस आर्किटेक्चर (बहुस्तरीय रक्षा संरचना) की ताकत को साबित किया है। परीक्षण के दौरान मिसाइल डिफेंस सिस्टम (मिसाइल रक्षा प्रणाली) ने अपने तय किए गए लक्ष्यों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट (रास्ते में ही रोकना) किया और उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। यह सफलता भविष्य के उन्नत मिसाइल खतरों से निपटने के लिए देश की रक्षा प्रणाली को अभेद्य बनाती है।




डीआरडीओ ने दो ऐसे इंटरसेप्टर मिसाइलों का परीक्षण किया है, जो 2,000 किलोमीटर से 5,000 किलोमीटर के बीच मार करने वाली दुश्मन की इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों को निष्क्रिय करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

# अमेरिका और ईरान के बीच में 24 घंटों में होगा महाडील



**पाक पीएम का दावा**

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की शर्तों पर सहमति बन गई है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच अगले 24 घंटे में समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान इस पर डिजिटली तरीके से हस्ताक्षर करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच यह शांति समझौता पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुआ है। हालांकि, अमेरिका और ईरान ने अभी तक इस शांति समझौते में पाकिस्तान का नाम नहीं लिया है। शहबाज शरीफ ने एक्स पोस्ट पर यह जानकारी दी।

राम मंदिर के दान में गबन, एसआईटी गठित

# गोबर के ढेर में कर्मचारी छिपा रखा था 10 लाख रुपए कैश

**अयोध्या, जेएनएन।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की राशि में गबन के दावे ने अब बड़ा रूप ले लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित कर दी है। उधर, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने मंदिर कर्मचारी लवकुश मिश्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान मंदिर में चढ़ावे की राशि गिनने वाले कर्मचारी लवकुश मिश्रा के घर से करीब 10 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। युवक रुदौली के शुजागंज क्षेत्र के मीनापुर फगौली गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि कुछ रकम घर की अलमारी में रखी गई थी, जबकि कुछ नकदी (कैश) गोबर के ढेर में दबाकर छिपाई गई थी। बरामद धनराशि के स्रोत को लेकर फिलहाल जांच जारी है।

**रिपोर्ट** इंटरनेट कनेक्शन की संख्या 105.9 करोड़ के पार

# दुनिया का दूसरा इंटरनेट किंग बना भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जैसे-जैसे लोगों को इंटरनेट की जरूरत ज्यादा होने लगी है, वैसे-वैसे टेलीकॉम (दूरसंचार) कंपनियों के रिचार्ज प्लान भी महंगे होते जा रहे हैं। कभी कीमत बढ़ाकर तो कभी लाभ कम करके, जियो, वोडाफोन आइडिया और एयरटेल यूजर्स के लिए अपने प्लान महंगे करती जा रही हैं। लेकिन इसके बाद भी पिछले 10 सालों में भारत में मोबाइल इंटरनेट की कीमत 97 प्रतिशत से भी ज्यादा कम हुई है। यानी इंटरनेट बहुत ज्यादा सस्ता हो गया है। जबकि इंटरनेट और मोबाइल कनेक्शन कई गुना बढ़ गए हैं। हम सोचते हैं कि कंपनियां अपने प्लान महंगे कर रही हैं, लेकिन इसके बाद भी मोबाइल डेटा पहले से काफी सस्ता हो गया है। यही वजह है कि आज देश के कोने-कोने तक इंटरनेट पहुंच गया है और लोग आपस में डिजिटल रूप से तेजी से जुड़ रहे हैं।

**308 रुपये से घटकर 7.87 रुपये हो गई 1जीबी की कीमत:** न्यू इंडिया समाचार के अनुसार, 1जीबी मोबाइल डेटा की कीमत दिसंबर, 2025 में घटकर 7.87 रुपये हो गई थी, जो कि 2014 में 308 रुपये थी। इस दौरान देश में इंटरनेट कनेक्शन 25.5 करोड़ से बढ़कर 105.9 करोड़ हो गए थे। जबकि मोबाइल कनेक्शन 90 करोड़ से बढ़कर 127.3 करोड़ हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, नरेंद्र मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर जारी किए गए एक आधिकारिक सरकारी दस्तावेज में कहा गया है कि दिसंबर, 2025 तक इंटरनेट कनेक्शन 103 करोड़ थे, जबकि 2014 में यह संख्या सिर्फ 25 करोड़ ही थी। दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि इस अवधि में ब्रॉडबैंड कनेक्शन लगभग 6 करोड़ से बढ़कर लगभग 100 करोड़ हो गए हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि डेटा की कम कीमत ने खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की खपत बढ़ाने में मदद की है। पिछले एक दशक में भारत के दूरसंचार नेटवर्क का भी काफी विस्तार हुआ है। न्यू इंडिया समाचार के अनुसार, दिसंबर 2025 तक देश में 105.9 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, जो 2014 से चार गुना ज्यादा है।

## ९९.6 प्रतिशत जिलों में उपलब्ध है 5जी सर्विस



रिपोर्ट के अनुसार, 5जी सेवाएं अब देश भर के 99.6 प्रतिशत जिलों में उपलब्ध हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनेक्टिविटी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 7.22 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मोबाइल नेटवर्क को बिछाने और इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या के मामले में भारत अब पूरी दुनिया में दूसरे नंबर पर आ गया है।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## वर्चस्व की जंग में वैश्विक कानूनों की अनदेखी

*पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल के युद्ध की आग की चपेट में अब वैसे देश और लोग भी आने शुरू हो चुके हैं, जो पूरी तरह तटस्थ हैं और वे सिर्फ जरूरी आपूर्ति सुनिश्चित करने की उम्मीद में उस क्षेत्र में मौजूद हैं। दुनिया के कई देश पहले ही गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। जिन वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया गया, वे किसी भी रूप में युद्ध का हिस्सा नहीं थे।*

*कायदे से आम लोगों की जरूरतों के मद्देनजर अपनी ड्यूटी करने वाले अन्य देशों के लोगों को किसी भी पक्ष की ओर से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, लेकिन हाल में अमेरिका ने इस मामले में जिस स्तर की लापरवाही और मनमानी दिखाई है, उससे यही लगता है कि उसे सामान्य स्थिति के बहाल होने की कोई फिक्र नहीं है।*

*वरना क्या वजह है कि पिछले तीन-चार दिनों के भीतर उसने उस क्षेत्र में मौजूद तीन भारतीय जहाजों को निशाना बनाया। उसे यह समझना क्यों जरूरी नहीं लगा कि वह जिन जहाजों पर हमला कर रहा है, वे वाणिज्यिक हैं और युद्ध का हिस्सा नहीं हैं? गौरतलब है कि ओमान तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज 'सेट्टेबेलो' पर अमेरिका की ओर से किए गए एक हमले में तीन भारतीय नाविकों की जान चली गई। जहाज पर चौबीस लोग सवार थे, जिनमें से इक्कीस को किसी तरह बचा लिया गया। इससे पहले सोमवार को मारिवेक्स नाम के तेल टैंकर पर भी हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नाविकों ने मदद के लिए आपात संदेश भेजा था।*

*अब गुरुवार को ओमान के शिनास बंदरगाह के पास एक वाणिज्यिक जहाज एमटी जलवीर पर भी हमला किया गया। हालांकि इन दोनों घटनाओं में सभी नाविकों को बचा लिया गया। सवाल है कि अमेरिका के लिए यह समझना मुश्किल क्यों हो रहा है कि ईरान के साथ जारी उसके युद्ध के क्रम में अगर तटस्थ देशों के वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाया जाता है, तो अन्य मोर्चों पर कैसी जटिल स्थिति खड़ी हो सकती है।*

*दुनिया के कई देश पहले ही गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। मगर बिना किसी मजबूत आधार या उकसावे के अमेरिका ने हमला किया। शायद उसे अब यह सोचने की जरूरत है कि उसके रवैये और जिद का हासिल क्या सामने आ रहा है। यह बेवजह नहीं है कि भारत ने हमले और उसमें नाविकों के मारे जाने पर अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब कर अपनी तीखी आपत्ति दर्ज की। विदेश मंत्रालय ने मध्य-पूर्व में संवेदनशील सुरक्षा हालात पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए समुद्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले को भू-राजनीतिक शत्रुता का नतीजा बताया।*

*एक ओर ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया हुआ है, तो दूसरी ओर अमेरिका ने उस समूचे इलाके में नाकेबंदी कर रखी है। आखिर क्या वजह है कि भारत या किसी देश के वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने में भी उसे कोई हिचक नहीं हो रही है? होर्मुज या अन्य समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही बहाल किया जाना इसलिए भी जरूरी है कि सिर्फ उसकी वजह से दुनिया के कई देशों में ऊर्जा और तेल की आपूर्ति बुरी तरह बाधित है और इसका विपरीत असर बड़े दायरे में जनजीवन पर पड़ रहा है।*

*विडंबना यह है कि जहां युद्ध के बावजूद वाणिज्यिक जहाजों के लिए सुरक्षित रास्ता तैयार किया जाना चाहिए था, वहीं बिना किसी आधार के इन जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। सवाल है कि वर्चस्व की जंग के बीच अमेरिका की नजर में क्या अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कोई अहमियत रह गई है?*

प्रसंगवश : मोदी का कीर्तिमान

## ऐतिहासिक कार्यकाल परिवर्तनकारी नेतृत्व



सीपी राधाकृष्णन

*भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को भी दर्शाती है।*

*पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग।*

*साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। भारत डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है।*

***विकास भी, विरासत भी :*** *समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री मोदी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है।*

*इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ हैं। भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।*

*पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा नरेंद्र मोदी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। हर दौर में इतिहास ऐसे नेताओं के उदय का गवाह रहा है, जिनकी सोच और काम उनके समय की सीमाओं से कहीं आगे होते हैं। ऐसे लोगों को युग पुरुष के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि वे देश की नियति बदलते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की अथक सेवा के माध्यम से, वह समकालीन भारत के एक सच्चे युग पुरुष के रूप में उभरे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनका कुशल नेतृत्व राष्ट्र को विकसित भारत - 2047 की ओर ले जाएगा।*

***( लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं )***

उपयोगी किताब

## एआई की अच्छाई-बुराई के फेर में मत पड़िए, असर देखिए




'एआई फॉर गुड' में लेखक जॉश टायरेंजियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को उसके वास्तविक सामाजिक प्रभाव के आधार पर समझने की सलाह देते हैं। किताब दिखाती है कि डॉक्टर, शिक्षक, किसान और सरकारी संस्थाएं एआई का उपयोग समस्याओं के समाधान में कैसे कर रहे हैं।

● मृत्युंजय राय ●

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन और इलॉन मस्क की अदालती लड़ाई में टेस्ला के संस्थापक हार गए। पिछले कई वर्षों से एआई के खतरों और फायदों को लेकर बहस चल रही है। इसके रेग्युलेशन का मुद्दा भी जोर जोर से उठ रहा है। लेकिन, इस बारे में राय क्या सुनी-सुनाई बातों पर बनानी चाहिए या इस बहस के बारे में बेहतर समझ किस तरह से बनाई जाए, 'एआई फॉर गुड' नाम की किताब में लेखक जॉश ने इसी का जवाब दिया है। उनका कहना है कि एआई के अच्छे या बुरे होने की बहस में न पड़ा जाए। इस पर राय बनाने के लिए यह देखना चाहिए कि असल जिंदगी में यह इंसानों की किस तरह से मदद करता है?

**जिंदगी पर असर :** एआई के इस पहलू को समझाने के लिए वह स्कूल, हॉस्पिटल, सरकारी एजेंसियों और रिसर्च लैबों में पहुंचते हैं। वह दिखाते हैं कि साधारण लोग किस तरह से इस टेक्नॉलजी का इस्तेमाल कर रहे हैं और इसकी मदद से समस्याओं को सुलझा रहे हैं। किताब में बताया गया है कि डॉक्टर डायग्नोसिस में सुधार लाने, शिक्षक अपने स्टूडेंट्स को पढ़ाने, किसान फसल पर बेहतर मार्जिन के लिए और सरकारी संस्थाएं सीमित संसाधनों में अधिक से अधिक काम करने के लिए एआई टेक्नॉलजी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसलिए जॉश की यह किताब रीडर्स को किसी टेक्निकल विषय के बारे में लिखी गई नहीं लगती, बल्कि उन्हें सार्थक चर्चा का अहसास दिलाती है। एआई इंप्रेसिव है या नहीं, इस सवाल में उलझने के बजाय जॉश इस पहलू पर गौर करते हैं कि यह फायदेमंद, पूर्वाग्रह रहित और जवाबदेह है या नहीं।



### पूर्वाग्रहों पर बात

जॉश एआई पर संतुलित सोच को लेकर आगे बढ़े हैं। वह न ही इसे जादू की छड़ी मानते हैं और ना ही खतरनाक बताते हैं। उन्होंने किताब में इस टेक्नॉलजी को लेकर जो सवाल हैं, उनका जवाब दिया है। मसलन- इसके पूर्वाग्रहों के बारे में बात करते हैं। गलत सूचनाएं देने, निजता, डीपफेक और रोजगार पर इसके असर की चर्चा है।

### केस स्टडी में मदद

यह किताब ट्रैवलॉग स्टाइल में लिखी गई है, इसलिए पढ़ने के दौरान रोचक बनी रहती है। फिर विषय को अच्छी तरह समझाया जा सके, इसके लिए इसमें अलग-अलग केस स्टडी का प्रयोग किया गया है। जॉश को तकनीकी विश्लेषण में नहीं उलझना पड़ता और रीडर्स का ध्यान केस स्टडी की वजह से अलग-अलग पहलुओं पर बना रहता है। हालांकि, अगर किसी को एआई पॉलिसी, रेग्युलेशन और इसके इकॉनमिक्स के बारे में गहराई से जानना हो तो उसे थोड़ी निराशा हो सकती है।

### जनता के लिए एआई

जॉश लिखते हैं कि एआई पर सिलिकॉन वैली के दिग्गजों या टेक्नॉलजी की दुनिया के महारथियों का नियंत्रण नहीं होना चाहिए। इसका इस्तेमाल साधारण वर्कर्स, कम्युनिटी लीडर्स, शिक्षाविदों और नॉन-प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन को व्यापक तरीके से करना चाहिए। अगर मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखकर रोजमर्रा की जिंदगी में इसका इस्तेमाल किया जाएगा तो लोगों का भला होगा

### टेक्नॉलजी न्यूट्रल नहीं

जो एआई के सामाजिक कामों में इस्तेमाल की समझ बनाना चाहते हैं, उन्हें इस किताब से मदद मिलेगी। यह किताब मशीनों के बारे में उतनी नहीं, जितनी तकनीक की मदद से लोगों को अपने काम को बेहतर ढंग से करने, सामाजिक सेवा और सामने आने वाली समस्याओं को तेजी से सुलझाने के बारे में। किताब इस बात पर भी जोर देती है कि प्रैक्टिस में कोई टेक्नॉलजी कभी न्यूट्रल नहीं होती। इससे आप क्या हासिल करते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन इसका इस्तेमाल कर रहा है।

ऑटो अपडेट

## देश का पहला सीएनजी स्कूटर, माइलेज की टेंशन खत्म!



टीवीएस मोटर ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में जुपिटर सीएनजी स्कूटर को पेश किया था। ये स्कूटर सीएनजी के साथ पेट्रोल से भी दौड़ेगा। इसे जल्द ही लॉन्च भी कर दिया जाएगा।

टीवीएस की ओर से स्कूटर में 124.8सीसी का सिंगल सिलेंडर इंजन दिया है। जिससे स्कूटर को 5.3 किलोवाट की पावर और 9.4 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है। इसके साथ ही स्कूटर को पेट्रोल और सीएनजी के साथ 226 किमी तक चलाया जा सकता है।

स्कूटर के इंजन से इसे 80.5 की टॉप स्पीड तक चलाया जा सकता है और इसे 1किलोग्राम सीएनजी में 84 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है। इसमें 2 लीटर का पेट्रोल टैंक और 1.4 लिटर का सीएनजी टैंक दिया है।



### मैक्स मेटल बॉडी

इसमें अपने सेगमेंट की सबसे बड़ी सीट दी गई है। इसके साथ ही इसमें मैक्स मेटल बॉडी, एक्सटरनल फ्यूल लिड, फ्रंट में मोबाइल चार्जर, सेमी डिजिटल स्पीडोमीटर, बॉडी बैलेंस टेक्नोलॉजी, ज्यादा लेग स्पेस दिया है।

**सीएनजी शिफ्ट का बटन :** इस सीएनजी स्कूटर में इटीएफआई टेक्नोलॉजी, इंटेलीगो टेक्नोलॉजी, ऑल इन वन लॉक, साइड स्टैंड इंडीकेटर के साथ इंजन इनहिबिटर दिया गया है। इसमें पेट्रोल से सीएनजी पर शिफ्ट करने के लिए अलग से बटन दिया है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1 लाख रुपए के करीब हो सकती है। ये बाजार में आने वाला पहला सीएनजी स्कूटर भी होगा। ऐसे में इसका मुकाबला किसी दूसरे स्कूटर से नहीं होगा। हालांकि, लोगों के पास स्कूटर और बाइक का ऑप्शन मिलेगा।

अमेजिंग प्लेस

## विशाल प्राकृतिक रंग संरचना- यूटा का सीडर ब्रेक्स




सीडर ब्रेक्स राष्ट्रीय स्मारक , एक विशाल प्राकृतिक एम्फीथिएटर है, जिसका व्यास 3 मील (5 किमी) से अधिक है। यह दक्षिण-पश्चिमी यूटा , अमेरिका में सीडर सिटी से 15 मील (24 किमी) दक्षिण-पूर्व में स्थित 2,000 फीट (600 मीटर) मोटी चूना पत्थर की चट्टान (पिंक क्लिफ्स) में कटाव से बना है । कभी सेविअर (अब डिक्सी) राष्ट्रीय वन का हिस्सा रहा यह स्मारक 1933 में स्थापित किया गया था। यह स्मारक मार्कागंट पठार के पश्चिमी किनारे पर 10,600 फीट (3,200 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित है और 10 वर्ग मील (26 वर्ग किमी) के क्षेत्र में फैला हुआ है।

चूना पत्थर की चट्टानों में मौजूद लौह और मैंगनीज ऑक्साइड की अशुद्धियों के कारण रंगों की एक अद्भुत विविधता (लाल, बैंगनी, पीला) उत्पन्न होती है, जो सूर्य की किरणों के कोण के साथ लगातार बदलती रहती है। वसंत ऋतु में बर्फ पिघलने पर, ढलानों और घास के मैदानों पर कई रंग-बिरंगे जंगली फूल (जिनमें इंडियन पेंटब्रश, लार्क्सपुर , जंगली गुलाब, ल्यूपिन और सिनक्फॉइल शामिल हैं) खिल उठते हैं। पठार के ऊपर ब्रिसलकोन पाइन और स्प्रूस, फर और एस्पेन के जंगल पाए जाते हैं । वन्यजीवों में खच्चर हिरण , चिपमंक, गिलहरी, मार्मोट और कई प्रकार के पक्षी शामिल हैं। एक सड़क एम्फीथिएटर के किनारे-किनारे चलती है।

कंपनी का सफर

## टाइटन की असली कहानी



देश में टाइटन घड़ी की कैसे शुरुआत हुई और कैसे कामयाबी की सीढ़ी चढ़ी, आज हर कोई जानना चाहता है। टाइटन घड़ी की शुरुआत भारतीय कॉर्पोरेट इतिहास की सबसे रोमांचक कहानियों में से एक है ।



● अमित कुमार दुबे ●

इन दिनों वेब सीरीज 'मेड इन इंडियाः अ टाइटन स्टोरी' की खूब चर्चा हो रही है, इस सीरीज में जेआरडी टाटा के किरदार में नसीरुद्दीन शाह और जेरक्सेस देसाई के रोल में जिम सर्भ ने गजब छाप छोड़ी है। अस्सी दशक की इस जोड़ी को खूब याद किया जा रहा है। एक सपना, एक सोच को जेरक्सेस देसाई ने जेआरडी टाटा की मदद से साकार करके दिखाया था। यह कहानी सिर्फ एक प्रोडक्ट की नहीं, बल्कि एक सरकारी एकाधिकार को चुनौती देकर अपना कब्जा जमाना था।

### कैसे हुई शुरुआत?

टाइटन की शुरुआत के पीछे मुख्य रूप से दो लोगों का दिमाग और विजन था, पहला- जेआरडी टाटा, जो टाटा ग्रुप के तत्कालीन चेयरमैन थे, जिन्होंने इस विचार को आगे बढ़ाने में सहयोग दिया। दूसरा- जेरक्सेस देसाई, जो टाटा प्रेस के पूर्व प्रमुख और टाइटन के संस्थापक प्रबंध निदेशक थे। इन्हें ही असल मायने में टाइटन का जनक माना जाता है। वेब सीरीज में इनके किरदार और संघर्ष को बहुत ही गहराई से दिखाया गया है।

**लाइसेंस राज और एचएमटी का दौर :** 1970 और 80 के दशक में भारत में घड़ियों के बाजार पर सरकारी कंपनी एचएमटी का एकछत्र राज था। उस समय चाबी वाली घड़ियां चलती थीं। अगर किसी को शादी के लिए या किसी खास मौके के लिए एचएमटी की घड़ी चाहिए होती थी, तो महीनों पहले बुकिंग करानी पड़ती थी।

### टाटा का बड़ा निवेश

टाइटन कंपनी की शुरुआत 26 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ हुई थी। 1980 के दशक के लिहाज से 26 करोड़ एक बहुत बड़ा निवेश माना जाता था, और इसी शुरुआती पूंजी के दम पर टाइटन ने सरकारी कंपनी एचएमटी को टक्कर देकर भारतीय बाजार में अपनी मजबूत नींव रखी थी। सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे शुरुआती दिनों में होसुर की फैक्ट्री लगाने के लिए देसाई को नौकरशाही और विदेशी टेक्नोलॉजी पार्टनर्स के साथ लड़ना पड़ा था।

### पहली घड़ी से ही बाजार में धूम

साल 1987 में मेहनत रंग लाई, टाइटन की पहली घड़ी लॉन्च हुई। स्लिम डिजाइन, बेहतरीन डायल और शानदार पैकेजिंग ने भारतीयों का दिल जीत लिया। उस जमाने में घड़ियां तंग और अंधेरी दुकानों में मिलती थीं। टाइटन ने पहली बार भारत में चमचमाते हुए एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरुआत की, जहां लोग घड़ियों को छूकर, महसूस करके खरीद सकते थे।

### सपना साकार हुआ

टाइटन की शुरुआत सिर्फ एक घड़ी बेचने के लिए नहीं हुई थी, बल्कि भारत की मैन्युफै. रिंग क्षमता को दुनिया के सामने साबित करने के लिए हुई थी। आज टाइटन कंपनी एक साधारण घड़ी बनाने वाली कंपनी से बदलकर एक विशाल बिजनेस साम्राज्य बन गई है, और यह टाटा ग्रुप की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनकर खड़ी है। टाइटन का मार्केट कैप 3.61 लाख करोड़ रुपये है।

### घड़ी को गहना बनाया

टाइटन ने घड़ियों को सिर्फ समय देखने का जरिया नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का हिस्सा बना दिया। विज्ञापन की दुनिया को भी बदला। उनकी आइकॉनिक धुन आज भी हर भारतीय के जहन में बसी है। जेरक्सेस देसाई ने 'टाइटन रागा' जैसे सब-ब्रांड्स लॉन्च कर घड़ियों को महिलाओं के लिए एक आभूषण की तरह पेश किया।

सिल्वर स्क्रीन

## 'लगान' का 'ओ पालनहारे ..' लिखना मेरे लिए सबसे मुश्किल काम था- जावेद अख्तर

● वर्तिका तोलानी ●

आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लगान' को आए 25 साल पूरे हो गए हैं। अब इस फिल्म को दोबारा रिलीज किया जा रहा है। आप इस फिल्म को 12 जून से 14 जून के बीच कभी भी सिनेमाघरों में देख सकते हैं। इसी बीच लेखक जावेद अख्तर ने इस फिल्म के गानों पर बात की है। दरअसल, 'लगान' के 25 साल पूरे होने की खुशी में ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म स्पॉटिफाई ने इवेंट ऑर्गेनाइज किया। इस इवेंट में एक्टर और प्रोड्यूसर आमिर खान, म्यूजिशियन ए.आर. रहमान, राइटर जावेद अख्तर और डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर एक साथ नजर आए। इस दौरान टीम ने फिल्म के यादगार गानों को बनाने के पीछे की दिलचस्प कहानियां शेयर कीं।

### ओ पालनहारे... की कहानी

इवेंट के दौरान मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने खुलासा किया कि इस एल्बम के सभी गानों में से ओ पालनहारे... को लिखना उनके लिए सबसे मुश्किल



आमिर खान की फिल्म 'लगान' का गाना 'ओ पालनहारे' गाने को सुना होगा? इस गाने को जावेद अख्तर ने लिखा था। उन्होंने 'लगान' के 25 साल पूरे होने पर इस गाने के बारे में बात की है।

काम था। जावेद अख्तर बोले, जब लोग मुझसे पूछते हैं कि ऐसा कौन-सा गाना है जिसे लिखने में मुझे सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा तो मैं हमेशा ओ पालनहारे का नाम लेता हूं। दरअसल एआर रहमान की धुन में भक्ति का ऐसा भाव है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे उसकी भाषा कोई भी हो, इसकी गहराई को तुरंत महसूस कर जाता है। मैं एक नास्तिक हूं। मुझे इस गीत के बोल लिखने के लिए अपने दिल में मासूमियत और समर्पण की भावना को ढूंढना पड़ा। आप ऐसे गानों को सिर्फ कला या शब्दों के ज्ञान के आधार पर नहीं लिख सकते। इसे लिखने के लिए दिल में शुद्धता और सादगी का होना जरूरी है।'

### संगीत को टाइमलेस बनाना चाहते थे एआर रहमान

एआर रहमान ने कहा, 'मैं ऐसा म्यूजिक बनाना चाहता था जो टाइमलेस हो। यही कारण है कि मैंने इस फिल्म के गानों के लिए लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसी गायिकाओं से कॉन्टेक्ट किया। उनकी आवाज, मेरे म्यूजिक, जावेद साहब के बोल और कास्ट की एक्टिंग ने इन गानों को टाइमलेस बना दिया।'

साल 2001 में इस फिल्म को 24 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था और इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 65.97 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इतना ही नहीं, ये इंडिया की तीसरी फिल्म थी जिसे बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज का एकेडमी अवॉर्ड नॉमिनेशन्स मिला था। हालांकि, ये फिल्म ऑस्कर नहीं जीत पाई थी।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 14 जून 2026 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.51 अस्त : आज
05.13 उदय : कल

शहर का तापमान
38.5 ⁰ अधिकत
26.0 ⁰ न्यूनतम



# करोड़ों के पुल पर भारी वाहनों का सफर नहीं हो सका शुरू



जागरण लापरवाही

## लौआर-कोरसर गोपद नदी के पुल पर बसों के चलने का इंतजार

### सड़क के अभाव में बड़े वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध



जागरण, सीधी

सीधी-सिंगरौली की सीमा और सिहावल विधानसभा क्षेत्र के लौआर व कोरसर गोपद नदी में करोड़ों की लागत से बनी पुल के समीप मिट्टी फिलिंग का काम होने के बाद एक साल से दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का सफर शुरू हो गया है। सिंगरौली जिले की ओर पुल के समीप डामरीकरण का कार्य न होने के कारण अब भी यात्री बसों एवं भारी वाहनों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। दर्जनों गांवों के लोगों को काफी बेसब्री से इंतजार है कि गोपद नदी पुल पर बसों का संचालन शुरू हो जाए और उन्हें आसानी से आवागवन में सुविधा मिल सके। बताते चलें कि गोपद नदी में करोड़ों की लागत से पुल बनकर दो साल पहले तैयार हो गई थी लेकिन सिंगरौली जिले की सीमा में कोरसर के मुख्य मार्ग प्रधानमंत्री से इसको जोडने में कुछ स्थानीय कास्तकार रोड़ा बने हुए थे। लिहाजा नवनिर्मित पुल को सडक से जोडने के लिए मिट्टी फिलिंग का काम रुका था। समाचार पत्रों में उक्त समस्या के प्रकाशन के पश्चात सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के साथ ही सिंगरौली जिला प्रशासन द्वारा तत्परता पूर्वक पहल की गई और रोड़ा बने कास्तकारों से चर्चा कर उन्हें मुआवजा भुगतान भी करा दिया गया है। पुल तक मिट्टी फिलिंग का काम पूरा कराते हुए छोटे वाहनों का आवागवन पिछले वर्ष शुरू कराया गया था। उस दौरान कहा गया था कि नई मिट्टी फिलिंग के बाद बरसात शुरू हो जायेगी। ऐसे में बरसात बाद डामरीकरण के पश्चात ही यात्री बसों एवं भारी वाहनों का संचालन पुल से शुरू हो पाएगा। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सिहावल विधायक विश्वामित्र की पहल से ही लौआर-कोरसर गोपद नदी पर पुल का निर्माण कार्य सुनिश्चित हो सका था और उनकी पहल से ही भूमि विवाद का जो रोड़ा बना हुआ था वह भी दूर हो गया। उक्त पुल के व्यवस्थित संचालन के लिए गोपद नदी के पुल से लेकर कोरसर मुख्य मार्ग तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का डामरीकरण होना काफी आवश्यक है। इसी वजह से क्षेत्रीय लोगों को गोपद नदी के बड़े पुल पर बसों का संचालन शुरू होने का इंतजार बना हुआ है। बसों के चलने से जो यात्रा कई घंटों की है वह काफी आसान हो जाएगी और प्रयागराज के लिए भी यहां से बस का संचालन आसानी से शुरू हो जाएगा।

### चार जिले की जनता को मिलेगा लाभः हेमप्रताप



समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हेमप्रताप तिवारी का कहना है कि लौआर-कोरसर गोपद नदी में पुल का संचालन छोटे वाहनों के लिए शुरू है। पुल को जोड़ने करीब एक किलोमीटर सड़क का डामरीकरण या आरसीसी निर्माण न होने से बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। गोपद नदी पुल पर बसों का संचालन शुरू हो जाए तो चार जिलों की जनता को लाभ मिलेगा। सिंगरौली के चितरंगी के अलावा सीधी, मऊगंज, रीवा के रास्ते सुगम हो जाएंगे। यहां तक कि चितरंगी से अगर किसी को प्रयागराज जाना है तो यात्रा काफी कम हो जाएगी। साथ ही सीधी का रास्ता भी पुल के समीपी क्षेत्रों का महज 1 घंटा का रह जाएगा। इस पुल के बन जाने और व्यवस्थित संचालन शुरू हो जाने से क्षेत्रीय जनता का विकाश तो होगा ही साथ ही दुर्गम यात्रा भी काफी सुगम हो जाएगी।



"लौआर-कोरसर गोपद नदी पुल के समीप मिट्टी फिलिंग का काम हो जाने के बाद छोटे वाहनों की आवाजाही हो रही है। विडंबना यह है कि विगत तीन वर्षों से यहां के कुछ लोग सड़क निर्माण के कार्य में तरह-तरह का व्यवधान पैदा करते हैं। सड़क निर्माण क्यों नहीं हो पा रहा है जानकारी लेता हूं। जिससे सड़क का कार्य हो सके।

**विश्वामित्र पाठक, विधायक**
**विधानसभा क्षेत्र सिहावल**

## बढ़ौरा शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजे जयकारे



**जागरण, सेमरिया।** क्षेत्र के प्रसिद्ध बढ़ौरा शिव मंदिर में शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह 4 बजे से ही मंदिर परिसर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का आना-जाना लगा रहा। स्थानीय क्षेत्र के अलावा आसपास के गांवों और कस्बों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। कई श्रद्धालु भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में भी शामिल हुए, मंदिर के आसपास प्रसाद, पूजन सामग्री, नारियल एवं फूल-माला की दुकानों पर भी दिनभर अच्छी खासी रौनक रही। श्रद्धालुओं की आवाजाही से स्थानीय व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आए। शनिवार को पूरे दिन बढ़ौरा शिव मंदिर में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।


महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी

आवश्यकता है:-

| क्र. | पद | | विषय | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ग-2 | - | गणित विज्ञान सा.विज्ञान | संबंधित विषय से स्नातक, डी.एड. बी.एड. |
| 2. | वर्ग-3 | - | प्राथ. शिक्षक 3 पद अंग्रेजी माध्यम | बी.एड., बी.एस.सी. डी.एड. |
| 3 | कम्प्यूटर आपरेटर | - | पीजीडीसीए, डाटा इन्ट्री आपरेटर | पी.जी.डी.सी.ए., डी. सी. ए. |

आवेदन 14/06/2026 तक कार्यालय में आमंत्रित है तथा 16/06/26 को साक्षात्कार होगा
संपर्क:- 9893881219
प्रवेश प्रारंभ:- कक्षा नर्सरी से 10वीं तक
पता:- कलेक्ट्रेट के पीछे शास्त्री नगर सीधी



ROYAL PUBLIC HR. SEC. SCHOOL
An English Medium School
BUILDING FOUNDATION, SHAPING FUTURE
हर बच्चे में छिपी है एक अद्भुत संभावना...
हमारा प्रयास उसे निखारना है !



हम क्या प्रदान करते हैं
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा - अनुभवी शिक्षकों द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा।
समग्र विकास - शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक और नैतिक विकास पर विशेष ध्यान।
स्मार्ट क्लास एवं टेक्नोलॉजी - डिजिटल युग के लिए आधुनिक सुविधाएँ एवं ई-लर्निंग।
विज्ञान एवं प्रयोगशालाएँ - भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान की आधुनिक लैब की सुविधा।
खेल एवं गतिविधियाँ - खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और प्रतिभा निखारने के अनेक अवसर।
सुरक्षित एवं प्रेरणादायक वातावरण - अनुशासन, सुरक्षा और सकारात्मक वातावरण हमारी पहचान।
SESSION 2026-27 ADMISSION OPEN NURSERY TO 12th
हमारा उद्देश्य
ज्ञान के साथ संस्कार | कौशल के साथ आत्मनिर्भरता | अनुशासन के साथ नेतृत्व | सहानुभूति के साथ सफलता
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893738026 | 9244158300
पता : Royal Public Hr. Sec. School Chandainiya, Churhat, Sidhi (M.P.)
E-mail : rajesh738026@gmail.com | Website : www.rpschurhat.com.in


# अजीत बने जिला कांग्रेस प्रशिक्षण एवं वाररूम के जिला प्रभारी

## संगठन के वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार



जागरण, सीधी

जिला कांग्रेस कमेटी सीधी ने संगठन को डिजिटल स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युवा कांग्रेस नेता अजीत सिंह चौहान सोनवर्षा को सोशल मीडिया विभाग के प्रशिक्षण एवं वार रूम का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न मुद्दों को प्रभावी तरीके से बूथ स्तर पर पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का प्रशिक्षण एवं वार रूम तैयार किया जा रहा है। उसी परिप्रेक्ष्य में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल व सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल की सहमति व जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अनुमति से अजीत सिंह चौहान सोनवर्षा की जिला प्रभारी प्रशिक्षण एवं वार रूम, सोशल मीडिया विभाग पर नियुक्ति की गई है। मालूम हो कि अजीत सिंह चौहान जिले के उन सक्रिय युवा नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने, युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में लगातार सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवा समर्थकों में उत्साह का माहौल है। जिला कांग्रेस कमेटी ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में सोशल मीडिया विभाग अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेगा और संगठन के संदेशों को जनता तक तेजी से पहुंचाने में सफल होगा।

### भरोसे पर खरा उतरने का करूंगा प्रयासः अजीत

सोशल मीडियो विभाग के प्रशिक्षण एवं वार रूम का जिला प्रभारी नियुक्त होने पर अजीत सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह, संगठन महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी सीधी ज्ञानेन्द्र कुमार अग्निहोत्री एवं सीधी विधानसभा प्रभारी विनोद शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सोशल मीडिया विभाग के प्रशिक्षण एवं वार रूम को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। संगठन की नीतियों, जनहित के मुद्दों और कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से युवाओं एवं आमजन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। पार्टी ने जिस विश्वास के साथ यह दायित्व सौंपा है, उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# किसानों की उन्नति में सहकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्णः विश्वामित्र

## सोनवर्षा एवं बघौडी में सहकारी समिति का हुआ शुभारंभ



जागरण, सीधी

विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत सोनवर्षा एवं बघौडी में बहु. प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स मर्या. का शुभारंभ विश्वामित्र पाठक विधायक विधानसभा क्षेत्र सिहावल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात पूजा अर्चना, मंत्रोच्चार के साथ शिला पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर समिति का शुभारंभ हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सहकारिता अधिकारी गणेश चन्द्रवंशी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा समितियों के गठन एवं समितियों से किसानो को दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि इस क्षेत्र के किसान खाद बीज एवं समिति में आवश्यक कार्यों हेतु दूर-दूर भटकते थे समय पर खाद बीज मिलने में परेशानी होती थी अब दोनों समितियों के प्रारंभ हो जाने से किसानों, ग्रामीण जनों कोआसानी से सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए विधानसभा क्षेत्र में 5 नई समितियां स्वीकृत कराई गई है।

### गुलाबसागर नहर का चल रहा काम

इस संबंध में विधायक विश्वमित्र पाठक ने बताया कि बहरी अंचल में गुलाब सागर नहर का निर्माण चल रहा है, क्षेत्र के कई ग्रामों में सीतापुर माइक्रो से सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं इस अंचल में बाणसागर नहर से सिंचाई से वंचित ग्रामों में नहर बनवाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य अतिथि ने सहकारिता से जुड़ी योजनाओं केसीसी से शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, गैस सिलेंडर, खाद बीज हेतु ऋण, स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रतानुसार आगे आकर लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, सिद्धार्थ गौतम, गणेश चंद्रवंशी सीईओ सहकारिता, सीईओ रोहित उपाध्याय, तहसीलदार जय प्रकाश पाण्डेय, नायब तहसीलदार दिनेश तिवारी, तीरथ प्रसाद द्विवेदी बैंक मैनेजर, टीआई राकेश सिंह वैस, मुनींद्र शुक्ला, लल्लू प्रसाद कोल सरपंच, रोहित सिंह उपस्थित रहे।

## जिलेवासियों से सुझाव आमंत्रित

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न संस्थाओं से मध्यप्रदेश में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में अपने सुझाव एवं अभिमत प्रस्तुत करने की अपील की है।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## अतिक्रमण की चपेट मे भुईमाड़ बाजार



**जागरण, सीधी।** कुसमी जनपद के ग्राम पंचायत भुईमाड़ के बाजार वाले स्थल का मामला सामने आया है जहां की सड़क और नाली दोनों अतिक्रमण की चपेट मे है जहां दर्जनों से भी ज्यादा स्थानीय दुकानदारों के सड़को पर अवैध अतिक्रमण के कारण पूरा मुख्य सड़क मार्ग ही सकरा हो गया है। इससे वाहन चालकों व राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इतना ही नही ग्राम पंचायत द्वारा बनाये गए नाली को भी लोगों द्वारा जाम कर दिया गया है जिससे आये दिन व बरसात के दिनों मे पूरे बाजार मे जल भराव की भी स्तिथी निर्मित हो जाती है। यहां मुख्य बाजार मे दुकानदारों ने दुकान के सामने सड़क व नाली के ऊपर अवैध रूप से चौकान बनाकर व टेबल कुर्सी आदि लगाकर सड़क व नाली को अतिक्रमण कर लिया गया है। सड़क मे अतिक्रमण करने का खुलासा तब हुआ जब बीते बुधवार को ग्राम पंचायत की मांग पर राजस्व अमला द्वारा भुईमाड़ बाजार सड़क सीमा का नाप किया गया ऐसे मे अब राजस्व अमला द्वारा अतिक्रमणकारियों पर क्या कार्यवाही की जाती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन भुईमाड़ की बाजार पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट मे है जिसका खुलासा सीमा नाप के बाद हो चुका है हलाकि पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा स्पष्ट रूप से मीडिया से जानकारी देते हुए बताया गया है कि अतिक्रमण कि वजह से सड़क के एक तरफ की नाली पूरी तरह से जाम हो चुकी है जबकि सड़क के दूसरी तरफ की नाली का कार्य कराना अभी बांकी है सरपंच सचिव का कहना है की बाजार पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त होना चाहिए जिससे नाली के माध्यम से पानी की निकासी हो सके और दूसरी तरफभी नाली निर्माण का कार्य हो सके।

## मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस 16 को सौंपेगा ज्ञापन

**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कृपा शंकर मिश्र ने जिले के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षक कांग्रेस पदाधिकारियों से अपील की है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट से मुक्त रखे जाने की मांग को लेकर 16 जून 2026 को कलेक्ट्रेट कैंपस में प्रधानमंत्री को ज्ञापन जिला कलेक्टर सीधी के माध्यम से सौंपा जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त हुए शिक्षक अपनी निर्धारित योग्यता एवं चयन प्रक्रिया के आधार पर वर्षों से शिक्षा सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे शिक्षकों को पुनः पात्रता परीक्षा के दायरे में लाना न्यायोचित नहीं है। इस संबंध में केंद्र सरकार से उचित निर्णय लेने एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2017 के संशोधित भाग अनिवार्य शिक्षक पात्रता परीक्षा में पुनः संशोधन कर आरटीई एक्ट 2009 लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा से मुक्ति दिलाये जाने हेतु ज्ञापन दिया जायेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांग को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया है।

## सुबह बिजली गुल होने से जल संकट गहराया

**जागरण, सीधी।** शहर में फीडर अस्पताल से संबद्ध विद्युत लाइनों में सप्लाई दो दिनों से सुबह 7 बजे से बंद कर देने से जल संकट गहराया हुआ है। तत्संबंध में नूतन कॉलोनी, पुलिस लाइन, कोतर कला क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि यह सबकुछ विद्युत वितरण केंद्र सीधी क्रमांक 1 की कनिष्ट यंत्री की मनमानी से हो रहा है। मैडम स्वयं फील्ड पर जाकर विद्युत समस्याओं को कभी भी जानने का प्रयास नहीं करती हैं। उनके द्वारा घर से ही मनमानी तौर पर सुबह 7 बजे से मेंटीनेंश के नाम पर बिजली की सप्लाई बंद करा दी जाती है। जबकि विद्युत सुधार कार्य के लिए कर्मचारी सुबह 8:30 बजे पहुंचते हैं। सुबह 7 बजे से बिजली सप्लाई बंद होने से सोन नदी नल जल सप्लाई से जुड़े लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## 3 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन



**जागरण, सीधी।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया सीधी में जिले के समस्त आचार्यों का त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज 13 जून 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि हरीराम तिवारी प्रांत प्रमुख, अध्यक्ष शिवानंद सिन्हा प्रांत परीक्षा प्रमुख एवं विभाग समन्वयक ऊर्जांचल विभाग, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार सिंह परिहार जिला सचिव रहे। अतिथियों का तिलक वंदन एवं श्रीफल द्वारा स्वागत प्राचार्य राजकुमार सिंह के द्वारा किया गया तथा परिचय करौंदिया विद्यालय के प्राचार्य रमेश चंद्र त्रिपाठी के द्वारा किया गया। विजय सिंह ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण के द्वारा अपने नौनिहालों को अच्छी शिक्षा व दिशा देने की प्रेरणा मिलती है। इस कार्यक्रम में प्रांत प्रमुख ने कहा कि बिना नियोजन या सोच विचार के कार्य करते हैं, तो उसका अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सकता है। इंजीनियर के गड़बड़ होने पर पुल टूटता है व कुछ लोग मरते हैं, डॉक्टर के गड़बड़ होने पर भी कुछ लोग ही मरते हैं लेकिन शिक्षक के गड़बड़ होने पर पूरा समाज बर्बाद हो जाता है। इसीलिए शिक्षक को समाज का निर्माता माना जाता है। कार्यक्रम में चुरहट के प्राचार्य श्रीमती सपना पाण्डेय, मझौली प्राचार्य बृजेश मिश्रा, रामपुर नैकिन प्राचार्य अशोक मिश्रा, कोटहा प्रधानाचार्य दिनेश मिश्रा, सुभाष नगर के प्रधानाचार्य मनोज शर्मा एवं जिले भर के सभी आचार्य और दीदियों की सहभागिता सराहनीय रही।

## सोन घड़ियाल टीम ने मगरमच्छ का किया रेस्क्यू



**जागरण, सीधी।** जिले के गोड़ाही तालाब में विगत आठ महीनों से मगरमच्छ मौजूद था। ग्रामीणों द्वारा सूचना के बाद सोन घड़ियाल की टीम ने रेस्क्यू करते हुए सुरक्षित जोगदहा सोन नदी में पहुंचाया है। मामले में रेस्क्यू टीम प्रभारी जोगदहा जोखीलाल प्रजापति एवं उनके सहयोगी दल अंजनी शर्मा, रामराज शर्मा एवं शिवेन्द्र मिश्रा द्वारा गोड़ाही तालाब में घुसे मगरमच्छ को जाल के माध्यम से पकड़कर सुरक्षित जोगदहा सोन नदी में पहुंचाया है। जो कि करीब 10 फिट लंबा होना बताया गया है। मालूम हो कि तालाब में आठ महीनों से घुसे मगरमच्छ से ग्रामीण जनता काफी दहशत में थी। इस मामले की शिकायतें हुई लेकिन विभागीय अमले ने पहल करते हुए सुरक्षित रखते हुए मगरमच्छ को निकालकर उन्हें सुरक्षित स्थान जोगदहा सोन नदी में पहुंचाया है।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**जागरण, सीधी।** कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में श्रवण एवं वाक् बाधित व्यक्तियों को उनके विधिक अधिकारों, संवैधानिक संरक्षण, शासकीय कल्याणकारी योजनाओं तथा निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी ऑनलाइन विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति विवेक रूसिया एवं न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। दिव्यांग प्रतिभागियों की सुविधा के लिए सांकेतिक भाषा दुभाषियों की विशेष व्यवस्था की गई।

# फंगस युक्त खाद्य सामग्री विक्रेता को 6 माह की सजा व जुर्माना

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला सीधी की न्यायालय का फैसला




जागरण, सीधी

फंगसयुक्त खाद्य सामग्री विक्रेता को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा 6 माह की सजा सुनाई गई है। बताया गया कि दिनांक 20 सितंबर 2019 को समय करीब 2:10 बजे खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यवाही निरीक्षण के दौरान गुरूद्वारा रोड़ स्थित सुभाष ट्रेडर्स में उपस्थित हुए, जहां मौके पर उपस्थित विक्रेता को अपना परिचय देते हुए विक्रेता का नाम पूछने पर विनोद कुमार गुप्ता पिता भैयालाल गुप्ता बताया गया। जांच अधिकारी के निरीक्षण के दौरान विक्रेता द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 का खाद्य रजिस्ट्रेशन/लायसेंस पूंछने पर प्राप्त है, बताया गया। जांच टीम द्वारा दुकान का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान समस्त प्रकार की खाद्य सामग्री तेल, मसाले, नमकीन, बिस्किट, दाले, अनाज इत्यादि बिक्री हेतु रखे पाये गये। मौके पर लकड़ी की आलमारी के रैंक में 20-25 पैकेट किशमिश और एक बोरी में काली मिर्च लगभग 25-39 किलोग्राम बिक्री हेतु रखी पायी गयी। जिन पर अवमानक एवं मिथ्याछाप की शंका होने पर नमूना लेने के उद्देश्य से फार्म नंबर 5 की दो प्रतियां नियमानुसार भरकर एक प्रति विक्रेता को दी गई एवं दूसरे प्रति में पावती प्राप्त की गई। मौके पर टीम की उपस्थिति में उसके द्वारा नमूना हेतु किशमिश के चार पैकेट बाजार भाव 200 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से 250 ग्राम के चार पैकेट एवं काली मिर्च बाजार भाव 300 प्रति किलो की दर से 250 ग्राम के चार भाग क्रय कर 500 रूपये नगद भुगतान कर रसीद प्रापत की। फिर क्रय की सामग्री में नियमानुसार लेबल भरकर चिपकाया एवं भूरे कागज में प्रत्येक भाग को लपेटकर दोनों सिरों को चिपकाया और अभिहित अधिकारी द्वारा प्रदत्त हस्ताक्षरित पेपर स्लीप काली मिर्च एवं किशमिश को गोलाई में उपर से नीचे की ओर चिपकाकर सफेद दोहरे धगे से क्रास में बांधकर एक गांठ लगायी। तत्पश्चात उसने विक्रेता से इस प्रकार हस्ताक्षर कराया कि आधे पेपर स्लीप पर एवं आधे भू-कागज पर अंकित हुये और स्वयं भी उसने हस्ताक्षर किये। उपरोक्त की गई कार्यवाही का संक्षिप्त पंचनामा तैयार किया। अनुसंधान के दौरान जप्ती कार्यवाही की गई एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला सीधी मप्र में अपराध क्रमांक 26/59 दर्ज किया गया। शेष संपूर्ण अनुसंधान उपरांत धारा 26(2)(आई) सहपठित धारा 59 खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 अंतर्गत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### सशक्त पैरवी से कठोर कारावास की सजा

न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक आरसीटी/306/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती पूजा गोस्वामी व सुश्री आसिता मिश्रा के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त विनोद कुमार गुप्ता पिता भैयालाल गुप्ता 49 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी गुरुद्वारा रोड़ सीधी थाना कोतवाली सीधी जिला-सीधी मप्र को फंगलयुक्त असुरक्षित सामग्री का विक्रय किये जाने से जिससे जन सामान्य के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा था यद्यपि किसी व्यक्ति को कोई गंभीर क्षति कारित नहीं हुई है परंतु असुरक्षित खाद्य सामग्री बेचने के परिणामों को दृष्टिगत रखते हुये अभियुक्त को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(2)(आई) सहपठित धारा 59 के तहत दोषसिद्धी करते हुए उक्त अपराध के लिये 6 माह के कठोर कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।


उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन
शिक्षा महाविद्यालय
जिला-सीधी (म.प्र.)
सम्बद्ध- अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)



संचालित पाठ्यक्रम
B.A.LL.B. (5 Year) | LL.B. (3 Year)
B.A.B.Ed. (4 Year) | B.Ed. (2 Year)
D.Ed. (2 Year) | B.A. (3 Year) | B.Sc. (3 Year)
ऑनलाइन प्रवेश प्रारंभ सत्र 2026-27
हम नहीं हमारे परिणाम बोलते है।
पता- कार्यालय शिक्षा महाविद्यालय पनवार सेंगरान, सीधी (म.प्र.)
प्रवेश संबंधित जानकारी-
62610 03429 / 9981861520 / 9340031106 / 9977753219

# भाजपा का कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाता है : श्री पाटीदार




## कटनी पहुंचे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत, जिला कार्यालय में सम्मेलन

**जागरण, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला सम्मेलन में शामिल होने कटनी पहुंचे मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राव उदय प्रताप, श्रीराम पटेल एवं मृदुल मिश्रा मंचासीन रहे। अपने उद्बोधन में प्रदेशाध्यक्ष श्री पाटीदार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक शक्ति कार्यकर्ताओं की सक्रियता, निष्ठा और समर्पण से निर्मित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने तथा उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और संगठन को समाज के साथ और अधिक सशक्त रूप से जोड़ने का आह्वान किया।

इससे पूर्व जिला कार्यालय आगमन पर श्री पाटीदार का भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक सहभागिता एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा भी हुई।

कटनी आगमन से पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री पाटीदार बहोरीबंद विधायक श्री प्रणय पांडेय से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। तदोपरांत प्रदेशाध्यक्ष श्री पाटीदार ने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम बजरंग नगर देवरी पहुंचकर पूज्य संत सुरेन्द्र दास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। वहीं कटनी जिला आगमन पर ग्राम तेवरी में मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, रामसहाय साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। आयोजित कार्यक्रम में श्री पाटीदार, श्री टंडन एवं श्री विश्वकर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा जनसेवा के कार्यों को और गति देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप साहू युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजय माली जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव संगीता जायसवाल देवेंद्र सोनी जिला मंत्री प्रशांत मालवीय विमल साहू जिला कार्यालय मंत्री सुनील विश्वकर्मा सोशल मीडिया प्रभारी अमित साहू मंडल अध्यक्ष बॉबी सोनी मंडल अध्यक्ष शुभम प्रजापति मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव मंडल अध्यक्ष अश्वनी पटेल मंडल अध्यक्ष रामसहाय साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्देश्य संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक समन्वय तथा पिछड़ा वर्ग समाज के बीच पार्टी की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाना रहा। कार्यक्रम उपरांत श्री पाटीदार विजयराघवगढ़ विधायक श्री संजय सत्येंद्र पाठक जी के निवास पर पहुँचकर सौजन्य भेंट की।

# निगवानी में श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मंत्री दिलीप जायसवाल, लिया कथा श्रवण का लाभ




**जागरण गोहपारू।** निगवानी क्षेत्र में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिलीप जायसवाल ने पहुंचकर कथा श्रवण किया तथा आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही और पूरा वातावरण भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया।

सनराइज स्कूल निगवानी के डायरेक्टर लखन उपाध्याय के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में उमरिया से पधारे कथा वाचक पंडित अशोक शुक्ला श्रीमद्भागवत महापुराण की संगीतमय कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति और मानव जीवन के आदर्श मूल्यों का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कथा श्रवण के उपरांत कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भारतीय संस्कृति, धर्म और संस्कारों की अमूल्य धरोहर है। ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं तथा लोगों को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक बनाते हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।कथा वाचक पंडित अशोक शुक्ला ने अपने प्रवचन में बताया कि भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। भगवान की भक्ति और सत्कर्मों के माध्यम से ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। उनकी मधुर वाणी और भजन-कीर्तन से श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में लीन दिखाई दिए। आयोजक लखन उपाध्याय ने मंत्री दिलीप जायसवाल का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पमाला भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, धार्मिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अनुसार कथा के समापन तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। निगवानी में आयोजित यह श्रीमद्भागवत कथा क्षेत्रवासियों के लिए आस्था का केंद्र बनी हुई है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंत्री दिलीप जायसवाल की उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ गई तथा श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## कटनी आर्ट्स कॉमर्स एण्ड लॉ कॉलेज के विधि छात्र-छात्राओं ने किया कलेक्ट्रेट एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण

**कटनी।** कटनी आर्ट्स कामर्स एण्ड लॉ कॉलेज (ऑटोनॉमस) के एलएल.बी. अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डॉयरेक्टर श्री देवाशीष चड्डा एवं कॉलेज संचालक डॉ. जय चड्डा के निर्देशन विधि पाठ्यक्रम अंतर्गत मूट कोर्ट प्रशिक्षण विषय के अंतर्गत कलेक्ट्रेट एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में एलएल.बी. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राऐं शामिल रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कलेक्टर कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी (डी.एम.) एवं अपर जिला दण्डाधिकारी (ए.डी.एम.) न्यायालय, राजस्व न्यायालय, नजूल न्यायालय तथा लोक सेवा विभाग सहित अन्य विभागों का अवलोकन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन में छात्र/छात्राओं को प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं न्यायिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। जिला प्रबंधक लोक सेवा विभाग दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने छात्र/छात्राओं को लोक सेवा विभाग की कार्यप्रणाली, उसकी उपयोगिता एवं आमजन के लिए उसकी महत्ता के विषय में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है साथ ही कलेक्ट्रेट में पदस्थ दीप्ती स्थापना एवं हरप्रीत सिंह ग्रोवर द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# चलती ट्रेन में महिला के सिराने रखा पर्स लेकर भागा नकाबपोश बदमाश

**कटनी।** रेल प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद चलती ट्रेनों और स्टेशनों के आउटर पर खड़ी ट्रेनों से यात्रियों के सामान चोरी जाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जीआरपी व आरपीएफ की निष्क्रियता के चलते कटनी जंक्शन के आउटर में एक बार फिर बदमाशों की सक्रियता बढ़ गई है। बेखौफ बदमाश वारदातों को अंजाम देने लगे हैं, हालात ये हो गए हैं कि अब ट्रेन के अंदर यात्रा करने वाले यात्री भी सुरक्षित नहीं है। जिसके कारण यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यात्री के सामान चोरी जाने की ताजा घटना रीवा से भोपाल जा रही साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन में घटित हुई है। जिसमें एक नकाबपोश बदमाश ने फिल्मी अंदाज में उस समय वारदात को अंजाम दिया, जब महिला पर्स को सिर के नीचे रख कर सो रही थी। इसी दौरान नकाबपोश बदमाश चलती ट्रेन के कोच नंबर 5 की बर्थ नंबर 65-68 पर पहुंचा और महिला का पर्स छीन कर फरार हो गया। बताया जाता है की महिला के पर्स में करीब 10 लाख रुपये मूल्य के सोने, चांदी के जेवरात, नगदी तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। वारदात के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा के ढिकहा क्षेत्र निवासी रामदत्त पाठक अपनी पत्नी एवं बच्चों कके साथ 9 जून को गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस में रीवा से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। रात को ट्रेन कटनी स्टेशन से चलने के बाद आउटर पर पहुंची ही थी कि इसी दौरान एक बदमाश चेहरे को कपड़े से बांधकर ट्रेन में चढ़ा और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया।

### वारदात के बाद चलती ट्रेन से उतर कर भागा बदमाश

पीड़ित यात्री ने बताया कि नकाबपोश उसकी पत्नी के सिर के नीचे रखे पर्स को छीनकर भाग गया तो उसने जोर-जोर से आवाज लगाई।

घटना इतनी तेजी से हुई कि वह कुछ समझ पाते उससे पहले ही आरोपी आंखों से ओझल होकर चलती ट्रेन से उतर कर भाग गया। पीड़ित ने आगे बताया कि पर्स के अंदर तीन तोला का सोने का हार, एक एक तोला का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, कान की बाली, एक कीमती मोबाइल एवं नगदी 15 हजार रुपए रखे हुए थे, जिसकी कुल कीमत 10 लाख रुपए है।

### जंजीर खींचने का भी नहीं हुआ कोई फायदा

घटना के बाद यात्री द्वारा नकाबपोश को पकडऩे के लिए कोच के अंदर जोर-जोर से आवाज लगाते हुए चैन पुलिंग भी की गई। नकाबपोश चलती ट्रेन से उतर कर फरार हो गया। यात्री द्वारा इस घटना की सूचना जीआरपी को दी गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारियों और जीआरपी में हडक़ंप मच गया। ट्रेन जबलपुर पहुंचते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और पीड़ित यात्री की रिपोर्ट दर्ज की गई। पीड़ित यात्री के मुताबिक जबलपुर जीआरपी ने जीरो पर मामला दर्ज कर डायरी कटनी जीआरपी को भेज दी है। ट्रेन के विभिन्न कोचों में मौजूद यात्रियों से पूछताछ की जा रही है तथा स्टेशन और ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी गिरोह का सदस्य हो सकता है जो ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाता है।

### यात्रियों में भय व दहशत का माहौल

इस सनसनीखेज घटना के बाद यात्रियों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि जब आरक्षित कोचों में भी यात्री सुरक्षित नहीं हैं तो रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा कैसे किया जाए। लगातार सामने आ रही चोरी और झपटमारी की घटनाओं ने रेलवे सुरक्षा तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में बातचीत करते हुए थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर संजीवनी राजपूत ने कहा की रीवा सुपरफास्ट में एक नकाबपोश द्वारा महिला का पर्स छीन कर भागा है। पीड़ित की शिकायत पर मामला जीरो में दर्ज कर डायरी कटनी जीआरपी भेजी गई है।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता

अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। कार्यलीन कार्य हेतु संस्था-समग्र जन चेतना विकाश परिषद-रीवा मो. 9179912306, 7223873638

RN-47548 (14/6)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

### राज्य कर्मचारियों को भी मिले केंद्र के समान बैंक खाता पैकेज सुविधाएं : लघु वेतन कर्मचारी संघ

**कटनी।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा कटनी ने राज्य शासन के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान बैंक खाता पैकेज का लाभ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी को सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके एवं मीडिया प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि आयुक्त संस्थागत वित्त संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा केंद्र सरकार के कर्मचारियों को प्रदान की जा रही विशेष बैंकिंग सुविधाएं राज्य शासन, निगम, मंडल एवं स्वायत्तशासी निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों को भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई है कि कर्मचारियों को आवास, शिक्षा, वाहन एवं व्यक्तिगत ऋण पर रियायती ब्याज दर, लॉकर किराए एवं ऋण प्रसंस्करण शुल्क में छूट, 1.50 करोड़ रुपये तक का व्यक्तिगत एवं हवाई दुर्घटना बीमा, स्थायी एवं आंशिक विकलांगता पर बीमा लाभ, टर्म लाइफ इंश्योरेंस में अतिरिक्त टॉप-अप सुविधा, परिवार के लिए व्यापक स्वास्थ्य बीमा कवर तथा डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड पर विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएं।

# चंडिका मंदिर ट्रस्ट कमेटी की नई टीम गठित

## छबि अग्रवाल अध्यक्ष एवं रामजी चतुर्वेदी बने कार्यकारी अध्यक्ष 19वी वर्षगांठ की तैयारियां तेज



**कटनी।** जय मां चंडिका मंदिर ट्रस्ट कमेटी की बैठक शुक्रवार को चंडिका मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी के गठन के साथ ही चंडिका मंदिर की 19वी वर्षगांठ के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के प्रारंभ में संरक्षक दिनेश तिवारी ने बताया कि अध्यक्ष राकेश मिश्रा का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है, इसलिए सभी सदस्यों की सहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। बैठक का संचालन करते हुए पी सी गुप्ता ने बताया कि इस बार नए पदों का भी सृजन किया गया है और कोशिश है कि युवाओं को टीम में रखा जाए। इसके पश्चात नई टीम का गठन किया गया। सर्वसम्मनित से सक्रिय पदाधिकारी समाजसेवी छबि अग्रवाल को जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी तरह कार्यकारी अध्यक्ष कामता प्रसाद चतुर्वेदी (रामजी), सह उपाध्यक्ष अंकुर तिवारी, मुख्य संरक्षक राकेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, उप कोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, सचिव दीपक तिवारी, सहसचिव राजकुमार द्विवेदी, प्रचार प्रभारी सौरभ पांडे, मीडिया प्रभारी विनोद दुबे, सह मीडिया प्रभारी आशीष रैकवार, आय व्यय प्रभारी दुर्गेश दीक्षित, कार्यक्रम संयोजक विजेन्द्र बर्मन एवं सह संयोजक सूरज गुप्ता को बनाया गया है।

मां चंडिका का लिया आशीर्वाद

नवीन कार्यकारिणी के गठन के उपरांत सभी नवनियुक्ति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मां चंडिका का आशीवार्द लेते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली। उपस्थित लोगों ने नई टीम का पुष्पहारों से स्वागत किया। इस अवसर पर शिवकुमार तिवारी, मनोज पांडे, बी के कनकने, आर के दुबे, दादूराम सेन, आई पी सिंह, जितेन्द्र शर्मा, दीपक तिवारी, अभिषेक तिवारी, सिद्धांत शुक्ला, रोहित पांडे, अंकुर तिवारी, नागेश्वर द्विवेदी, राजेश तिवारी, बलराम दुबे, प्रहलाद अग्रवाल, बंतो पटेल, दुर्गेश दीक्षित, संतोष कुमार चक्रवर्ती, कृष्ण मुरारी शुक्ला, अवध तिवारी, राजकुमार सिंह, गोपाल अग्रवाल, बी के कनकने, अरविन्द प्यासी आदि की उपस्थिति रही। बैठक के अंत में संरक्षक दिनेश तिवारी ने चंडिका मंदिर की 19वी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी से परिवारसहित आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया।

## कार्यालय नगर परिषद रामपुर बाघेलान जिला.सतना म.प्र.

क्र. /1226 / न.पं. /स्व.भा मिशन / 2026 रामपुर बाघेलान दिनांक 09.06.26

:- सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि केन्द्र सरकार के संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत, कचरा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अब 4.कचरा पात्र (4-Dustbins) प्रणाली को अनिवार्य कर दिया गया है। निकाय क्षेत्रांतर्गत सभी नागरिकों, संस्थानों, दुकानदारों और सोसायटियों से अनुरोध है कि वे अपने कचरे को स्त्रोत पर ही निम्नलिखित चार श्रेणियों में (1. गीले कचरे के लिए (जैसे. रसोई का बचा हुआ खाना, फल.सब्जियों के छिलके, फूल, पत्ते आदि) 2 सूखे कचरे के लिए (जैसे. प्लास्टिक, कागज, गत्ता, कांच, धातु और सूखे रैपर 3. सैनिटरी कचरे के लिए (जैसे. इस्तेमाल किए गए सैनिटरी नैपकिन, डायपर, पट्टियाँ और टिश्यू पेपर) 4 घरेलू हानिकारक और खतरनाक कचरे के लिए (जैसे. दवाओं के खाली रैपर / पत्ते, एक्सपायरी दवाएं, बल्ब,ट्यूबलाइट, पेंट के डिब्बे और ई.कचरा ) अलग करें और डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण वाहन में उसी खंड के अनुशार बॉक्स में डालें। यदि उक्त नियम का उल्लंघन करते पाए जाते हैं, तो संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं राशि रुपये 200.00 प्रतिदिन के मान से अर्थदण्ड अधिरोपित किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र.

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0: JHS-N-W-58-26 दिनांक : 11.06.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झाँसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-58-26 | कार्य लागत लगभग : Rs. 52143803.46 |
| कार्य का नाम : कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ M/s Statcon मेक इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई (IPS) सिस्टम इन्सटाल्ड एट MACLS/PI/SSI स्टेशन, केबिन, LSC, इंटरलॉक्ड LC गेट्स एंड IBH ओवर झाँसी डिवीजन फॉर दी पीरियड ऑफ़ थ्री इयर्स। | |
| धरोहर राशि : Rs. 1042900/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil |
| निविदा खुलने की तिथि : 03.07.2026, Time 15:00 | |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 36 माह | |

• निविदा दिनांक 03.07.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1339/26 (ADM)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-सी- 2026-142 | |
| कार्य का नाम : जोन नं0 1- एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिपेयर एंड मेंटेनेंस वर्क एंड सप्लाई ऑफ मटेरियल अंडर एडीईएन/ललितपुर फ्रॉम झाँसी (एक्सक्लुडिंग) टू बीना (एक्सक्लुडिंग) फॉर द ईयर 2026-27 | |
| अनुमानित लागत रू.: 12700000.00 | अमानत राशि : 254000.00 |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह | |
| निविदा बन्द होने की तिथि : 06/07/2026 at 15:00 hrs. | |
| ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-सी- 2026-143 | |
| कार्य का नाम : जोन नं0 6&7- एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिपेयर एंड मेंटेनेंस वर्क एंड सप्लाई ऑफ़ मटेरियल अंडर एडीईएन/कानपुर फ्रॉम परौना (इनक्लूडिंग) टू जूही (एक्सक्लुडिंग) एंड एट टू कोंच (इनक्लूडिंग) फॉर द ईयर 2026-27 | |
| अनुमानित लागत रू.: 12700000.00 | अमानत राशि : 254000.00 |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह | |
| निविदा बन्द होने की तिथि : 06/07/2026 at 15:00 hrs. | |

• निविदा दिनांक 06/07/2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1337/26 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय नगर परिषद चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.)

क्र / E-Tender/तक /1929/2026 चित्रकूट 12.06.2026

**द्वितीय ई.निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद चित्रकूट में कार्यालीन कार्य हेतु बोलेरो वाहन किराये पर संलग्न करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी वेबसाइट http://mptenders.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद चित्रकूट से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संसोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 1. BOLERO MODEL 2024 & ABOVE FOR RENT WITH DRIVER (MONTHLY BASIS) EXCLUDING DIESEL CHARGES 2. BOLERO MODEL 2024 & ABOVE FOR RENT WITH-OUT DRIVER (MONTHLY BASIS) EXCLUDING DIESEL CHARGES | 500000.00/- | 5000.00/- | 2000.00/- | 2026-27 |

शर्तेः. 1- इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देख सकते हैं। 2- निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक को ........... बजे से ......... को ........... बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते है। 3- निविदा समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होगी। 4- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 5- सम्पूर्ण दरें जी.एस.टी. छोडकर प्रस्तुत की जावें। 6- वाहन चालक को हमेशा ड्रायविंग लाइसेंस एवं बीमा साथ में रखना होगा एवं हर समय कार्य के लिये तैयार रहना होगा। 7- वाहन वाणिज्यिक परिवहन वाहन के रूप में पंजीबद्ध होना चाहिये। 8. समस्त छोटे बडे मरम्मत कार्य फर्म /वाहन मालिक को ही करवाने होंगे। 9- ड्रायवर के वेतन, भत्ते टैक्स आदि मरम्मत व्यय फर्म ।वाहन मालिक द्वारा वहन किया जावेगा। 10. वाहन शासकीय प्रयोजन हेतु अधिग्रहण किये जाने से 24 घंटे सेवा में रहेगा। 11- वाहन का मॉडल जनवरी 2023 के पश्चात का होना अनिवार्य है। 12. ड्रायवर निकाय कार्यालय के निकट का होना आवश्यक है ताकि समय पर उपस्थित हो सके। 13- निविदाकारों को दोनों आइटमों (With Driver एवं Without Driver) के लिए अपनी मासिक दरें वित्तीय बिड में अलग.अलग प्रस्तुत करनी होंगी। निविदा का मूल्यांकन और न्यूनतम दर (L-1) का निर्धारण प्रत्येक आइटम के लिए स्वतंत्र रूप से किया जाएगा। दोनों आइटमों के लिए पृथक.पृथक न्यूनतम दर (L-1) के आधार पर ही आइटम.वार अलग अनुबंध (Agreement) निष्पादित किया जावेगा एवं उसी के अनुसार कार्य आदेश (Work Order) जारी किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद चित्रकूट जिला सतना म.प्र.

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला सिंगरौली (म.प्र.)

email:- plusingrauli@gmail.com ph.no. 07805-297421

एनआईटी नं.-15/2026/केन्द्रीयकृत निविदा/सी.ई./पी.डब्ल्यू.डी./बिल्डिंग/998 रीवा, दि. 26.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| स. क्र. | टेंडर पोर्टल नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख में | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_511884_1 | जिला सिंगरौली में 100 बिस्तरीय ब्लॉक-चितरंगी सिविल अस्पताल भवन का निर्माण कार्य (द्वितीय आमन्त्रण) | सिंगरौली | 2001.14 | 1000570.00 | 50000.00 | 18 माह |
| 2 | 2026_PWPIU_511895_1 | ग्राम-पचौर ब्लॉक बैदन, जिला सिंगरौली में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के लिए प्रस्तावित भवन निर्माण कार्य (द्वितीय आमन्त्रण) | सिंगरौली | 382.50 | 382500.00 | 15000.00 | 12 माह |

1-निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2-निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कॅशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3-निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन 01.06.2026 समय 10.00 से दिनांक 16.06.2026 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4-निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-14327/26

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

## संक्षिप्त खबरें

### सीएमएचओ को ओपीडी से गायब मिले डॉक्टर अब कटेगा वेतन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने शुक्रवार को विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर में दो विशेषज्ञ डॉक्टर ओपीडी समय में अनुपस्थित पाए गए, जबकि दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद मिले। इस पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रगति पटेल और निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राहुल जैन बिना पूर्व सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। सीएमएचओ ने दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि सक्षम अनुमति के बिना अनुपस्थित अवधि का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुगलिया हाट और कुराना बंद पाए गए। इस पर वहां पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सात दिन के वेतन कटौती का नोटिस जारी किया गया है। सीएमएचओ ने ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत आयोजित टीकाकरण सत्रों का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दी जा रही टीकाकरण एवं पोषण सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित उपस्थिति और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### आयोग के 34 कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का दर्जा

**विसं भोपाल।** राज्य एवं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोगों में कार्यरत 34 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का दर्जा प्रदान करने की अनुमति दे दी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर लिए गए इस निर्णय से वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को स्थायित्व, सेवा सुरक्षा तथा विभिन्न शासकीय सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।मंत्री राजपूत ने बताया कि इस निर्णय के तहत राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग एवं जिला आयोगों में कार्यरत 29 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों तथा 5 ऑफिस मोहर्रिर-सह-डिस्पेचर पदों पर कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी। इस संबंध में विभाग द्वारा औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### सेंट्रल बैंक का असिस्टेंट मेनेजर घूस लेते गिरफ्तार



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शहडोल में सीबीआई ने सेंट्रल बैंक के सहायक प्रबंधक अभयंकर शर्मा को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बैंकिंग कियोस्क की अनुमति के एवज में घूस मांगी थी। गिरफ्तारी के बाद उसके ग्वालियर स्थित घर पर भी छापे मारे गए। जानकारी के अनुसार शहडोल निवासी दीपेंद्र सिंह ने जिले में चार बैंकिंग कियोस्क खोलने के लिए आवेदन किया था। इसे मंजूर करने और एनओसी जारी करने के लिए अभयंकर उनसे 10 हजार रुपये की डिमांड कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई जबलपुर के एसपी एसके राठी ने ट्रेप का प्लान बनाया। गुरुवार को जैसे ही सहायक प्रबंधक ने बैंक के बाहर स्थित गुरुद्वारे के नजदीक नकदी हाथ में ली, ताक में बैठी सीबीआई टीम ने उसे पकड़ लिया। सीबीआई ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में लेने के बाद पूछताछ शुरू कर दी है।

# प्रदेश के कांग्रेस विधायकों का दिल्ली में प्रदर्शन

## राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करने का विरोध, राष्ट्रपति से मिलने का नहीं मिला समय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति भवन जाते वक्त उन्हें पुलिस ने रोका, जिससे उनकी जवानों के साथ झूमा-झटकी और नोंक-झोक हुई। इस पर पुलिस ने प्रदेश के नेताओं सहित विधायकों को हिरासत में ले लिया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। मध्यप्रदेश कांग्रेस के विधायकों ने गुरुवार को राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय मांगा था, लेकिन शुक्रवार को उन्हें समय नहीं मिलने की जानकारी दी गई। इस पर विधायकों ने राष्ट्रपति भवन की ओर कूच करने की कोशिश की, तो उन्हें पुलिस ने रास्ते में रोक लिया। जिससे विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस से जमकर झूमाझटकी देखने को मिली। तकरीबन तीन घंटे बाद पुलिस ने नेताओं और विधायकों को छोड़ दिया।



### चुनाव आयोग ही लोकतंत्र का गला घोट रहा: पटवारी

इससे पहले एआईसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए संख्या के हिसाब से कांग्रेस को 58 विधायकों की जरुरत थी और उसके पास इससे ज्यादा विधायक हैं। निर्दलीय विधायक भी उनके साथ है। हमारी एकजुटता से भयभीत होकर भाजपा ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज कराने का अपराध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव के निर्वाचन अधिकारी आरएसएस की पृष्ठभूमि से आते हैं और उनकी भूमिका पहले भी संदिग्ध रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने इस मामले में लोकतंत्र का गला घोटा है।

### नामांकन में कोई चूक नहीं हुई: नटराजन

पत्रकार वार्ता में मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि राज्यसभा के लिए नामांकन भरने के दौरान उनसे किसी भी तरह की कोई चूक नहीं हुई है। निजी शिकायत की जानकारी देने के लिए फॉर्म 26 में कोई कॉलम ही नहीं था। अगर ऐसा कॉलम होता,तो वह यह सूचना जरुर देती। उनके फॉर्म में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं थी और न ही मांगी गई कोई जानकारी उनके द्वारा छिपाई गई।



### भाजपा अब सीधे सीट चोरी करने लगी है: सिंघार

पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इस तरह की घटना ने देश में हर चुनाव पर संदेह पैदा कर दिया है। चाहे वह नगर निकाय, पंचायत, जिला परिषद, बाजार समिति, सहकारी या फिर विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा के चुनाव क्यों न हों। अगर हालात ऐसे हैं, तो देश में संवैधानिक संस्थाओं के स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। सिंघार ने रिटर्निंग ऑफिसर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे स्वयं मान रहे हैं कि दबाव में गलत काम किया है। इसी तरह प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब यह संस्था एकपक्षीय हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव आयुक्तों के चयन की प्रक्रिया से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक कैबिनेट मंत्री को शामिल कर लिया। अब सरकार जिसे चाह रही है, उसे नियुक्त कर रही है।मीनाक्षी नटराजन ने सभी नियमों का पालन करते हुए नामांकन भरा था, लेकिन फिर भी उसे रदद् कर दिया गया, वहीं झारखंड में भाजपा समर्पित उम्मीदवार के नामांकन पत्र में कई बड़ी गलतियां थीं,लेकिन उन्हें सुधारने का मौका दिया गया। उन्होंने मोदी है,तो मुमकिन है नारे पर तंज कसते हुए कहा कि इसकी कीमत आज देश का हर वर्ग चुका रहा है।

# हाईकोर्ट से सौरभ शर्मा की जमानत याचिका फिर खारिज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के चर्चित आरटीओ आरक्षक और मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को जबलपुर हाईकोर्ट ने सौरभ शर्मा की अस्थायी जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है।



उसने अपनी पत्नी दिव्या तिवारी की सर्जरी और बच्चों की देखभाल का हवाला देकर 60 दिन की अस्थायी जमानत देने की गुहार कोर्ट से लगाई थी। इस मामले में बुधवार को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था, जिसे शुक्रवार को सार्वजनिक किया गया। सौरभ शर्मा पिछले 17 माह से अपने साथियों शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर के साथ जेल में बंद हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद जमानत देने से इनकार कर दिया। इससे पहले भोपाल जिला अदालत और हाईकोर्ट जबलपुर सौरभ शर्मा की नियमित जमानत याचिकाओं को खारिज कर चुके हैं।

### छापों में मिली थी करोड़ों की संपत्ति

अपनी इस अस्थायी जमानत याचिका में सौरभ शर्मा ने मानवीय आधार को वजह बताया था। उसने पत्नी दिव्या तिवारी के गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित होने के साथ पत्नी की फंक्शनल एंडोस्कोपी साइनस सर्जरी का हवाला दिया था। याचिका में तर्क दिया गया था कि ऑपरेशन के बाद पत्नी की रिकवरी और उनके दो छोटे बच्चों की देखभाल करने के लिए 60 दिन की अस्थायी जमानत दी जाए। हालांकि कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत देने से मना कर दिया। इससे पहले भी हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार के इस मामले में 108 करोड़ रुपये की संपत्ति, 51 किलो सोना और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े ठोस सबूतों का उल्लेख करते हुए सौरभ की जमानत अर्जी ठुकरा दी थी। सौरभ के यहां लोकायुक्त और ईडी के छापों में जहां करोड़ों की प्रॉपर्टी मिली थी, वहीं आयकर की कार्रवाई में मेंडोरा गांव से एक कार में 51 किलो सोना और 12 करोड़ कैश भी मिला था। आयकर विभाग की जांच में यह नकदी और गोल्ड सौरभ का ही पाया गया था।

# भाजपा ने मनाया उत्सव, कांग्रेस पर साधा निशाना

## प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री सहित दूसरे बड़े नेता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा की तीनों सीट जीतने पर प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार को विजय उत्सव मनाया। इस मौके पर वक्ताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपने नेता, कार्यकर्ताओं व जनता पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी नटराजन के नामांकन में अपराध की जानकारी छिपाना कांग्रेस का पूर्व नियोजित षडयंत्र है। कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के लिए राज्यसभा बड़े लोगों व नेताओं के लिए होती है, लेकिन भाजपा में सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता को उच्च सदन भेजा जा रहा है। मध्यप्रदेश ने संत-महंत समुदाय के उमेश नाथ महाराज ,माया नरोलिया, रजनीश अग्रवाल एवं अति पिछड़े समुदाय से आने वाले महेश केवट को राज्यसभा भेजा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से झूठ बोलती आ रही है, लेकिन इस बार कांग्रेस का झूठ पकड़ा गया । कांग्रेस की तेलंगाना की एक महिला कार्यकर्ता के साथ हुए अपराध में न्याय नहीं दिला पाने वाली कांग्रेस भाजपा पर अनर्गल आरोप लगाती है। कांग्रेस की कार्यकर्ता को न्याय नहीं मिला, इसी कारण मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ मामला कोर्ट पहुंचा है। सीएम ने कहा कि भाजपा के पास जानकारी आई, तो निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई। निर्वाचन अधिकारी ने दस्तावेजों की जांच में अपराध की जानकारी छिपाना सामने आया और नामांकन निरस्त हो गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पास संख्या बल नहीं था, क्योंकि कांग्रेस के विधायकों को प्रदेश से बाहर ले जाने के लिए जो 75 सीटर विमान आया था, उसमें सिर्फ 25 ही विधायक सवार थे। विमान की सीट भरने के लिए विधायकों के परिवार को बुलाना गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि तीनों राज्यसभा सदस्य मप्र व देश की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। संसदीय गरिमा को गौरवांवित करने के साथ विकास की बात को और बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व बढ़ना पूरे प्रदेश के लिए एक गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस तेजी के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है, उसमें पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।



### ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर इतिहास रच दिया

प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा नवनिर्वाचित सासंद देश के प्रगति, नीति-निर्धारण व जनकल्याण के कार्यो को निष्ठा से निभाएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व कर्मठता से प्रदेश का संगठन देश के आदर्श संगठनों में गिना जाता है। राज्यसभा की तीनों सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। विपक्षी दल के प्रत्याशी बहाना बनाकर चुनावी मैदान छोड़कर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं। संभावित हार से बचने के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी पहले भी इस तरह के हथकंड़े अपनाते रहे हैं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री करण वर्मा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी श्याम महाजन, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी,प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल, महापौर मालती राय सहित दूसरे कार्यकर्ता पार्टी के वरिष्ठ नेता व निगम मंडल के अध्यक्ष उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

# लोकायुक्त एक्शन, एक दिन में दो ट्रैप, तीन घूसखोर गिरफ्तार

## लोन रिन्यू कराने और नामांतरण के एवज में मांगी थी रिश्वत

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को लोकायुक्त की इंदौर और सागर यूनिट ने दो अलग-अलग कार्रवाई में तीन रिश्वतखोर सरकारी कर्मचारियों को रंगे हाथों दबोचा है। पहला मामला इंदौर की देपालपुर तहसील के गौतमपुरा स्थित सेवा सहकारी संस्था का है। यहां एक किसान के केसीसी लोन को रिन्यू करने के एवज में 20 हजार रुपये की मांग की गई थी। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुनघारा निवासी किसान जाकिर हुसैन पटेल ने 2024 में 2 लाख रुपये का केसीसी लोन लिया था। इसे एक साल में बिना ब्याज के जमा करना था, लेकिन किसान समय पर राशि नहीं भर सके। 2026 में जब वे अपना लोन रिन्यू करवाने पहुंचे, तो ब्याज मिलाकर उन्हें कुल 2 लाख 30 हजार रुपये जमा करने थे। इस काम के लिए सेवा सहकारी संस्था अत्याना के प्रभारी समिति प्रबंधक अमन जोशी और सहायक प्रबंधक रमेशचंद्र पंड्या ने 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शुक्रवार को जैसे ही किसान ने सहकारी संस्था के दफ्तर में दोनों आरोपियों को 20 हजार रुपये दिए, वैसे ही लोकायुक्त प्रतिभा तोमर की टीम ने उन्हें मौके पर ही धर दबोचा। लोकायुक्त पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर इसकी जानकारी कलेक्टर और सहकारिता विभाग के अफसरों को दे दी है।



### घूस लेने जैसीनगर से सागर पहुंचा पटवारी, रोड पर ट्रैप

एक अन्य कार्रवाई में लोकायुक्त पुलिस की सागर यूनिट ने जैसीनगर तहसील के पटवारी को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा है। पटवारी ने यह जमीन के नामांतरण के एवज में घूस मांगी थी।आवेदक भगवान दास सोलंकी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्रवधू ने ग्राम कंकर कुइया में 1.4 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। इसके नामांतरण के लिए उन्होंने तहसीलदार कार्यालय में आवेदन दिया था। नामांतरण के लिए बम्होरी घाट हल्का के पटवारी मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने आवेदक से 10 हजार रुपये की डिमांड की। शुक्रवार को पटवारी घूस की रकम लेने जैसे ही सागर के तीली तिराहा गणेशपुरम रोड पर पहुंचा और आवेदक से 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, वैसे ही कमल उईके की टीम ने उसे दबोच लिया।

### मोदी की उपलब्धियां बताने घर-घर पहुंच रहे कार्यकर्ता

**विसं, भोपाल।** राजधानी सहित पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 साल का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं से लेकर सरकार के मंत्री अपने क्षेत्रों में घर-घर पहुंच रहे हैं। वे लोगों को सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं। भाजपा और उनकी सरकारों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विश्वास विकास व जनकल्याण के 12 वर्ष महाजनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। मंगलवार को नरेला क्षेत्र में कार्यक्रम हुए। स्थानीय विधायक और सरकार के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपने विधानसभा के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और पिछले 12 वर्षों में देश में हुए परिवर्तन की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। सारंग ने कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, अमृत 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं के हितलाभ की जानकारी दी।

# 13 किलोमीटर के नए रेलवे ट्रैक पर 120 की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

## श्यामपुर-कुरावर के बीच सीआरएस ने किया ट्रायल, 2027 तक शुरू हो जाएगी नई रेल लाइन



भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन परियोजना का काम तेजी से चल रहा है।

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रामगंज मंडी नई रेल लाइन परियोजना का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। कई खंडों में चल रहे काम पर ट्रायल भी किया जा रहा है। शुक्रवार को श्यामपुर से कुरावर के बीच 13 किलो मीटर के रेलवे ट्रैक पर 120 की स्पीड से ट्रेन चलाई गई। यह ट्रायल पूरी तरह सफल रहा। दरअसल शुक्रवार को इस ट्रैक का परीक्षण करने मुंबई से रेल सेफ्टी कमिश्नर गुरु प्रकाश भोपाल आए थे। यहां से वह एक विशेष ट्रेन में सवार होकर परियोजना स्थल पर पहुंचे। उनके साथ भोपाल रेल मंडल के मंडल प्रबंधक पंकज त्यागी भी मौजूद थे। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार निरीक्षण के दौरान सीआरएस द्वारा श्यामपुर-कुरावररेलखंड की संरक्षा, तकनीकी गुणवत्ता तथा यात्री एवं मालगाड़ी संचालन के लिए उसकी उपयुक्तता सुनिश्चित की गई। साथ ही मोटर ट्राली द्वारा संरक्षा एवं तकनीकी मानकों का गहन परीक्षण किया गया। इस दौरान ट्रैक, पुलों, समपार फाटकों, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली सहित अन्य रेलवे अवसंरचनाओं का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान डीआरएम पंकज त्यागी, मुख्य परियोजना प्रबंधक पंकज स्वाइन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण एमएस हाशमी, उप मुख्य अभियंता मो. वसीम सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ट्रेन में सवार स्टाफ ने जताई खुशी

श्यामपुर-कुरावर सेक्शन की कुल दूरी 13.70 किलोमीटर है। सीआरएस गुरू प्रकाश ने इस नवनिर्मित रेललाइन पर ट्रायल से पूर्व श्यामपुर एवं कुरावर स्टेशन यार्ड का विधिवत परीक्षण किया। इसके बाद, सीआरएस ने इस नई रेल लाइन का अधिकतम 120 किमी/घंटा की गति से सफल स्पीड ट्रायल किया। जब ट्रेन के स्पीडो मीटर का कांटा 120 पर पहुंचा तो वहां मौजूद स्टाफ खुशी से झूम उठा और जब बजरंग बलि का नारा लगा दिया।

### 276 किमी लंबा है प्रोजेक्ट

उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के 276 किमी के अंतर्गत कुल 27 स्टेशन में से निशातपुरा डी केबिन से ब्यावरा तक 111 किलोमीटर का रेलखंड भोपाल के अधीन आता है, शेष रामगंजमंडी से नरसिंहपुर तक 165 किलोमीटर का खंड कोटा मंडल के अधीन आता है। जिसमें भोपाल मंडल में निशातपुरा डी केबिन से कुरावर तक सीआरएस निरीक्षण के साथ कुल 56 किलोमीटर का कार्य पूरा हो गया है शेष खंड सोनकच्छ-नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा-सोनकच्छ वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरा करने का लक्ष्य है।

**बदलाव** राज्य सरकार की डेडलाइन देख विभाग बना रहे तबादलों की सूची, इधर...

# पुराने तबादला आदेश निरस्त करने में जुटा उच्च शिक्षा

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** राज्य सरकार की डेडलाइन देख सारे विभाग जहां नई तबादला सूची को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, वहीं उच्च शिक्षा विभाग अपना पुराना बस्ता खोलकर बैठ गया है। विभाग में ऐसे आदेश ढूंढ-ढूंढकर निकाले जात रहे हैं, जिन पर आज तक अमल ही नहीं हो सका है। नई सूची बनाने के पहले विभाग ऐसे सारे आदेश निरस्त कर विभाग द्वारा नए सिरे से ट्रांसफर किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि सहायक प्राध्यापकों, प्राध्यापकों सहित विभाग ने ग्रंथपालों, क्रीड़ाधिकारी तथा प्राचार्यों के अलावा गैर शैक्षणिक संवर्ग में भी बड़ी संख्या में तबादले किए थे। मगर अपने आदेशों पर अमल करने में विभाग ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। कई ऐसे प्रोफेसर्स थे, जिन्होंने विभाग के आदेश को महत्व ही नहीं दिया। वे अपना तबादला रुकवाने में ही लगे रहे। लंबे समय तक प्रयास के बाद भी तबादला निरस्त नहीं हुआ तो विभाग भी ऐसे आदेशों को दबाकर बैठ गया। अब एक साल बाद फिर इन पुराने आदेशों को बाहर निकाल लिया गया है। खास बात यह है कि विभाग द्वारा अलग-अलग आदेश जारी कर पुराने ट्रांसफर निरस्त किए जा रहे हैं।



### ये आदेश भी किए निरस्त

इसी प्रकार डॉ. आलोक भावसार प्राध्यापक चित्रकला का तबादला पिछले साल 8 अक्टूबर 2025 को किया गया था। इस आदेश के तहत डॉ. भावसार को हमीदिया कालेज भोपाल से माधव महाविद्यालय भेजा गया था, लेकिन एक साल बाद भी आदेश पर अमल नहीं हुआ। यह आदेश भी दबा रहा। अब दबे पांव यह आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। यह आदेश भी 8 जून को जारी किया गया।

### कोर्ट का आदेश भी एक साल दबाया

हाईकोर्ट के आदेशों को लेकर भी विभाग गंभीर नहीं है। इसका उदाहरण है ग्रंथपाल वीरेंद्र प्रताप सिंह परिहार का आदेश। विभाग ने पिछले साल परिहार का तबादला कन्या महाविद्यालय सतना से आलमपुर भिंड के कालेज में कर दिया था। विभाग के आदेश के खिलाफ परिहार ने 9 जून 2025 को हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। सुनवाई के बाद अदालत ने 23 जून 2025 को आदेश निरस्त कर दिया था। आदेश ही विभाग साल भर तक दबाकर बैठा रहा। अब तबादलों को लेकर नए सिरे से उठापटक शुरू होने पर विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश पर अमल करते हुए अपना पुराना आदेश निरस्त किया है।

### ज्वाइनिंग के पहले ही बदले कॉलेज

इसी प्रकार नव नियुक्त सहायक प्राध्यापकों की पदस्थापना भी ज्वाइनिंग के पहले ही बदलना शुरू कर दी गई है। दो माह पहले 22 अप्रैल को विभाग ने नव नियुक्त सहायक प्राध्यापकों की पदस्थापना की थी। मगर कई सहायक प्राध्यापकों ने विभाग द्वारा तय कॉलेज में ज्वाइनिंग ही नहीं दी। इनमें से मनीष कुमार तिवारी को पीजी कालेज सिवनी की जगह पीजी कालेज नरसिंहपुर तथा डॉ. टीकाराम सनोदिया को नरसिंहपुर की जगह सिवनी स्थानांतरित किया गया है।

# इंदौर जंक्शन से लक्ष्मीबाई नगर शिफ्ट होंगी ट्रेनें



**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से रेल का सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। इंदौर जंक्शन के पुनर्विकास और नई भव्य स्टेशन बिल्डिंग के निर्माण की तैयारी तेज हो गई है। करोड़ों की लागत से बनने वाले इस मेगा प्रोजेक्ट के चलते ट्रेनों का संचालन चरणबद्ध तरीके से लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। पमरे के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। यहां यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल इंदौर यार्ड क्षेत्र में नॉन-इंटरलॉकिंग का काम जारी है। इसके लिए मेजर ब्लॉक लिया है। इसी वजह से कुछ ट्रेनों को अस्थायी रूप से निरस्त भी किया था। इस दौरान ट्रैक सर्किट, सिग्नलिंग सिस्टम और कंप्यूटर आधारित ऑपरेशन कंट्रोल सिस्टम को नए स्टेशन परिसर में शिफ्ट किया जा रहा है। तकनीकी कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का संचालन लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद इंदौर जंक्शन पर अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय स्टेशन निर्माण का काम तेज होगा।

# कन्या कौशल शिविर, सेवा भारती मंडला में योग सत्र एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित






**जागरण मंडला।** कन्या कौशल शिविर, सेवाभारती मंडला में आयुष विभाग के सहयोग से योग सत्र एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका धुर्वे (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) एवं डॉ. एकता वाल्को (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) द्वारा बालिकाओं को योग एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। सत्र का शुभारंभ ध्यान के अभ्यास से हुआ। इस दौरान बालिकाओं को मानसिक शांति एवं एकाग्रता का अनुभव कराने के साथ-साथ जीवन में सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

शिविर में विशेष रूप से किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया, जो उनके शारीरिक विकास एवं हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। साथ ही, ऐसे योगासनों की जानकारी भी दी गई जिन्हें बालिकाएँ अपने घर पर माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों को भी सिखा सकें, जिससे पूरा परिवार जीवनशैली जनित विभिन्न रोगों से बचाव कर स्वस्थ जीवन अपना सके।

योग सत्र के उपरांत बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक संक्षिप्त करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन किया गया। इसमें उन्हें अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप सही दिशा का चयन करने तथा भविष्य की योजनाओं को बेहतर ढंग से निर्धारित करने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी बालिकाओं को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या एवं जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर कन्या कौशल शिविर की संपूर्ण टीम, श्री हरिकेश दुबे, श्री दीपक रोहरा, श्रीमती सत्या रोहरा, छिंदवाड़ा टीम से सुश्री अनीता राउत, सुश्री कविता सूर्यवंशी, सुश्री माही दत्ता तथा आयुर्वेदिक जिला चिकित्सालय के स्टाफ सदस्य श्री अशोक दास बैरागी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# रामजानकी मंदिर में संतों का संगम, करोड़ों रामनाम लेखन महोत्सव का हुआ भव्य समापन

**छतरपुर।** पठापुर रोड स्थित श्री रामजानकी मंदिर हर्षण कुंज में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम नाम महोत्सव का शुक्रवार को भक्ति, श्रद्धा और संत समागम के साथ भव्य समापन हुआ। प्रभात फेरी मंडल द्वारा जगतगुरु श्री बल्लभाचार्य जी महाराज के आशीर्वाद एवं महंत श्री परसोत्तम दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संतजन शामिल हुए।

महोत्सव का शुभारंभ 10 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। श्री रामजानकी मंदिर से निकली कलश यात्रा नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए हनुमान टोरिया पहुंची। यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की, वहीं करोड़ों रामनाम लेखन की पवित्र पुस्तक भी श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा में शामिल की गई। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

समापन अवसर पर संतों का विशेष समागम आयोजित किया गया, जिसमें सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार तथा हिंदू समाज की एकजुटता को लेकर मंथन किया गया। संतों ने समाज को धर्म एवं संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान रामजानकी मंडल द्वारा उपस्थित संतों का सम्मान एवं स्वागत किया गया। संतों ने सामूहिक रूप से प्रसादी ग्रहण की, जिसके बाद श्रद्धालुओं के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के सदस्य मुकेश मिश्रा ने बताया कि यह अपने प्रकार का अनूठा आयोजन है, जिसमें करोड़ों रामनाम लेखन की पुस्तक के साथ नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि 11 जून को रामनाम अर्चन एवं भक्तमाला कथा का आयोजन किया गया, जबकि 12 जून को रामनाम अर्चन, संत संगोष्ठी, रामनाम महिमा का वर्णन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# सटई अस्पताल में दो दिन से डॉक्टर नदारद, मरीज बेहाल

## एमएलसी के लिए घायल और पुलिसकर्मी भी परेशान

**सटई ।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सटई की स्वास्थ्य सेवाएं एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। अस्पताल में पदस्थ चार डॉक्टरों के बावजूद पिछले दो दिनों से एक भी चिकित्सक के अस्पताल नहीं पहुंचने का आरोप लगाया गया है। डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और मजबूरी में कई लोग झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार कराने को विवश हैं।

भीषण गर्मी और मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन चिकित्सकों के न मिलने से उन्हें बिना इलाज वापस लौटना पड़ रहा है। मरीज पूजा ने बताया कि वह दो दिनों से अस्पताल के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन कोई डॉक्टर नहीं मिला। उन्होंने बताया कि उन्हें उपचार और बोतल चढ़वाने की आवश्यकता थी, लेकिन सुबह 10 बजे से दोपहर तक इंतजार करने के बाद भी कोई चिकित्सक नहीं आया।

इसी तरह बहारगंज और बरया से आई महिलाओं ने भी आरोप लगाया कि कई दिनों से अस्पताल आने के बावजूद उन्हें डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं, जिसके कारण बिना उपचार घर लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

# बागेश्वर धाम पहुंचे पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल, पं. धीरेन्द्र शास्त्री से लिया आशीर्वाद

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल ने गुरुवार को बागेश्वर धाम पहुंचकर बागेश्वर बालाजी भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। बागेश्वर धाम में पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने राज्य मंत्री लखन पटेल का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण चर्चा भी हुई। चर्चा के दौरान बागेश्वर सरकार ने मई माह में संपन्न हुई अपनी कठिन साधना के अनुभव साझा किए। उन्होंने साधना से जुड़े आध्यात्मिक पहलुओं और उससे प्राप्त अनुभूतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंत्री लखन पटेल ने भी बागेश्वर सरकार से आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर धाम के संतजन, श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। राज्य मंत्री के आगमन को लेकर बागेश्वर धाम में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला।



# कौस्मिक ऊर्जा तरंग तकनीक से कच्चे तेल और भू-जल खोज का दावा, सरकार से सहयोग की अपील

**छतरपुर।** स्थानीय शोधकर्ता संतोष द्विवेदी ने एक प्रेस नोट जारी कर दावा किया है कि उन्होंने वर्षों के अथक प्रयास से कौस्मिक ऊर्जा तरंग प्रौद्योगिकी पर आधारित कुछ विशेष उपकरण विकसित किए हैं। दावा किया गया है कि ये उपकरण मानव ऊर्जा के एक निश्चित अनुपात से संचालित होते हैं और इन्हें किसी अन्य बाहरी ऊर्जा स्रोत की आवश्यकता नहीं होती है। शोधकर्ता के अनुसार, वर्ष 2012-13 में इस तकनीक के शुरुआती निर्माण के समय ही भारत सरकार को इससे अवगत कराया गया था, जिसके बाद तकनीकी परीक्षण के लिए भीमकुण्ड के पास भू-जल स्रोत खोज के दौरान विशाल पानी के भंडार का पता चला था। संतोष द्विवेदी ने बताया गया है कि निरंतर प्रयासों के बाद अप्रैल 2019 के दौरान मध्य प्रदेश, रायपुर और छत्तीसगढ़ के अनेक भू-भागों में इसके सफल नैदानिक परीक्षण किए गए। इस तकनीक को समझने के लिए जल मंत्रालय और सीजीडब्ल्यूबी बोर्ड के साथ कई बैठकें भी हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, जुलाई 2019 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के महानिदेशक के साथ भारतीय सीमा में क्रूड-ऑयल भंडारों को लेकर भी विशेष चर्चा हुई थी। तत्कालीन जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी पेयजल समस्या के समाधान के लिए इस तकनीक की मदद से निर्देश दिए थे, परंतु कोविड-19 महामारी के कारण आगे का कार्य रुक गया था। वर्तमान में देश की पेट्रोलियम समस्या को देखते हुए शोधकर्ता ने देशहित और जनहित में भारत सरकार से पुनः अपनी इस सटीक तकनीक के माध्यम से समस्या के समाधान के लिए सहयोग की अपील की है।

# गरीबों पर कहर, प्रदेश अध्यक्ष के हस्ताक्षेप से मिला न्याय

**जागरण मण्डला।** जिला मुख्यालय के उपनगर महाराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पौंडी में पंचायत की जमीन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। पेट्रोल पंप के समीप स्थित पंचायत भूमि पर वर्षों से छोटे-छोटे व्यवसाय कर अपना जीवनयापन कर रहे गरीब और आदिवासी कुम्हार प्रजापति परिवारों को हटाकर एक दबंग व्यक्ति द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम मौके पर पहुंचे और हस्तक्षेप करते हुए कार्यवाही रुकवाई। जानकारी अनुसार पंचायत की उक्त भूमि पर कई वर्षों से स्थानीय गरीब परिवार अपनी छोटी-छोटी दुकानें लगाकर रोजी-रोटी चला रहे हैं। इन परिवारों का जीवनयापन इसी व्यवसाय पर निर्भर है। आरोप है कि क्षेत्र के एक प्रभावशाली व्यक्ति ने इन लोगों को हटाकर जमीन पर अपना कब्जा जमाने की तैयारी कर ली थी। इसके लिए मौके पर जेसीबी मशीन भी बुला ली गई थी जिससे वहां मौजूद दुकानों और अस्थायी निर्माणों को हटाया जा सके। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा गोंडवाना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम को दी गई। सूचना मिलते ही वे तत्काल मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित व्यक्ति को पंचायत भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा नहीं करने की चेतावनी देते हुए कार्रवाई पर रोक लगवाई। इसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों और दुकानदारों ने राहत की सांस ली। वहीं कमलेश तेकाम ने कहा कि यह जमीन ग्राम पंचायत की संपत्ति है और इस पर वर्षों से गरीब आदिवासी कुम्हार प्रजापति परिवार अपनी दुकानों के माध्यम से रोजगार चला रहे हैं। ऐसे में किसी एक व्यक्ति द्वारा दबंगई के बल पर इन लोगों को हटाकर कब्जा करना न केवल गलत है बल्कि गरीबों के अधिकारों का हनन भी है। उन्होंने कहा कि पंचायत की जमीन पर किसी भी व्यक्ति का निजी कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि इस भूमि का उपयोग होना है तो वह गांव और ग्रामीणों के हित में होना चाहिए। इसके लिए पंचायत स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर नियमानुसार विकास कार्य किए जाएं ताकि पूरे गांव को उसका लाभ मिल सके। कमलेश तेकाम ने ग्राम पंचायत पौंडी के सरपंच से भी इस संबंध में चर्चा की और भूमि की स्थिति की जानकारी ली। सरपंच ने भी बताया कि संबंधित भूमि पंचायत की है। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया कि पंचायत की भूमि के उपयोग को लेकर उचित प्रस्ताव तैयार किया जाए तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को रोका जाए। जानकारी के अनुसार संबंधित व्यापारी लंबे समय से उक्त जमीन को खाली कराने जुगाड़ लगा रहा है ताकि उसके खेतों की जमीनों की कीमत करोड़ो रूपए हो जाए यह पहला मामला नही है इसके पहले भी कार्यवाही का भय दिखाकर फुटकर व्यापारियों को परेशान किया जा चुका है।



# मिलेट क्वीन लहरी बाई ने मंडला के श्री अन्न को दिलाई वैश्विक पहचान




**जागरण मंडला।** इंदौर में आयोजित ब्रिक्स एग्रीकल्चर समिट 2026 में हुई शामिल,21 देशों के प्रतिनिधियों ने सराहा मेहनत, नवाचार और परम्परागत कृषि ज्ञान के बल पर मंडला जिले की प्रगतिशील कृषक श्रीमती लहरी बाई आज देश ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना चुकी हैं। मिलेट क्वीन के नाम से प्रसिद्ध श्रीमती लहरी बाई ने श्री अन्न (मिलेट) के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देकर जिले के किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं।

श्रीमती लहरी बाई ने वर्षों पहले कोदो, कुटकी, रागी और अन्य मोटे अनाजों की पारंपरिक किस्मों को संरक्षित करने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने खेतों में विभिन्न देशी बीजों का संग्रह एवं संरक्षण कर न केवल जैव विविधता को बचाया, बल्कि किसानों को भी श्री अन्न की खेती के प्रति जागरूक किया। उनके प्रयासों से अनेक किसान कम लागत और बेहतर पोषण वाले मिलेट उत्पादन की ओर आकर्षित हुए।

हाल ही में इंदौर में आयोजित ''ब्रिक्स एग्रीकल्चर समिट 2026'' में लहरी बाई द्वारा लगाए गए मंडला मिलेट स्टॉल ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने विभिन्न मिलेट उत्पादों का प्रदर्शन करते हुए उनके पोषण, स्वास्थ्य और आर्थिक महत्व की जानकारी साझा की। लगभग 21 देशों के प्रतिनिधियों ने उनके कार्यों की सराहना की और मंडला में मिलेट संवर्धन के प्रयासों को अनुकरणीय बताया।

श्रीमती लहरी बाई का मानना है कि श्री अन्न केवल एक फसल नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य का आधार है। उनके मार्गदर्शन में कई महिला स्व-सहायता समूह और किसान मिलेट आधारित उत्पाद तैयार कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के नए अवसर भी प्राप्त हुए हैं।

आज लहरी बाई की सफलता यह साबित करती है कि यदि परंपरागत ज्ञान को आधुनिक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ जोड़ा जाए तो स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है। उनकी उपलब्धियाँ मंडला जिले के किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं तथा श्री अन्न को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# टौरिया मोहल्ला कांड पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा




## बुलडोजर कार्रवाई की मांग को लेकर बंद रहा छतरपुर छतरपुर बंद को व्यापक समर्थन, 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो फिर होगा आंदोलन

**छतरपुर।** शहर के टौरिया मोहल्ला में हाल ही में हुई एक्सीडेंट के बाद मारपीट और एक छोटी बच्ची के घायल होने की जघन्य घटना के विरोध में नगर के व्यापारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों का आक्रोश चरम पर है। घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर आज सर्व व्यापारी संघ और हिंदू संगठनों ने बाजार बंद कर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर नहीं चला, तो वे फिर से उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## आरोपियों के अवैध कब्जों पर चले बुलडोजर

धरना प्रदर्शन के दौरान छत्रसाल व्यापारी महासंघ के संरक्षक परशुराम शुक्ला ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि जिस तरह से घायलों के साथ मारपीट की गई, वह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने आरोपियों के हौसले पस्त करने के लिए उनके घरों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, छत्रसाल व्यापारी संघ के महामंत्री अभिषेक ताम्रकार ने आरोप लगाया कि टौरिया मोहल्ला कांड के आरोपियों ने नजूल की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसे तत्काल खाली कराया जाए और अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाए। व्यापारी डालडे मातेले और गिरजा पाटकर ने भी एक स्वर में कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि यदि आरोपियों के मकान शासकीय भूमि पर बने हैं, तो उनकी जांच कर उन्हें तत्काल प्रभाव से गिराया जाए।

# अधिवक्ताओं की एकजुटता से मजबूत होगा संघ, सुविधाओं के विस्तार के लिए सांसद से करेंगे मुलाकात

**कटनी।** विजयराघवगढ़ तहसील अधिवक्ता संघ विजयराघवगढ़ अपने अधिवक्ताओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में संघ के पदाधिकारियों एवं सहयोगी अधिवक्ताओं ने 12 जून 2026 को क्षेत्रीय विधायक संजू भैया से भेंट कर अधिवक्ता संघ कार्यालय में बैठक व्यवस्था लाइब्रेरी आवश्यक संसाधनों एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु मांग पत्र सौंपा। विधायक ने अधिवक्ताओं की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अधिवक्ता केवल न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ ही नहीं हैं बल्कि समाज में न्याय अधिकार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करते हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं के लिए बेहतर कार्य वातावरण और आवश्यक सुविधाओं का उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए तहसील अधिवक्ता संघ ने निर्णय लिया है कि 15 जून 2026 को विजयराघवगढ़ आगमन पर सांसद विष्णु दत्त शर्मा से भी मुलाकात कर सांसद निधि से संघ कार्यालय के विकास लाइब्रेरी विस्तार तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु आर्थिक सहयोग का आग्रह किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने सभी अधिवक्ता साथियों से आह्वान किया है कि वे 15 जून को प्रातः 11 बजे निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर एकजुटता का परिचय दें और प्रतिनिधिमंडल के साथ सांसद से भेंट कर संघ की मांगों को प्रभावी ढंग से रखें। उनका कहना है कि अधिवक्ताओं की एकता ही संघ की सबसे बड़ी शक्ति है और सामूहिक प्रयासों से ही अधिवक्ता हितों से जुड़े लंबे समय से लंबित कार्यों को गति मिलेगी।अधिवक्ता संघ का विश्वास है कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग और अधिवक्ताओं की एकजुटता से संघ कार्यालय का विकास होगा तथा भविष्य में अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी जिससे न्यायिक कार्यों के संचालन में और अधिक सुगमता आएगी।

# आबकारी विभाग मण्डला की अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

**जागरण मंडला।** मण्डला वृत्त अंतर्गत अवैध मदिरा के विरुद्ध दबिश एवं जांच कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान महाराजपुर क्षेत्र के कारिकोन ग्राम में राज चक्रवर्ती के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सोफे के भीतर छिपाकर विक्रय के लिए रखी गई देशी एवं विदेशी मदिरा बरामद की गई। मौके से 10 नग एम.डी. व्हिस्की, 12 नग आर.एस. व्हिस्की, 10 नग एम.डी. रम तथा 30 नग देशी प्लेन मदिरा जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पेटेगांव में एक घर की तलाशी के दौरान 10 लीटर कच्ची मदिरा बरामद कर जप्त की गई। अवैध रूप से मदिरा का विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत विधिवत प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 9,900 रूपए आंकी गई है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी तथा आबकारी आरक्षक भानु पुसाम, सत्यपाल मरावी, शकुंतला सैयाम एवं नेतराम ककोटिया उपस्थित रहे।



# सलेहा में खूनी खेल, गरीब आदिवासी की मौत, डंपर मिस्टर इंडिया बनकर मुक्त



**जागरण, पन्ना ।** कहते हैं कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं, लेकिन मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के सलेहा में कानून के हाथ शायद %सत्ता की मलाई और मुरम के मलबे% के नीचे इस कदर दबे हैं कि उन्हें डंपर तो क्या, पूरा का पूरा अवैध उत्खनन का कारोबार ही नजर नहीं आ रहा। बीती 5 जून को पटना तमोली दरहाई मोड़ के पास महज़ एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में पल रहे खनन माफिया की बेलगाम हनक का एक और खूनी प्रमाण था। ग्राम छाजोरा निवासी सूखी लाल आदिवासी अपनी बाइक से घर जा रहे थे, तभी सामने से हवा में लहराते, नशे में चूर डंपर चालक ने उन्हें बेरहमी से कुचल दिया। सूखी लाल की मौके पर ही मौत हो गई और सह-यात्री मीरा आदिवासी जिंदगी और मौत से जूझ रही हैं। डंपर मुरूम से लोड था। नियम-कायदे गए तेल लेने, साहब को तो बस क्सीडेंट दिखा नाकी अवैध उत्खनन ! प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो डंपर अवैध रूप से खोदी गई मुरम से ओवरलोड लदा हुआ था। नियमानुसार पुलिस को इस मामले में खनिज विभाग और राजस्व विभाग को तुरंत सूचना देनी चाहिए थी। अवैध उत्खनन की धाराओं के तहत मामला दर्ज करना चाहिए था। डंपर को राजसात करने की कार्रवाई करनी चाहिए थी लेकिन सलेहा में तो अवैध उत्खनन का खेला चल रहा है। पुलिस ने सामान्य %एक्सीडेंटल केस% की मामूली धाराओं में प्रकरण समेट दिया। खनिज और राजस्व विभाग के अफसरों को भनक तक नहीं लगने दी गई, मानो वे किसी दूसरे ग्रह के अधिकारी हों।

इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है कि यह डंपर वर्तमान विधायक राजेश वर्मा के बेहद करीबी %छोटू जैन चलवाते हैं। डंपर भले ही कागजों में उनके रिश्तेदार नितेश जैन के नाम दर्ज हो, लेकिन सलेहा की धरती का सीना चीरने का जिम्मा तो इन्हीं के पास है। मुटमुरु बांध परियोजना की नहर के बगल की सरकारी मिट्टी हो या कहीं और की जमीन, जहाँ मन आया, वहाँ जेसीबी उतारी, अवैध गड्ढा किया और मुरम का टेंडर पास! प्रशासन सत्ता की इस धमक के आगे साष्टांग दंडवत मुद्रा में नजर आ रहा है।

## चीखता आदिवासी परिवार, सोता हुआ सिस्टम

एक तरफ जहाँ रसूखदार अपनी जेसीबी और डंपरों की गिनती और कमाई का हिसाब लगाने में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी तरफ एक गरीब आदिवासी परिवार का कमाऊ सदस्य हमेशा के लिए छिन चुका है। परिवार रोता-बिलखता असहाय खड़ा है, लेकिन उनकी फरियाद सुनने के लिए सत्ताधीशों के पास वक्त कहाँ है ।

## स्थानीय जनता की मांग

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस पूरे मामले को %सड़क हादसा मानकर रफा-दफा न किया जाए बल्कि अवैध खनन की जड़ों तक जाकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। पीड़ित आदिवासी परिवार को तुरंत भारी आर्थिक मुआवजा और न्याय दिया जाए। अब देखना यह है कि पन्ना का जिला प्रशासन और सूबे की सरकार इस अवैध उत्खनन और रसूख के कॉकटेल पर कोई हंटर चलाती है या फिर हमेशा की तरह गरीब की लाश पर सियासत और गिट्टी-मुरम का यह धंधा यूं ही फलता-फूलता रहेगा।

# रेत से भरे ट्रैक्टर ने मारी टक्कर युवक की मौत, पांच बेटियों के सर से उठा पिता का साया

जिले में सड़क दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं फर्राटे भर रहे वाहनों द्वारा लोगों को इस प्रकार रौंदा जा रहा है जिससे कीड़े मकोड़े की तरह लोगों की मौत हो रही है जिले में प्रतिदिन आधा दर्जन सड़क दुर्घटना होती हैं अजयगढ़ क्षेत्र में रेत से भरे ट्रैक्टर तथा डंपरों द्वारा लगातार दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है इसी प्रकार का मामला धरमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छतैनी मैं घटित हुआ रेत से भरे ट्रैक्टर द्वारा 45 वर्षीय युवक रज्जू सेन पिता गोरेलाल सेन को टक्कर मार दी जिससे रज्जू सेन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई रज्जू सेन की पांच बच्चियां हैं उनके सर से पिता का साया उठ गया अब कौन उनका भरण पोषण करेगा उक्त घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल कायम है।

# रेलवे के नाले में डूबी बच्ची का शव बरामद, गांव में पसरा मातम



**जागरण, पन्ना ।** देवेंद्र नगर थाना अंतर्गत बड़ागांव क्षेत्र में रेलवे निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए गहरे नाले में डूबने वाली बच्ची आसना कुशवाहा (पिता- प्रमोद कुशवाहा) का शव शनिवार सुबह लगभग 8 बजे बरामद कर लिया गया था। शव मिलने के बाद परिजनों सहित पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार 12 जून को आसना कुशवाहा के नाले में डूब जाने की सूचना मिलने पर पुलिस, प्रशासन, राहत एवं बचाव दल तथा ग्रामीणों द्वारा लगातार खोज अभियान चलाया गया था। देर शाम तक बच्ची का कोई पता नहीं चल सका था, जिसके चलते परिजन और ग्रामीण पूरी रात चिंतित रहे। शनिवार सुबह पुनः शुरू किए गए खोज अभियान के दौरान लगभग 8 बजे बच्ची का शव नाले से बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद आसना के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे बड़ागांव क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित रहे और परिजनों को सांत्वना देते रहे। ग्रामीणों ने रेलवे निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए गहरे एवं खुले नालों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा इंतजाम और चेतावनी संकेत लगाए गए होते तो इस प्रकार की दर्दनाक घटना को रोका जा सकता था। फिलहाल पुलिस एवं प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता कांग्रेस नेता सुशील खरे का दुखद निधन

**पन्ना ।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील खरे एडवोकेट का लंबी बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया है श्री खरे हंसमुख मिलनसार बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। जो दूसरों को हमेशा हंसने हंसाने के लिए भी जाने जाते थे । वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे बीते दिवस इलाज के दौरान उनका दुखद निधन हो गया है उनके निधन की खबर सुनते ही पन्ना नगर में शोक की लहर दौड़ गई ।

# पाण्डुलिपियों को आम नागरिकों के माध्यम से सहेज रही है सरकार



**जागरण, पन्ना ।** ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि मिशन के अंतर्गत पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रचार-प्रसार करना है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के ज्ञान भारतम मिशन एवं मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इस कार्य में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के पालन में मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में स्थित निजी शोध संस्थान, महाविद्यालय, ग्रंथालय, मंदिर, मठ व आश्रम, प्राईवेट ट्रस्ट इत्यादि में संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की खोज कर ज्ञान भारतम् एप में अपलोडिंग करना है। पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति पन्ना जिले में उपलब्ध हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की जानकारी ज्ञान भारतम् एप पर अपलोडिंग के लिये संबंधित लक्षित समूह एवं व्यक्तियों को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन देकर इसे एक मिशन के रूप में संचालित करेगी। समिति द्वारा पन्ना जिले के महाविद्यालयों, निजी शोध संस्थान, ग्रंथालयों, मंदिरों, मठ व आश्रम, प्राईवेट ट्रस्ट के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उनके पास अथवा जानकारी में कोई प्राचीन (1950 के पूर्व की) हस्तलिखित पाण्डुलिपि (कागज, ताड़ पत्र एवं भोज पत्र पर हाथ से लिखी) उपलब्ध हो तो उसे 30 जून 2026 के पूर्व जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध करा सकते हैं ।

## प्रेक्षक की समीक्षा बैठक आज

**पन्ना ।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शैलेन्द्र कियावत सागर संभाग की नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण की कार्यवाही व प्रेक्षण एवं कार्यों की समीक्षा के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। प्रेक्षक श्री कियावत 15 जून तक जिले के भ्रमण पर रहेंगे तथा रविवार, 14 जून को प्रेक्षक द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अब तक की कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे द्वारा सभी संबंधित जनपद एवं नगरीय निकाय के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को बैठक के एजेंडा अनुसार वांछित जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# संवेदनशीलता के साथ पात्र हितग्राहियों को करें लाभांवित

## जिला पंचायत सीईओ ने गुनौर के जनकल्याण शिविर का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**जागरण, पन्ना ।** गुनौर शासन के निर्देशानुसार सभी पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करने की मंशा से विकासखंड और नगरीय निकाय मुख्यालयों में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। रविवार, 14 जून को भी निर्धारित स्थान पर शिविर लगेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा शनिवार को जनपद पंचायत गुनौर में आयोजित विकासखण्ड गुनौर एवं नगर परिषद गुनौर के संयुक्त शिविर का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने तथा विभिन्न सेवाओं का विधिवत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस से अधिक समय की लंबित शिकायतें विशेष रूप से निराकृत की जाएं। इसके लिए शिकायतकर्ता से संपर्क कर एवं समक्ष में शिकायत सुनकर प्रमुखता से निराकरण करें। इसी तरह लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में नागरिक सेवाओं का प्रदाय भी सुनिश्चित किया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि रोजगारपरक योजनाओं के लाभ के लिए बैंक स्तर पर आवश्यक समन्वय कर पात्र हितग्राही को समय सीमा में लाभ प्रदान करें। इसी तरह शिविर के दौरान आयुष्मान, फॉर्मर आईडी, पीएम किसान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभ सहित पशु टैगिंग का कार्य भी सुनिश्चित हो। किसी एक ग्राम पंचायत को सरकारी योजना में शत प्रतिशत सेचुरेशन करने की दिशा में भी कार्य कर अपेक्षित प्रगति लाएं। किसान हितैषी योजनाओं का भी संबंधित विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार कर कृषकों को लाभांवित करें। उन्होंने शिविर में विभागवार प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेकर अधिकाधिक संख्या में लोगों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने शिविर में शामिल विभाग की 3 योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर लाभ उठाने की अपील की। इसमें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, निजी बीज विक्रेताओं को लाइसेंस प्रदान करना तथा प्रोटेक्टिव कल्टीवेशन शामिल है। इसी तरह तहसीलदार भू संसाधन प्रबंधन मेघेन्द्र बंदोपाध्याय द्वारा राजस्व विभाग की शिविर में शामिल विभिन्न सेवाओं से अवगत कराया गया। शिविर में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। विभागीय अधिकारियों एवं आमजन द्वारा विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम नरेन्द्र सिंह धुर्वे एवं जनपद पंचायत सीईओ रानू जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अवैध लकड़ी भंडारण पर वन विभाग की कार्रवाई, 5 घन मीटर लकड़ी जब्त



**जागरण, पन्ना ।** दक्षिण वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र शहनगर में वन विभाग द्वारा अवैध वनोपज के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए डुंगरगांव (कचौरी मोड़) स्थित कविता फर्नीचर मार्ट का औचक निरीक्षण किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी राजुल कटारे के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान में अवैध रूप से संग्रहित इमारती लकड़ी (टिम्बर) का भंडारण पाया गया। जांच उपरांत कुल लगभग 5 घन मीटर लकड़ी जब्त की गई। प्रकरण में वन विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई करते हुए वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा उपलब्ध तथ्यों के आधार पर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र सहायक शाहनगर रामसरोवन पांडे, बीट गार्ड सुगरहा राघवेंद्र पांडे, बीट गार्ड शाहनगर ओमप्रकाश द्विवेदी, बीट गार्ड कुनिया रजनीश दुबे, बीट गार्ड लमतरा अक्षत त्यागी उपस्थित रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन उपज का अवैध भंडारण, परिवहन अथवा व्यापार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन उपज संबंधी सभी गतिविधियां वैध अभिलेखों एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध अथवा अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल वन विभाग को उपलब्ध कराएं।

## कलेक्टर ने ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी बनवारी लाल कुशवाहा को किया निलंबित



**पन्ना ।** अजयगढ़ कलेक्टर ऊषा परमार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 5 से 21 जून तक संचालित विशेष अभियान में लापरवाही बरतने पर अजयगढ़ के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी बनवारी लाल कुशवाहा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की है। संबंधित अधिकारी को अभियान अवधि में वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने तथा इसकी कार्ययोजना से एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को अवगत नहीं कराने पर निलंबित किया गया है, जबकि वृक्षारोपण कार्यक्रम की गतिविधियों के लिए उद्यानिकी विभाग को नोडल विभाग नामांकित कर आवश्यक दायित्व सौंपा गया था। इसके अलावा ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी जनकल्याण शिविर आयोजन के दौरान गत शुक्रवार को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए थे। अनुपस्थिति के संबंध में न ही सक्षम स्तर पर पूर्व सूचना दी गई एवं न ही अवकाश प्राप्त किया गया। सहायक संचालक उद्यान द्वारा अवगत कराया गया कि श्री कुशवाहा बगैर छुट्टी स्वीकृति के जिला मुख्यालय से बाहर हैं। जिला कलेक्टर ने म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 3 के उल्लंघन तथा पदीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने तथा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन न करने पर म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत बनवारी लाल कुशवाहा को निलंबित किया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय कार्यालय सहायक संचालक उद्यान निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी।

# जनकल्याण शिविर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त, एसडीएम ने जारी किया आदेश



**जागरण, पन्ना ।** शाहनगर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहनगर ने 12 से 14 जून 2026 तक जनपद पंचायत शाहनगर में लगने वाले खंड स्तरीय *जनकल्याण शिविर* एवं लोकसेवा गारंटी गाड़ी के सफल आयोजन के लिए विभागवार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। जनपद शाहनगर सभागार कक्ष में आयोजित शिविर के दौरान पन्ना जिला प्रशासन पन्ना से अपर कलेक्टर मधुवंत राव धुर्वे शाहनगर अनुविभागीय अधिकारी रामनिवास चौधरी शाहनगर जनपद मुख्यकार्यपालन अधिकारी शिवम वर्मा शाहनगर तहसीलदार श्रीमति कोमल सिंह नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया की मौजुदगी में शाहनगर एस डी एम द्वारा जारी आदेश जारी किया गया जिसके अनुसार राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विद्युत सहित 12 विभागों के अधिकारियों को शिविर में उपस्थित रहकर हितग्राहियों के आवेदन लेने, निराकरण और योजनाओं का लाभ दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नोडल अधिकारी अपने अमले के साथ 12 जून से 14 जून तक जनपद पंचायत प्रांगण में शिविर में मौजूद रहेंगे। शिविर में आयुष्मान, पेंशन, राशन, किसान सम्मान निधि जैसी शासकीय योजनाओं का ऑनस्पॉट निराकरण किया जाएगा। 12 जून को आयोजित शिविर में 364 हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुये जिनमें 349 का मौके पर निराकरण कराया गया जिसमें मात्र 15आवेदन निरस्त किये गये मुख्यकार्यपालन अधिकारी शिवम वर्मा ने बताया की यह शिविर 13 एवं 14 जून को लगातार आयोजित किया जायेगा इस अवसर पर बीपीओ कमल प्रताप सिंह बुन्देला , समाजिक सुरक्षा ईकाई सिद्ध गोपाल अनूरागी ब्लाक समन्यवक पी एम अवास आसिफ अंसारी , स्वच्छ भारत मिशन ब्लाक समन्यवक रविन्द्र विश्वकर्मा , लिपिक राजेन्द्र योगी सहित ब्लाक स्तरीय विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख एवं जनपद के अधिकारी कर्मौमचारी मौजूद रहे।

## लाड़ली बहनों के खातों में राशि होगी आंतरित

**पन्ना ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 जून को सागर जिले के केसली विकासखंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की 37 वीं किश्त लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगें। इसमें एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में 1835 करोड़ रूपये अंतरित किये जायेंगे। साथ ही देवरी विधानसभा को लगभग 190.85 करोड़ रुपये की लागत के 53 विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। इनमें 122.02 करोड़ रूपये की लागत के 28 कार्यों का भूमिपूजन और 68.83 करोड़ रूपये की लागत के 25 कार्यों का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव क्षेत्र के विकास को गति देने वाले सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा तकनीकी शिक्षा विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इन विकास कार्यों से देवरी एवं केसली विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी।

## कौस्तुभ सोनी का असिस्टेंट कमांडेंट पद पर चयन दक्षिण पन्ना वन विभाग में हर्ष का माहौल

**पन्ना ।** दक्षिण वनमण्डल में पदस्थ वनपाल गणेश सोनी के सुपुत्र कौस्तुभ सोनी का चयन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा 2024 के माध्यम से असिस्टेंट कमांडेंट पद पर हुआ है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि सम्पूर्ण दक्षिण पन्ना वनमण्डल एवं पन्ना जिले में हर्ष और गर्व का वातावरण है। यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है कि समर्पण, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर उच्च लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। इस अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गणेश सोनी तथा उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। वन परिवार ने कौस्तुभ सोनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया है ।

# अमरपाटन में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था पर उठे सवाल, घर तक पहुंचाने की मांग

**जागरण,अमरपाटन।** क्षेत्र में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी सामने आई है। समय पर सिलेंडर नहीं मिलने और वितरण व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को लेकर जिला सलाहकार समिति सदस्य दिनेश शुक्ला ने प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने सांसद, कलेक्टर मैहर और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र सौंपकर व्यवस्था में सुधार की मांग की है दिनेश शुक्ला ने पत्र के माध्यम से बताया कि अमरपाटन क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर आपूर्ति नहीं होने से लोगों को असुविधा हो रही है। उन्होंने मांग की है कि उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए गैस सिलेंडर की घर तक पहुंचाने की व्यवस्था शुरू कराई जाए, जिससे लोगों को एजेंसी तक आने की परेशानी से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश आवश्यक सेवाओं में उपभोक्ताओं को सुविधा देने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में गैस सिलेंडर जैसी जरूरी सेवा को भी व्यवस्थित और सुगम बनाया जाना चाहिए। पत्र मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिलाया है। अधिकारियों ने गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाने और घर तक सिलेंडर पहुंचाने की व्यवस्था को सुचारु कराने का आश्वासन दिया है।

## मां शारदा रोपवे व्यवस्था पर उठे सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग



**मैहर।** मां शारदा धाम में संचालित रोपवे व्यवस्था को लेकर पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस मध्यप्रदेश विष्णु भट्ट ने सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने रोपवे प्रबंधन पर श्रद्धालुओं और लोगों के साथ समान व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया है। विष्णु भट्ट ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के लिए निर्धारित विशेष प्रवेश व्यवस्था का उपयोग कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है, जबकि अन्य राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और आम श्रद्धालुओं को नियमों का हवाला देकर रोका जाता है। उन्होंने इसे व्यवस्था में भेदभाव बताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि हर व्यक्ति को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही प्रवेश दिया जाए। प्रशासनिक अधिकारियों, मंदिर समिति और पुजारियों के लिए अलग व्यवस्था तय है, जबकि अन्य सभी श्रद्धालुओं और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के लिए सामान्य मार्ग निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद रोपवे प्रबंधन द्वारा नियमों का समान रूप से पालन नहीं किया जा रहा है। विष्णु भट्ट ने आरोप लगाया कि रोपवे प्रबंधन से जुड़ी शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन कई मामलों में अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरे मामले की जांच आवश्यक है।

# बीजों से हरियाली का संकल्प, दक्षिण पन्ना वनमंडल ने शुरू किया जनभागीदारी आधारित बीज संग्रहण अभियान

## वनरक्षक आशीष कुमार पाण्डेय की अभिनव पहल को मिला वन विभाग का समर्थन, 1 से 7 जुलाई तक बीज जमा कर सकेंगे नागरिक, सर्वश्रेष्ठ 3 को मिलेगा पुरस्कार




**जागरण, पन्ना ।** दक्षिण वनमंडल द्वारा आगामी वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के अवसर पर एक विशेष बीज संग्रहण एवं बीजदान अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान की प्रेरणा शाहनगर परिक्षेत्र में पदस्थ वनरक्षक श्री आशीष कुमार पाण्डेय की उस सराहनीय पहल से मिली है, जिसमें उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आम, जामुन, नीम, सीताफल, बेर तथा अन्य मौसमी फलों के बीजों को फेंकने के बजाय सुरक्षित रूप से एकत्रित किया जाए। उनकी इस सोच को दक्षिण पन्ना वनमंडल ने अपनाते हुए इसे जनभागीदारी आधारित पर्यावरण संरक्षण अभियान का स्वरूप दिया है। वन विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि जून माह में अपने घरों, विद्यालयों, खेतों तथा आसपास उपलब्ध फलों के बीजों का संग्रहण करें और 1 से 7 जुलाई के बीच उन्हें अपने निकटतम वन परिक्षेत्र कार्यालय सलेहा, शाहनगर, रैपुरा, कल्दा, मोहन्द्रा अथवा उपवनमंडल कार्यालय, पन्ना में जमा कराएं। प्राप्त बीजों का उपयोग वर्षाकाल में वन विभाग द्वारा बिगड़े एवं रिक्त वन क्षेत्रों में बुवाई और पौध स्थापना के लिए किया जाएगा, जिससे कम लागत में बड़े स्तर पर हरित आवरण बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इस पहल के पीछे यह सरल विचार है कि जिन बीजों को हम सामान्यतः कचरे में फेंक देते हैं, वे अनुकूल परिस्थितियाँ मिलने पर भविष्य के वृक्ष बन सकते हैं। शाहनगर के वनरक्षक श्री आशीष कुमार पाण्डेय के पुत्रों द्वारा स्वयं जामुन के बीज एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की प्रेरक पहल ने भी इस अभियान को नई दिशा दी है। यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा घर से प्रारंभ होती है और छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। दक्षिण पन्ना वनमंडल ने घोषणा की है कि अभियान में वनमंडल स्तर पर सर्वाधिक योगदान देने वाले शीर्ष तीन बीज संग्राहकों को विशेष आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। वन विभाग ने सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों, ग्राम वन समितियों एवं प्रकृति प्रेमियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा है कि *आज का एक बीज, कल का एक वृक्ष है; और आज का एक वृक्ष, आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली ने जिला जेल में प्रेरणादायी पुस्तकें की भेंट



**जागरण, सिंगरौली।** जिला जेल पचौर पुस्तकालय को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा प्रेरणादायी ज्ञानवर्धक 61 पुस्तके में प्रदान की गयी, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक ज्ञान, शिक्षा एवं सकारात्मक विचारों का प्रसार करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल बंदियों के बौद्धिक, नैतिक, आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह कार्य रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के प्रेसिडेंट एवं कलेक्टर श्री गौरव बैनल के निर्देशानुसार संपन्न किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा हिंदी साहित्य, प्रेरक प्रसंगों, महान विभूतियों की जीवनियों, आत्मकथाओं, सकारात्मक चिंतन, व्यक्तित्व विकास तथा आध्यात्मिक विषयों से संबंधित पुस्तकों से कैदियों में सकारात्मक प्रवर्तन आ सके। यह कार्यक्रम संयुक्त कलेक्टर सुश्री सौम्या मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के चेयरमैन श्री एस. डी. सिंह एवं सचिव डॉ. ओ. पी. राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पुस्तकों का सेट जिला जेल पचौर के जेल अधीक्षक श्री एल.के. त्रिपाठी को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस चेयरमैन ने कहा कि पुस्तकें व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम होती हैं। ज्ञानवर्धक साहित्य के अध्ययन से न केवल सकारात्मक सोच विकसित होती है, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मअनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी मजबूत होती है। जेलों में पुस्तकालयों को समृद्ध करने से बंदियों को आत्मसुधार एवं आत्मविकास का अवसर प्राप्त होता है, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में पुनः स्थापित होने के लिए प्रेरित होते हैं। जेल प्रशासन ने रेडक्रॉस सोसायटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकालय में उपयोगी एवं प्रेरणादायी पुस्तकों की उपलब्धता से बंदियों के अध्ययन एवं ज्ञानार्जन की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा तथा उनके व्यक्तित्व निर्माण में सकारात्मक योगदान प्राप्त होगा। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के कर्मचारी मुकुल किशोर, जयप्रकाश दुबे, शिरीन, अरविंद विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं सहयोगीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जेल प्रशासन द्वारा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, सिंगरौली के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को बंदियों के सुधार, पुनर्वास एवं समाजोपयोगी जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी कदम बताया गया।

# एनटीपीसी रिहंद में 15 दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का भव्य समापन




**जागरण, बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद द्वारा टाउनशिप की महिलाओं एवं बच्चों के लिए आयोजित 15 दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का भव्य समापन इन्द्रधनुष प्रेक्षागृह, मूवी क्लब में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री संजय असाटी, कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) तथा श्रीमती नीलू असाटी, अध्यक्षा, वर्तिका महिला मण्डल समिति ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद कौशल, रचनात्मकता एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना था। इस दौरान प्रतिभागियों को सीखने, अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा आत्म-अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया गया। समापन समारोह में प्रतिभागियों ने नटराज स्तुति, तुम ही हो माता, फुटबॉल डांस, वुमेनिया, स्टार परफॉर्मर तथा सामाजिक संदेश पर आधारित प्रभावशाली फोरम थिएटर जैसी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों में प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर श्री संजय असाटी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने भविष्य में भी टाउनशिपवासियों के लिए इस प्रकार की रचनात्मक एवं विकासोन्मुखी गतिविधियों के नियमित आयोजन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर किया गया। यह आयोजन प्रतिभागियों के लिए सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को मंच देने का एक यादगार अवसर सिद्ध हुआ। साथ ही, ऐसे कार्यक्रम टाउनशिप में आपसी सौहार्द, एकता एवं सामुदायिक भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**कार्यालय वसूली अधिकारी - I/II**
**ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर**
द्वतीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), हेड पोस्ट ऑफिस के पास, रेसिडेंसी रोड, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर - 482001, म.प्र.

**आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 53 के अंतर्गत बिक्री उद्घोषणा तय करने हेतु सूचना, ऋण एवं दिवालियापन वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित**

RC/119/2023 — Date 04/06/2026

**बैंक ऑफ बड़ौदा**
**बनाम**
**पीयुष कन्सट्रक्शन**

सेवा में,
(सीडी 1) पीयूष कंस्ट्रक्शन
जय नगर, वैधान, जिला. सिंगरौली 486889 (म.प्र.)
(सीडी 2) संजय प्रताप सिंह
जय नगर, वैधान, जिला. सिंगरौली 486889 (म.प्र.)
(सीडी 3) सुषमा सिंह
जय नगर, वैधान, जिला. सिंगरौली 486889 (म.प्र.)

आपको ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर के पीठासीन अधिकारी द्वारा ओ.ए. 176/2021 में 07/07/2023 को जारी रिकवरी सर्टिफिकेट के तहत आवेदक बैंक/वित्तीय संस्थान को रू. 34,54,776.93 (चौंतीस लाख चौवन हजार सात सौ छिहत्तर रुपये और तिरानवे पैसे) की राशि का भुगतान करने का आदेश दिया गया था। इसमें 10/02/2021 से वसूली होने तक 12.00 प्रतिशत की दर से पेंडेंटलाइट (मुकदमे के दौरान का) और भविष्य का ब्याज, तथा रू. 37,000/- (सैंतीस हजार रुपये) की लागत भी शामिल थी। चूँकि उक्त राशि का भुगतान नहीं किया गया है, इसलिए नीचे बताई गई अचल संपत्ति को बेचने का आदेश दिया गया है।

2. आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री की उद्घोषणा तैयार करने तथा उसकी शर्तें तय करने हेतु दिनांक 16/07/2026 को प्रातः 10.30 बजे का समय नियत किया गया है। आपसे अनुरोध है कि उक्त संपत्तियों या उसके किसी भाग से जुड़े किसी भी भार, प्रभार, दावे या दायित्व की सूचना अधोहस्ताक्षरी को दें।

**संपत्ति का विवरण**

जय नगर गाँव में स्थित जमीन और इमारतय खसरा नंबर 66/3 (क्षेत्रफल 0.010 हेक्टेयर) और खसरा नंबर 73/2 (क्षेत्रफल 0.020 हेक्टेयर), कुल क्षेत्रफल 0.030 हेक्टेयर (3,228.0 वर्ग फीट) पटवारी हल्का नंबर 62, वार्ड नंबर 36, तहसील - सिंगरौली नगर, जिला - सिंगरौली (म.प्र.), पिन कोड - 486889 यह संपत्ति श्री संजय प्रताप सिंह (पिता- श्री सुरेंद्र प्रताप सिंह) के नाम पर है।

मेरे हस्ताक्षर और ट्रिब्यूनल की मुहर के साथ, 04/06/2026 को जारी किया गया।

श्रीमती प्रीती देसाई
वसूली अधिकारी
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर

# औचक निरीक्षण के दौरान गायब मिले डॉक्टर और दो नर्सों का एक दिन का वेतन कटा

**सिंगरौली।** शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक ढोंटी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. फयाज अहमद, वहीं की नर्सिंग अफसर सुश्री जेबा सिद्धीकी और यूपीएचसी नवजीवन विहार की नर्सिंग अफसर सुश्री राजमती कुशवाहा बिना किसी पूर्व अनुमति के अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए। इन कर्मचारियों की अनाधिकृत अनुपस्थिति को शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता मानते हुए सीएमएचओ द्वारा तत्काल प्रभाव से इनका एक दिवस का वेतन व मानदेय काटने की कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई विगत 6 जून को कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक के बाद की गई है, जिसमें शहरी क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की खराब प्रगति पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान पाई गई इस लापरवाही को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने तीनों संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को पत्र प्राप्ति के दो दिवस के भीतर उचित माध्यम से अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने अथवा लापरवाही दोहराने की स्थिति में इनके विरुद्ध एकपक्षीय कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं संबंधित कर्मचारियों की होगी।

# एनसीएल ने रिलेशनशिप मैनेजमेंट और इमोशनल वेल-बीइंग पर कार्यशाला का किया आयोजन




**जागरण, बैढ़न।** शुक्रवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने फाइट क्लीन- स्ट्रेंथनिंग द बॉन्ड्स दैट फ्री अस विषय पर सीईटीआई परिसर, सिंगरौली में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आध्यात्मिक प्रशिक्षक, श्री देवामीरा दास उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यस्थल और निजी जीवन में संतुलन बनाने हेतु पारस्परिक संबंधों की चुनौतियों और मानव मन पर उनके पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने घर और कार्यस्थल पर आने वाली विभिन्न चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक व्यावहारिक उपकरणों और जीवन-कौशलों के बारे में भी बताया। अंत में श्री देवामीरा दास ने इस बात पर विशेष बल दिया कि आंतरिक जागरूकता, सीखने की ललक और सही आत्मिक सहयोग के माध्यम से ही आपसी संबंधों की जटिलताओं को गहराई से समझा जा सकता है। इस दौरान कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजना और इकाइयों से लगभग 73 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिक्रियात्मक आदतों, आत्म-नियमन (सेल्फ-रेगुलेशन) और सचेत होकर विवेकपूर्ण निर्णय लेने (कॉन्शियस रिस्पॉन्डिंग) के गुर सीखे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु ऐसी अनेक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है।



# हम बिकाऊ नहीं: अल्बानिया में ट्रंप के दामाद के खिलाफ प्रदर्शन



अल्बानिया की राजधानी तिराना में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर से जुड़े एक विशाल लक्जरी पर्यटन परिसर के खिलाफ हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। 'अल्बानिया बिकाऊ नहीं है' का नारा लगाते हुए यह आंदोलन शुरू हुआ था और पर्यावरण को बचाने के लिए इसे 'फ्लेमिंगो क्रांति' का नाम भी दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### "ट्वीट ऑफ द डे"



महुआ मोइत्रा
सांसद

ममता दीदी को पहले ही गद्दारों को हटा देना चाहिए था, हम असल में खुश हैं क्योंकि शुद्धिकरण वाली सफाई का काम हो रहा है। दीदी बहुत भावुक इंसान हैं, जो लोगों से बहुत लगाव रखती हैं और लंबे समय तक वफादारी निभाती हैं।

### अफसरों की खींचतान पर सीएस ने दिया दखल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पिछले तीन दिनों से राजधानी के प्रशासनिक गलियारे में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच बढ़ रही रार पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दखल दी। शुक्रवार को उन्होंने तत्कालीन कलेक्टर शीलेंद्र सिंह की सराहना करते हुए मामले का पटाक्षेप करने की कोशिश की। दरअसल आईएएस एसोसिएशन के व्हाट्सएप ग्रुप में पिछले दिनों एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ने छिंदवाड़ा में तत्कालीन कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा शुरू किए गए वॉश ऑन व्हील्स मॉडल की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी थी,लेकिन महिला अधिकारी दीपाली रस्तोगी ने अपनी प्रतिक्रिया में इस उपलब्धि को पूरे छिंदवाड़ा टीम का सामूहिक प्रयास बताया था। उन्होंने तब के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि आईटी आधारित पहल का नेतृत्व उनके द्वारा किया गया। दीपाली रस्तोगी की इस टिप्पणी को लेकर प्रमोटी आईएएस अधिकारियों द्वारा नाराजगी जताई गई। उन्होंने सवाल खड़े किए कि क्या प्रमोटी अधिकारियों के कार्यों को पर्याप्त पहचान और सम्मान मिल रहा है। मामला ज्यादा तूल पकड़ता ,उससे पहले ही मुख्य सचिव अनुराग जैन ने हस्तक्षेप करते हुए वॉश ऑन व्हील्स का नवाचार बताते हुए आईएएस शीलेंद्र सिंह के नेतृत्व की सराहना की।

### 12 वीं की दूसरी परीक्षा में 59.57 फीसदी पास

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश के हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा-2026 में भी छात्राओं ने बाजी मारी है। इस परीक्षा में कुल 59.57 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल रहे हैं। इनमें भी नियमित श्रेणी की छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 62.31 फीसदी रहा। जबकि सफल छात्रों का प्रतिशत 57.36 फीसदी रहा। इस परीक्षा में 1 लाख 42 हजार 467 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से कुल 84,871 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

### दिल्ली अग्निकांड: अब पुलिस जांच पर सवाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित 'फ्लोरिस स्टे' होटल में 3 जून को हुए भीषण अग्निकांड मामले में दिल्ली पुलिस की कार्यशैली और जांच पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं, सिविल सोसायटी और आम लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि वे असली गुनहगारों, रसूखदार होटल मालिकों और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए होटल के एक 65 वर्षीय बुजुर्ग रसोइए (कुक) केशव सिंह नेगी को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस ने रसोइए को जेल भेज दिया है।

## विमान हादसे की बरसी

### उड्डयन मंत्री नायडू बोले निष्पक्षता से हो रही जांच

**नई दिल्ली/मुंबई, जेएनएन।** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने पिछले साल हुए एयर इंडिया के विमान हादसे की पहली बरसी पर इस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को भावुक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि विमान दुर्घटना की जांच पूरी गंभीरता, निष्पक्षता और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप पेशेवर तरीके से जारी है। सरकार विमानन सुरक्षा को और अधिक पुख्ता करने तथा हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह भीषण हादसा 12 जून, 2025 को हुआ था, जब एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 (बोइंग 787-8 विमान) ने अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरी थी। टेक-ऑफ के कुछ ही देर बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दर्दनाक हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 यात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि चालक दल के सभी 12 सदस्यों ने भी दम तोड़ दिया था।
**मुंबई में शोक सभा:** हादसे के एक साल पूरे होने पर मुंबई के बांद्रा इलाके में मृतकों की याद में एक प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें क्रू मेंबर्स के दोस्तों और पीड़ितों के परिवारों ने हिस्सा लिया। हादसे में अपनी केबिन क्रू पत्नी अपर्णा महाडिक को खोने वाले अमोल ताटकरे ने भावुक होते हुए कहा, 'मैं अभी भी आशान्वित था। उसी रात मैं मुंबई में उतरा और मुझे पता चला कि कोई भी जीवित नहीं बचा है। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि तब से एक साल हो गया है।'

## ममता की हार के 14 दिन बाद टूटी टीएमसी, सोमवार को स्पीकर से मिलेंगे बागी

# 58 विधायकों की बगावत के बाद अब 19 सांसदों का पत्र सार्वजनिक



**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो ममता बनर्जी की पार्टी में बड़ी फूट अब पूरी तरह तय हो चुकी है। राज्य विधानसभा में पार्टी के 80 में से 58 विधायकों द्वारा बगावत किए जाने के बाद, अब लोकसभा के भी 19 बागी सांसदों का एक पत्र शुक्रवार को सार्वजनिक हो गया है। यह पत्र 18 मई, 2026 को ही लोकसभा स्पीकर को भेज दिया गया था, जिसमें सांसदों ने सदन के भीतर अपना एक अलग गुट बनाने की आधिकारिक मांग की है। खबर है कि बागी सोमवार को स्पीकर से मुलाकात कर सकते हैं। बता दें कि ममता बनर्जी की हार के महज 14 दिन बाद ही पार्टी के भीतर यह बड़ी बगावत शुरू हो गई थी। लोकसभा अध्यक्ष को भेजी गई इस गोपनीय चिट्ठी में यूसुफ पठान, सायोनी घोष, काकोली घोष और शताब्दी रॉय जैसे तृणमूल कांग्रेस के कई बेहद बड़े और प्रमुख सांसदों के नाम शामिल हैं।
**शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में दिल्ली में होगी बैठक:** इससे पहले, 3 जून को टीएमसी के 58 विधायकों ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) को पत्र लिखकर अपने अलग गुट को मान्यता देने का आग्रह किया था, जिसे विधानसभा अध्यक्ष द्वारा मंजूर भी कर लिया गया था। अब इस बागी गुट के सभी नेता रविवार को दिल्ली में बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में बैठक करेंगे।

### धार्मिक भावना भड़काने के आरोप में ममता पर एफआईआर दर्ज

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी की मुश्किलें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। राजधानी कोलकाता में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने का आरोप है। शिकायतकर्ता तुषार कांति दास ने आरोप लगाया कि आरोपी ने 9 मार्च, 2026 को कोलकाता के एस्प्लेनेड (धर्मतल्ला) में मेट्रो चैनल के पास भाषण दिया था। शिकायत में दावा किया गया है कि भाषण में भ्रामक टिप्पणियां थीं जो अशांति भड़का सकती हैं।
**सीएम शुभेंदु ने एड एजेंसी के घोटाले की जांच के दिए आदेश:** बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कथित तौर पर जुड़ी एक विज्ञापन एजेंसी के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं, जिसे अब एक बड़े 'विज्ञापन घोटाले' के रूप में देखा जा रहा है।

### पार्टी से अलग गुट बनाने का प्रावधान नहीं: आचार्य



टीएमसी के बागी सांसदों को संसद में एक अलग गुट के रूप में मान्यता प्राप्त करने में बड़ी संवैधानिक बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। संविधान विशेषज्ञ और पूर्व लोकसभा महासचिव पीडीटी आचार्य ने स्पष्ट किया है कि भारत के दल-बदल विरोधी कानून के तहत किसी भी पार्टी के भीतर एक अलग गुट बनाने की कोई व्यवस्था नहीं है। पीडीटी आचार्य ने बताया, 'दल-बदल विरोधी कानून में सांसदों के एक हिस्से को सिर्फ इसलिए अलग समूह के रूप में मानने का कोई प्रावधान नहीं है क्योंकि वे एक विधायी पार्टी के दो-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### बंगाल की सरकारी इमारत में आग लगने से 4000 ईवीएम जले



**कोलकाता।** कोलकाता में साउथ 24 परगना जिला परिषद ऑफिस में आग लगने से 4,000 से ज़्यादा ईवीएम, बैलेट यूनिट और वीवीपीएटी जलकर खाक हो गए। एडिशनल सीईओ ने शुक्रवार को घटनास्थल का दौरा किया और ईसीआई को रिपोर्ट सौंपेंगे। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, ईवीएम को लेकर अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। वे आग लगने की घटना की जांच कर रहे हैं। सीईओ ऑफिस की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस को जांच के लिए कोई शिकायत नहीं मिली है। पश्चिम बंगाल के मंत्री कौशिक चौधरी ने बृहस्पतिवार को बताया कि यहां एक सरकारी इमारत में लगी आग में करीब 4,000 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध विराम समझौते पर रविवार को जिनेवा में लग सकती है मुहर

## मसौदे में हॉर्मुज खोलने, प्रतिबंधों में राहत, लेबनान संघर्ष रोकने जैसे मुद्दे शामिल

**दुबई/वॉशिंगटन/पेरिस, जेएनएन।** खाड़ी क्षेत्र में पिछले कई महीनों से जारी तनाव और सैन्य संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में बड़ी कूटनीतिक पहल सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध रोकने के लिए तैयार किए जा रहे एक शांति ज्ञापन पर रविवार को हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसके लिए स्विट्जरलैंड का जिनेवा शहर सबसे संभावित स्थान माना जा रहा है। समझौते के मसौदे की अंतिम भाषा पर अभी काम चल रहा है और दोनों पक्ष शनिवार तक इसे अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। परमाणु कार्यक्रम से जुड़े विवादों को फिलहाल इस समझौते से अलग रखा जाएगा और उस पर बाद में अलग से बातचीत की जाएगी। ईरानी मीडिया के अनुसार, मसौदे में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की ओर से ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक बड़े आर्थिक पैकेज का भी प्रस्ताव है। यह पैकेज 300 अरब डॉलर का हो सकता है। इसके साथ ही क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैन्य बलों की संख्या कम करने और ईरान के आसपास सैन्य गतिविधियां घटाने का भी उल्लेख किया गया है।

### ईरान बोला- समझौते के बेहद करीब हैं, ट्रंप ने शेयर की ईरानी विदेश मंत्री की पोस्ट

अमेरिका से संभावित समझौते को लेकर ईरान ने कहा है कि दोनों देश डील के पहले से कहीं ज्यादा करीब पहुंच चुके हैं। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक्स पर लिखा कि प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) अब तक के सबसे नजदीकी चरण में है। उन्होंने कहा कि डील को अंतिम रूप दिए जाने तक मीडिया को इसकी शर्तों पर अटकलें नहीं लगानी चाहिए। समझौता पूरा होने के बाद सभी जानकारियां सार्वजनिक कर दी जाएंगी। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अराघची की पोस्ट शेयर की।

### भारत ने फिर अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

ओमान के तट पर कमर्शियल जहाजों पर हुए हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजनयिक जेसन मीक्स को दूसरी बार तलब किया है। गौरतलब है कि गुरुवार को भी अमेरिकी नौसेना ने ओमान तट के पास 20 भारतीय क्रू मेंबर वाले एक जहाज पर हमला किया था। भारत ने जहाजों पर हुए हमलों को 'बेहद चिंताजनक' बताया और इस मामले को अमेरिका के सामने सख्ती से उठाया है।

### खान सर के गार्ड्स की जमानत याचिका खारिज

**पटना, जेएनएन।** पटना सिविल कोर्ट में खान के बॉडीगार्ड्स और ज्ञान बिंदु के रौशन आनंद की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। खान के दोनों बॉडीगार्ड्स की जमानत पर मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास अनुराग वर्मा के कोर्ट ने बेल रिजेक्ट (जमानत याचिका खारिज) कर दी है। इससे पहले कहा गया कि खान के वकील की तबीयत खराब है, सोमवार को आएगा। कोर्ट में खान के गार्ड्स के वकील की ओर से दलील दी गई कि आत्मरक्षा में गोली चलाई गई थी, जिसे कोर्ट ने नहीं माना।

### अहमदाबाद के समग्र विकास, रेल सुविधाओं और अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण को लेकर हुई बैठक

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के समग्र विकास, रेलवे अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को अहमदाबाद के महापौर हितेश बारोट, अहमदाबाद पश्चिम के सांसद दिनेश मकवाना, अहमदाबाद महानगरपालिका की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन कमलेश पटेल तथा दरियापुर के विधायक कौशिक जैन ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में रेलवे एवं अहमदाबाद महानगरपालिका के मध्य बेहतर समन्वय के माध्यम से विभिन्न विकासात्मक एवं जनहितकारी विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के दौरान रेलवे अवसंरचना के समग्र सुदृढ़ीकरण, स्टेशन पुनर्विकास परियोजनाओं, लेवल क्रॉसिंग उन्मूलन तथा 'फाटक मुक्त भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) एवं रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) के निर्माण, नई रेल लाइनों के विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन एवं सार्थक चर्चा की गई।

## मनाली-लेह मार्ग में बनेंगे 3 टनल

**कुल्लू, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने मनाली-लेह सामरिक मार्ग को पूरे साल बहाल रखने के लिए तीन टनल (सुरंग) प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इन तीन टनल का निर्माण 15 हजार 550 करोड़ रुपए की लागत से होगा। प्रस्तावित सुरंगें हिमाचल के बारालाचा, लाचुंगला और लद्दाख के तंगलंग ला दर्रों के नीचे निर्मित की जाएंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इन सुरंगों के निर्माण से लद्दाख को पूरे वर्ष सड़क संपर्क उपलब्ध होगा, यात्रा समय में कमी आएगी और सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की आवाजाही तथा रसद आपूर्ति को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में चीन तथा पाक से लगती सीमाओं पर तैयारियों को और मजबूत करना है।

## काम दिलाने की आड़ में ठगे 20 लाख: नोरा



मुंबई की चमक-दमक के पीछे ठगी, ताने और संघर्ष की लंबी कहानी भी छुपी है। नोरा फतेही की जिंदगी भी ऐसी ही रही, जहां काम दिलाने का वादा कर 20 लाख रुपए ठग लिए गए और कई बार उन्हें बिना फीस के गाने करने पड़े। 'मेरा मजाक उड़ाया गया, दिलबर जैसे कई गाने फ्री में करने पड़े'- यह दौर उनकी पहचान बनने से पहले के संघर्ष को दिखाता है। कनाडा से मुंबई आई नोरा ने वेटर से लेकर ऑडिशन तक हर रास्ता अपनाया, लेकिन हार नहीं मानी। यही संघर्ष आगे चलकर उनकी स्टारडम की सबसे बड़ी ताकत बना। नोरा का जन्म एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ। घर में डांस को लेकर कड़ा विरोध था, लेकिन उनके अंदर बचपन से ही डांस का जुनून था। उन्होंने कभी प्रोफेशनल डांस ट्रेनिंग नहीं ली। वे अलग-अलग डांस स्टाइल्स वीडियो देखकर और लगातार प्रैक्टिस से सीखती रहीं।

## मैरीको के प्रमुख हर्ष मारीवाला ने शेयर किया वीडियो, भारत के लिए बड़ा अवसर

# अब केले के तने से जींस बना रहा चीन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अब चीन केले के तने से जींस बना रहा है। मैरीको के प्रमुख हर्ष मारीवाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें चीन की एक आधुनिक और हाई-टेक (उच्च तकनीकी) फैक्ट्री दिखाई गई है। इसमें दिखाया गया है कि इस फैक्ट्री में किस प्रकार केले के तने से जींस बनकर तैयार हो रही है। इस तरह तैयार की गई जींस पारंपरिक कॉटन (कपास) जींस की तुलना में अधिक मजबूत, हवादार और पर्यावरण के अनुकूल होती है। यह भारत के लिए भी बड़ा अवसर हो सकता है। वीडियो में दिखाया गया है कि चीन की वह फैक्ट्री पूरी तरह ऑटोमैटिक (स्वचालित) है। इसमें कच्चे केले के तनों को मशीनों में डाला जाता है। रोबोटिक और ऑटोमैटिक लाइनें इन तनों को धोती हैं, छीलती हैं और उनसे मजबूत प्राकृतिक फाइबर (रेशा) निकालती हैं। इसके बाद इस फाइबर से सूत काता जाता है, कपड़ा बुना जाता है और उसे क्लासिक इंडिगो ब्लू (पारंपरिक गहरा नीला) रंग में रंगा जाता है। आखिरी चरण में बिना किसी इंसान की मदद से इसे काटकर जींस के रूप में सिलकर पैक कर दिया जाता है। भारत में फिलहाल इस दिशा में छोटे और बिखरे हुए प्रयास चल रहे हैं। केरल और तमिलनाडु की कुछ छोटी कुटीर और हस्तशिल्प इकाइयां केले के फाइबर से साड़ियां और बैग बनाती हैं।

### भारत केले का बड़ा उत्पादक

भारत दुनिया में केले का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जहां सालाना 3 करोड़ टन से अधिक केले का उत्पादन होता है। तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर केले की खेती की जाती है। फल तोड़ने के बाद केले के भारी-भरकम तने खेतों में ही सड़ने के लिए छोड़ दिए जाते हैं। इससे न केवल कचरा बढ़ता है, बल्कि कीड़े-मकोड़े भी पनपते हैं। इस वेस्ट (कचरे) को कपड़े में बदलकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। केले का फाइबर अपनी मजबूती और बायोडिग्रेडेबिलिटी (प्राकृतिक रूप से सड़ने की क्षमता) के लिए जाना जाता है। इसे उगाने में कॉटन के मुकाबले बहुत कम पानी और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है।

## रिपोर्ट
## तमिलनाडु में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं, उप्र में दर्ज की गई सबसे ज्यादा मौतें

# 2024 में सड़क हादसों में 1.77 लाख ने गंवाई जान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में साल 2024 के दौरान हुए सड़क हादसों को लेकर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 1.77 लाख से अधिक हो गई। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में पिछले साल करीब 4.87 लाख दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। ये संख्या 2023 के मुकाबले 1.48 प्रतिशत अधिक है। 'रोड एक्सीडेंट इन इंडिया 2024' की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2024 में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 4,87,707 सड़क हादसे हुए। ये सभी मामले पुलिस विभागों द्वारा दर्ज किए गए हैं। इन हादसों में 1,77,175 लोगों की मौत हुई और 4,71,441 लोग घायल हुए हैं। इसका मतलब है कि देश में हर घंटे औसतन 56 एक्सीडेंट (हादसे) हुए और 20 लोगों ने अपनी जान गंवाई।



### दोपहिया वाहन सवार सबसे ज्यादा शिकार

मंत्रालय की रिपोर्ट में ये बात भी पूरी तरह स्पष्ट की गई है कि सड़क पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों की जिंदगी सबसे ज्यादा खतरे में है। हादसों में जान गंवाने वालों में सबसे बड़ा हिस्सा (46.2 प्रतिशत) बाइक व स्कूटी चलाने वालों का था। दुर्घटनाओं में शामिल गाड़ियों की बात करें तो भी दोपहिया वाहनों की संख्या सबसे ज्यादा रही।

### नेशनल हाईवे 36.6 प्रतिशत मौतें

इस रिपोर्ट से पता चलता है कि देश के अलग-अलग राज्यों में हादसों की स्थिति कितनी गंभीर है। साल 2024 में तमिलनाडु सड़क हादसों के मामले में सबसे ऊपर रहा। यहां साल भर के भीतर सबसे ज्यादा 67,526 सड़क हादसे दर्ज किए गए। वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 24,118 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई। एक्सप्रेसवे को मिलाकर सिर्फ नेशनल हाईवे पर ही साल भर में कुल 1,50,958 हादसे (31.0 प्रतिशत) हुए। राज्य राजमार्गों पर 1,03,538 हादसे दर्ज किए गए। जबकि 2,33,211 दुर्घटनाएं अन्य सड़कों पर हुईं। इसमें से नेशनल हाईवे पर 64,772 (36.6 प्रतिशत) मौतें हुईं, स्टेट हाईवे पर 39,277 (22.2 प्रतिशत) मौतें और अन्य सड़कों पर 73,126 (41.3 प्रतिशत) मौतें दर्ज की गईं। साल के दौरान हुई कुल 1,64,378 जानलेवा दुर्घटनाओं में से 59,043 (35.9 प्रतिशत) नेशनल हाईवे पर, 36,392 (22.1 प्रतिशत) स्टेट हाईवे पर और 68,943 (41.9 प्रतिशत) अन्य सड़कों पर हुई है।

### पेपर लीक को लेकर सीजेपी का प्रदर्शन

**लखनऊ, जेएनएन।** राजधानी लखनऊ के ईको गार्डन में शुक्रवार को कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में युवाओं ने पेपर लीक और परीक्षाओं में हो रही अनियमितता को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए। युवाओं ने प्रदर्शन करते हुए नीट पेपरलीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, प्रदर्शन को देखते हुए ईको गार्डन और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल व आरएएफ की टीमों की तैनाती की गई थी। लखनऊ आगमन पर सीजेपी (कॉकरोच जनता पार्टी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। अभिजीत जब ईको गार्डन में प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे तो भीड़ में फंस गए। कुछ देर तक धरने पर बैठे।

सच्ची सहेली®

67 खास आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक एवं टेबलेट्स

Clinically Tested*

पहले महीने असर देखें

SACHI SAHELI

67 जड़ी-बूटियों से बना, महिलाओं के लिए भरोसेमंद आयुर्वेदिक टॉनिक

Helps in:
• कठिन दर्द
• चिड़चिड़ापन
• थकान
• कमजोरी
• कमर कटना
• इम्यूनिटी

24x7 Helpline: 77106 44444 • www.sachisaheli.in


# अंग्रेजी शराब का अवैध परिवहन करते दो गिरफ्तार

## रामपुर पुलिस ने दर्ज किया धारा 34-2 का अपराध



**जागरण, सतना**

स्कूटी से अंग्रेजी शराब का अवैध परिवहन एवं तस्करी करने वाले दो आरोपियों को रामपुर टीआई संदीप चतुर्वेदी ने गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस कार्यवाही में पुलिस ने 54 लीटर अवैध शराब और स्कूटी जप्त की है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश, एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं डीएसपी मुख्यालय मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में रामपुर बाघेलान पुलिस द्वारा की गई है।

### ये है मामला

12 जून को मुखविर से सूचना मिली कि ग्राम सेल्हना तरफ से दो ब्यक्ति एक स्कूटी में भारी मात्र मे अवैध शराब लेकर रामपुर बाघेलान तरफ लेकर जाने वाले है जो स्कूटी के सामने दो कार्टून व स्कूटी के बीच में सफेद रंग की बोरी मे एक ब्यक्ति पकडकर बैठा है। मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी विवेक शिवहरे पिता छोटे लाल शिवहरे उम्र 20 साल निवासी कर्पवाह एवं रोहित जायसवाल पिता शिव लखन जायसवाल उम्र 33 साल निवासी कर्पवाह थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना की तलासी ली गई 06 कार्टून में अग्रेजी गोवा शराब प्रत्येक कार्टून मे 50- 50 पाव गोवा शराब कुल 300 पाव प्रत्येक पाव 180 एमएल प्रत्येक पाव कीमती 135 रुपये का कुल 54 लीटर शराब कीमती 40500 रुपये का अवैध पाये जाने पर धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से उपरोक्त अबैध शराब एवं स्कूटी जप्त किया गया। आरोपीयों को गिरफ्तार किया जाकर वापसी पर थाना पर अपराध पंजीबद्ध किया आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

विवेक शिवहरे पिता छोटे लाल शिवहरे उम्र 20 साल निवासी कर्पवाह थाना रामपुर बाघेलान एवं, रोहित जायसवाल पिता शिव लखन जायसवाल उम्र 33 साल निवासी कर्पवाह थाना रामपुर बाघेलान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो के कब्जे से 40 हजार 500 रूपये की अवैध शराब और 60 हजार रूपये कीमत स्कूटी जप्त की गई है।

# समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव देने के लिए लोगों को प्रेरित करें

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता की वेबसाइट लांच कर दी गई है। इसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। कलेक्टर्स जनकल्याण शिविरों तथा ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा करके समान नागरिक संहिता के प्रावधानों की जानकारी दें। आमजनता से पोर्टल पर सुझाव प्राप्त करने के लिए भी समुचित व्यवस्था कराएं। सभी अधिकारी और कर्मचारी भी आम नागरिक के रूप में इसके संबंध में सुझाव अवश्य दें। सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से आमजनता को समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव देने के लिए प्रेरित करें। इससे जुड़े कार्यक्रम जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर में आयोजित कराएं। सभी प्रमुख शिक्षण संस्थानों में भी इससे संबंधित कार्यक्रम आयोजित कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। मनरेगा योजना में स्वीकृत जल संरक्षण के सभी कार्य 25 जून तक पूरा कराकर इसे जल गंगा पोर्टल पर अपलोड कराएं।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया चित्रकूट में सोमवती अमावस्या मेला की तैयारियों का निरीक्षण

**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने शनिवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थल चित्रकूट पहुंचकर सोमवती अमावस्या मेले में अत्यधिक संख्या में श्रृद्धालुओ की पंहुचने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ मेले की सुरक्षा और कानून व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान चित्रकूट के घाटों, कामतानाथ मंदिर, परिक्रमा स्थल सहित विभिन्न प्रमुखों चौराहों, आवागमन के मार्गों और स्थानों का भ्रमण किया। इस मौके पर एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर

डॉ. सिद्धार्थ तिवारी

MBBS, MD (Dermatology & STD)

परामर्श शुल्क मात्र 300/-

मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)

चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।

Kamta कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर

डॉ प्रदीप निगम

MD, DrNB (गैस्ट्रो)

उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP

पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

Call Now 8770352872,7566926696

पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ

समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश

डॉ. कोम्पल अग्रवाल

MBBS, MD (Dermatology & STD)

चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध

परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।

विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा

मो.-7247097637

परामर्श शुल्क 300/-

परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

रीवा में पहली बार

यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु

कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब

METRO HOSPITAL मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा

OPD क्लीनिक की सुविधा

यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्शः

पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज। किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।

डॉ. विकास सिंह

एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.

दिनांक 20 जून 2026 शनिवार को

मिलने का समय दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक

यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी

न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा

अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY

PCI APPROVED/9649

APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)

B.Pharma

D.Pharma

REGISTRATION OPEN Session 2026-27

6262084843, 9183484843

Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)

(निः संतान दंपत्तियों के लिए)

कम खर्च बेहतर इलाज

सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा

उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग

डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा

स्त्री एवं प्रसूति रोग

निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ

MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)

फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध

टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830

खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा





# आयुक्त डॉ शेर सिंह मीना के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में सफाई एवं कचरा उठाव कार्य जारी




## नालियों की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था बनाए रखने निगम की कार्रवाई

**जागरण, सतना।** आयुक्त डॉ शेर सिंह मीना के निर्देशानुसार एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डों में नियमित सफाई कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से नालियों की सफाई कचरा उठाव तथा सार्वजनिक स्थलों की साफसफाई कराई जा रही है। वार्ड क्रमांक 9 की शिव कॉलोनी गली क्रमांक.4 में मशीन के माध्यम से नाली की सफाई कर जमा कचरे का उठाव कराया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 44 के साईं मंदिर रोड पर जेसीबी मशीन की सहायता से नाली में जमा कचरे को हटाकर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की गई। वार्ड क्रमांक 37 स्थित तारा देवी मुक्तिधाम नजीराबाद में विशेष सफाई कर परिसर से कचरे का उठाव कराया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 29 में पतेरी स्थित सार्थक हॉस्पिटल पन्ना रोड के समीप जलभराव प्रभावित क्षेत्र की सफाई कर स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ की गई। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 25 में वेंकट क्रमांक.2 के समीप पानी की टंकी के पास नाली की सफाई कराकर निकले कचरे का उठाव कराया गया। सफाई कार्यों के दौरान जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। निगम प्रशासन द्वारा विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से सफाई कार्य कराए जा रहे हैं जिससे स्वच्छता व्यवस्था के साथ.साथ जल निकासी प्रणाली भी बेहतर बनी रहे। आयुक्त ने नागरिकों से भी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालने की अपील की है।

# उपयंत्री, सरपंच व सचिव पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

## ग्रामीणो ने कलेक्टर की जनसुनवाई में की शिकायत, बठियाँ पंचायत का मामला



**जागरण, सतना।** ग्राम पंचायतों में तकनीकी अमले के साथ मिली भगत कर सरपंच सचिव द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत सोहावल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बठिया कला का सामने आया है जहां पर सरपंच सचिव एवं उपयंत्री बीके मिश्रा पर घटिया एवं गुणवत्ता विहीन निर्माण को बढावा देने की शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई में की गई है। अब देखना ये है कि कलेक्टर की जनसुनवाई में मामला पहुचने के बाद जनपद में बैठे अधिकारी क्या कार्यवाही करते है।

**ये है मामला :** ग्रामीणों की ओर से की गई शिकायत के संबंध में जानकारी देते हुये रामबहोरी प्रजापति ने बताया कि बठिया कला पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 में पुलिया से लला पाल के घर से खेर माता रोड तक नाली निर्माण वार्ड क्रमांक 20 में सचिन प्रजापति के घर से मुकेश सेन के घर तक घटिया स्तर का नाली निर्माण कराया गया है। बताया गया है कि नाली का निर्माण डस्ट मिला कर किया गया है। इतना ही नही सीमेंट की मात्रा बेहद कम डाली गई है। यहां पर शासन द्वारा जारी की गई गाईड लाइन का कोई पालन नही किया गया डस्ट से बनाई गई नाली जहां घटिया है वहीं सरिया का उपयोग नही किया गया है। जबकि गिट्टी भी मानक स्तर की नही डाली गई।


प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

पं. रामसुन्दर शुक्ला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पहड़िया जिला रीवा (म.प्र.)

कॉलेज कोडः P494 | पंजीयन - री.स. 2440

(राजीव विकास परिषद रीवा द्वारा संचालित)

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध, बार काउंसिल ऑफ इण्डिया एम.पी. बोर्ड भोपाल

स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश प्रारंभ
सी.एल.सी. प्रथम चरण दिनांक: 08.06.2026 से 19.06.2026 तक

बी.ए.एल.एल.बी.,एल.एल.बी., एल.एल. एम.में प्रवेश प्रारंभ
सी.एल.सी. प्रथम चरण दिनांक: 08.06.2026 से 19.06.2026 तक

| क्र. | कक्षा | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | बी.ए. एल.एल.बी. | पांच वर्षीय पाठ्यक्रम – सभी अनिवार्य विषय (बी.ए. के साथ एल.एल.बी.) |
| 2. | डी.एल.एड. (32208) | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (वर्ग–3 एवं वर्ग–2 के लिए मान्य) |
| 3. | बी.ए. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम (राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, इतिहास, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य) |
| 4. | बी.कॉम (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम, कम्प्यूटर एप्लीकेशन सहित |
| 5. | बी.एस.सी. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम– (भौतिकशास्त्र, जन्तुशास्त्र, गणित, रसायनशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, प्राणिशास्त्र |
| 6. | एल.एल.बी. | तीन वर्षीय पाठ्यक्रम |
| 7. | एल.एल.एम. | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (क्रिमिनल लॉ, बिजनिस लॉ, एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ) |
| 8. | एम.एस.सी. | गणित, रसायनशास्त्र |
| 9. | एम.कॉम. | सभी अनिवार्य विषय |
| 10. | एम.ए. | समाजशास्त्र, अंग्रेजी |
| 11 | एम.एस.डब्ल्यू. | सभी अनिवार्य विषय |

संपर्क करें : मो.:9893558718, 9981265181

Dr.Ortho Acupressure Slippers

डा.ऑर्थो

Dr.Ortho MEN & WOMEN SHOES

A Step towards pain-free life

amazon पर खरीदें

Contact For Dealership: 85588 07777 • dealership@divisa.in



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com